सुविचार

जुनून वह सेतु है, जो आपको दर्द से बदलाव की ओर ले जाता है।

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 6.00
वर्ष 19, अंक 328

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क


| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,264.33 | | +736.38 |
| डॉलर | 94.58 | | -0.60 |

| तापमान (डिग्री सेल्सियस) | अधिकतम | न्यूनतम | आज का अनुमान (अधिकतम) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 26.6 | 38.0 |
| मुंबई | 35.2 | 29.5 | 35.0 |

देश में सबसे गर्म
बांदा (43.4°)

नई दिल्ली, मंगलवार, 16 जून, 2026 | द्वितीय ज्येष्ठ (शुद्ध), शुक्ल पक्ष-द्वितीया, 2083 | 12 राज्य | 61 संस्करण







## पॉजिटिव न्यूज

### 77 की उम्र में रोज 8 हजार लोगों को पानी पिलाते हैं



**नई दिल्ली |** दिल्ली के 77 वर्षीय अलाग नटराजन को लोग 'मटका मैन' के नाम से जानते हैं। वे करीब 40 साल लंदन में रहे। कैंसर से उबरने के बाद 2014 में दिल्ली लौटे तो देखा कि दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक और सड़क किनारे काम करने वाले लोग गर्मी में पीने के पानी के लिए परेशान हैं। पहले उन्होंने घर के बाहर वाटर कूलर लगाया, लेकिन इसकी लागत ज्यादा थी। तब उन्होंने मटके रखने शुरू किए। वे रोज सुबह 3.30 बजे उठकर अपनी खास वैन में पानी भरते हैं और शहर में 100 जगहों पर रखे मटकों को भरते हैं। इससे 7-8 हजार लोगों को मुफ्त पानी मिलता है। वे कई जगहों पर मजदूरों को फल, सलाद और भोजन भी बांटते हैं।

### अधूरी जानकारी से किए इंस्टेंट, प्री अप्रूव्ड लोन सौदे होंगे रद्द

**मुंबई |** बैंक, एनबीएफसी और फिनटेक अब बिना प्रोसेसिंग फीस के 5 लाख रुपए के प्री अप्रूव्ड लोन के कॉल-मैसेज नहीं भेज सकेंगी। उन्हें कॉल पर ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस, भुगतान में देरी पर लगने वाली पेनाल्टी और अन्य शुल्क ऑफर के साथ अनिवार्य बताने होंगे। अगर गलत जानकारी देकर लोन ऑफर करना साबित हुआ तो वित्तीय संस्थाओं को ग्राहक को पूरी लोन की राशि लौटानी होगी। साथ ही, यह बिक्री रद्द कर दी जाएगी।

अमेरिका Vs ईरान जंग

## डील सील... ट्रम्प ने डिजिटल साइन किए, 19 जून को जिनेवा में औपचारिक कार्यक्रम

# ईरान को 28 लाख करोड़ देकर जंग से छूटेंगे ट्रम्प



**ट्रम्प का दावा...** होर्मुज खुलेगा, ईरान से अमेरिकी नाकाबंदी खत्म होगी



**ईरान का जवाब...** अमेरिका की नीयत परखेंगे, फिर होर्मुज खोलने का फैसला



**इजराइली तेवरः** ये ट्रम्प की डील, हम न इसमें पार्टनर, न ही पार्टी हैं

The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

### अमेरिका और खाड़ी देश मिलकर नुकसान भरेंगे

**वॉशिंगटन |** अमेरिका-ईरान युद्ध 107 दिन के बाद आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उप राष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद कालिबाफ ने डील के एमओयू पर डिजिटल साइन किए। जिनेवा में 19 जून को औपचारिक कार्यक्रम होगा। ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट बिना टोल वसूली के खोलेगा, अमेरिका भी ईरानी बंदरगाहों से नाकाबंदी हटाएगा। ट्रम्प ने कहा, अब दुनिया भर के जहाज अपने इंजनों को शुरू कर दें, तेल का व्यापार फिर से बिना बाधा के शुरू होगा।

ईरानी सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई के सलाहकार और उपविदेश मंत्री काजीम घारीबाबदी ने डील की पुष्टि कर कहा, अमेरिका की नीयत को परखेंगे, फिर होर्मुज पर फैसला करेंगे। उधर, डील पर इजराइली पीएम नेतन्याहू के मंत्री बेन ग्विर ने कहा, डील से हम बाध्य नहीं हैं। इजराइल न तो डील में पार्टनर है और न ही पार्टी है। इजराइल ने सोमवार को भी लेबनान में बम गिराए।

**यूएस को महंगा पड़ाः** 28 फरवरी से अब तक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका करीब 10 लाख करोड़ रु. से ज्यादा खर्च कर चुका है।




### डील के 14 पॉइंट... ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों से मुक्त होगा, दुनियाभर में तेल बेच सकेगा, 1.25 लाख करोड़ डीफ्रीज होंगे

1. ईरान, लेबनान व अन्य मोर्चों पर युद्ध बंद।
2. अमेरिका की ओर से ईरान की संप्रभुता और आंतरिक मामलों में दखल नहीं देगा।
3. 30 दिन में अमेरिकी नाकाबंदी खत्म।
4. ईरानी क्षेत्र से अमेरिकी सेनाएं हटेंगी।
5. 30 दिन में होर्मुज को खोला जाएगा।
6. ईरानी तेल, पेट्रो केमिकल और अन्य निर्यातों से अमेरिकी प्रतिबंध हटाए जाएंगे।
7. ईरान का निर्यात पर पूर्ण अधिकार।
8. अमेरिका और उसके सहयोगी खाड़ी देश ईरान के पुनर्निर्माण पैकेज के लिए साढ़े 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज देंगे।
9. परमाणु मुद्दे और ईरान पर से पूर्ण प्रतिबंध हटाने के लिए 60 दिन की वार्ता अवधि (नेगोशिएशन पीरियड) होगी।
10. एनएनपीटी के तहत ईरान परमाणु बम नहीं बनाने का लिखित आश्वासन देगा।
11. वार्ता अवधि में अमेरिका सैन्य जमाव नहीं करेगा और न ही नए प्रतिबंध लगाएगा।
12. वार्ता की शुरुआत में ही अमेरिका ईरान की करीब 1.25 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति को डीफ्रीज करेगा।
13. वार्ता की शर्तें लागू करने के लिए एक क्रियान्वयन समिति का गठन भी होगा।
14. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद फाइनल एग्रीमेंट की औपचारिक घोषणा करेगा।

**वो सब कुछ, जो आपके लिए जानना जरूरी है**

### पेंचः इजराइल, परमाणु मुद्दा, होर्मुज और मुआवजा अहम

- इजराइल ईरान की बढ़ती ताकत को कुचलना चाहता है। लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला और यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले कर डील में बाधा पैदा करेगा।
- ईरान ने परमाणु मुद्दे पर फिलहाल अपने 460 किलो परिष्कृत यूरेनियम को सौंपने का ऐलान नहीं किया है।
- ईरान ओमान को साथ लेकर होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से सर्विस टैक्स लेने पर अड़ा हुआ है। जबकि अमेरिका यहां पर टैक्स वसूली के विरुद्ध है।
- अमेरिका और खाड़ी के देश ईरान के पुनर्निर्माण के लिए 28 लाख करोड़ के पैकेज पर आसानी से राजी नहीं होंगे। सऊदी अरब और यूएई विरोध करेंगे।

### असरः भारत की 55% तेल, 90% LPG सप्लाई आसान

- भारत की 55% तेल और 90% एलपीजी की सप्लाई होर्मुज से होती है। अब ये आसान होगी। डील के ऐलान के बाद होर्मुज से गुजरने वाला पहला गैस टैंकर 'दिशा' रहा। कतर से टैंकर भारत पहुंचेगा।
- खाड़ी देशों में 90 लाख भारतीय रहते हैं। भारत को आने वाले रेमिटेंस में से 55 अरब डॉलर खाड़ी देशों से ही आता है। ये कुल रेमिटेंस का लगभग 40% है।
- भारत का खाड़ी देशों को कृषि और खाद्य निर्यात 11.8 अरब डॉलर का है। इनमें से यूएई और सऊदी अरब को सर्वाधिक निर्यात होता है। बासमती, केले और अन्य फल कृषि अर्थव्यवस्था को संबल देंगे।

**पीएम मोदी ने डील का स्वागत किया...** पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका-ईरान में जंग खत्म करने पर बनी सहमति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, जंग से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई। भारत को उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल होगी। समुद्री मार्गों से जहाजों की आवाजाही सामान्य होगी। उम्मीद है बातचीत आगे बढ़ेगी और एक स्थायी समझौते तक पहुंचा जा सकेगा।

शांति डील का बाजार, तेल और रुपए पर असर...

### बाजार पहले झूमा, फिर सिर्फ 736 अंकों की बढ़त पर बंद

**मुंबई |** डील की खबर के बाद भारतीय शेयर बाजारों में शुरुआत में अच्छा उछाल रहा। बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 1293 अंक तक उछला, लेकिन फिर 736 अंक की ही बढ़त के साथ 76,264 के स्तर पर बंद हो गया। निफ्टी भी 231 अंक ही चढ़ा।

**एशिया-यूरोप में रौनकः** साउथ कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 करीब 5-5% चढ़े। शंघाई और हांगकांग भी बढ़त के साथ बंद हुए।

**सोना-चांदीः** 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 2500 तो चांदी 5 हजार रु. महंगी हुई।

**कच्चा तेल 5% सस्ताः** डील की घोषणा के बाद क्रूड 5% सस्ता। भाव 83 डॉलर/बैरल हुआ। अमेरिकी क्रूड 80 डॉलर हुआ। 19 जून को डील पर साइन होते हैं तो कच्चा तेल 75 से 78 डॉलर पर आ जाएगा।

**रुपया भी मजबूत हुआः** क्रूड सस्ता होते ही रुपया डॉलर के मुकाबले 60 पैसे मजबूत होकर 94.58 के स्तर पर पहुंच गया, जो बीते एक महीने का सबसे मजबूत स्तर है। शुक्रवार को भी 67 पैसे मजबूत हुआ था।

**अब आगे क्या ▪ भारत के लिए फायदा, क्योंकि** वह जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है। क्रूड सस्ता होने से आयात बिल घटेगा, चालू खाता घाटा सुधरेगा और महंगाई काबू करने में मदद मिलेगी। महंगाई कम होने से ब्याज दरों में कटौती का रास्ता खुलेगा, जिससे लोन सस्ते होंगे।

**भास्कर एक्सपर्ट**



अंबरीश बालिगा, स्वतंत्र बाजार विश्लेषक

### ट्रम्प अगले चार दिन क्या करेंगे, कोई नहीं जानता

शांति डील की घोषणा के बावजूद बाजार में जबरदस्त उछाल न होने की मोटे तौर पर तीन वजहें हैं। **पहली-** समझौता चार दिन बाद शुक्रवार को होगा। तब तक ट्रम्प क्या करेंगे, कोई नहीं जानता। **दूसरी-** इजराइल नाखुश है। अमेरिका से बगावत कर रहा है। यह स्थिति के लिए रिस्की है। **तीसरी-** कमजोर मानसून। यदि अच्छी बारिश नहीं हुई तो भारत में खपत आधारित अर्थव्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। इससे सभी सेक्टर प्रभावित होना तय हैं।

**संदिग्ध मौत** • आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट एक रील थी

## 'कुमकुम भाग्य' अभिनेत्री ने जान दी, सुसाइड नोट नहीं मिला, कमरा बंद था

भास्कर न्यूज | मुंबई

'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' जैसे लोकप्रिय टीवी शोज में काम कर चुकीं 22 वर्षीय अभिनेत्री संचिता उगाले मुंबई के नालासोपारा स्थित आवास पर मृत पाई गईं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 14 जून को शाम 7 से 7:30 के बीच की है, जब संचिता का शव उनके बेडरूम में पंखे से साड़ी के फंदे पर लटका मिला। कमरा अंदर से बंद था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस बीच, संचिता की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट एक रील थी, जिसमें वह एक गाने पर डांस करती नजर आ रही थीं। संचिता ने 'छावा' फिल्म में भी भूमिका निभाई थी।

### 11 की उम्र में तारक मेहता का सेट देखने गई तभी से एक्ट्रेस बनने का सपना देखा था



संचिता तब सिर्फ 11 साल की थीं, जब उनके पिता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सेट पर ले गए। मच्छिंद्र टीवी सेटों पर पानी सप्लाई करते थे। वहां कैमरे, कलाकारों की तैयारी और शूटिंग को करीब से देखकर एक्ट्रेस बनने का सपना देखा।

**शुरुआत** • नोएडा एयरपोर्ट से यात्री उड़ानें शुरू, इंडिगो के विमान की पहली लैंडिंग

## जेवर से लखनऊ के लिए पहली उड़ान, जमीन देने वाले 172 ग्रामीण पहले यात्रियों में शामिल

भास्कर न्यूज | नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को पहली बार यात्री विमान की लैंडिंग हुई। लखनऊ से आई इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2278 सुबह 7.58 बजे नोएडा एयरपोर्ट पर उतरी। इसी विमान ने करीब 8.10 बजे यहां से पहली उड़ान भरी। जेवर क्षेत्र के 172 ग्रामीण भी यात्रियों में शामिल थे। एयरपोर्ट के लिए इनकी जमीन अधिग्रहित की गई थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा, 'हम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एरोट्रोपोलिस के रूप में बढ़ते देखना चाहते हैं। इसका अर्थ है कि इलाके के आसपास इंडस्ट्री आएं और आर्थिक आधार मजबूत बने।'





विमान में सवार महिलाएं। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया।

**दिल्ली-एनसीआर भी अब दो एयरपोर्ट वाला वैश्विक हब** जेवर एयरपोर्ट शुरू होने के साथ ही दिल्ली-एनसीआर लंदन, न्यूयॉर्क, टोक्यो, पेरिस, बीजिंग और शंघाई जैसे चुनिंदा वैश्विक महानगरीय क्षेत्रों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जहां हवाई यातायात संभालने के लिए एक से अधिक बड़े वाणिज्यिक एयरपोर्ट संचालित हैं। इंडिगो के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर आलोक सिंह ने कहा कि इस एयरपोर्ट की शुरुआत भारत की एविएशन कहानी का नया अध्याय है।

**आव्रजन जांच** • सामान्य पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे थे

## बांग्लादेश के पीएम के सलाहकार को IGI पर ढाई घंटे रोका, लौटे

**भास्कर न्यूज . नई दिल्ली |** बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार जाहेद उर रहमान को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। वे हिंद महासागर रिम एसोसिएशन की बैठक में शामिल होने भारत आए थे। आव्रजन जांच के दौरान उनका नाम सुरक्षा निगरानी सूची में आया। इस कारण उन्हें ढाई घंटे इंतजार करना पड़ा। वे राजनयिक पासपोर्ट के बजाय सामान्य हरे पासपोर्ट पर यात्रा कर रहे थे। उच्च अफसरों के दखल के बाद उन्हें भारत में प्रवेश की मंजूरी मिल गई। इसके बावजूद उन्होंने दिल्ली में रुकने के बजाय कोलंबो होते हुए ढाका लौटने का फैसला किया।

**बांग्लादेश ने विरोध किया...**

- बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को भारत के उप-उच्चायुक्त पवन बाधे को तलब किया, ताकि इस घटना के संबंध में औपचारिक विरोध दर्ज करा सकें।
- बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इस घटना को 'अप्रत्याशित और खेदजनक' बताया।
- ढाका ने पहले से दी सूचना के बावजूद जांच को 'रहस्यमय' बताया, भारतीय सूत्रों ने कहा, राजनयिक चैनलों और आव्रजन एजेंसियों में तालमेल से चूक हुई।

**भास्कर खास** फैशन एक्सपर्ट ने कहा- ड्रेस बेशकीमती हो तो बिना संवरे बाल सहजता से कह देते हैं कहानी

## बाल बिखरे रखने का ट्रेंड... प्राडा के रैम्प से मैट गाला तक यही लुक पसंद; सोशल मीडिया के नकली परफेक्शन को चुनौती... भरपूर आत्मविश्वास

The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क |** क्या आप बालों को परफेक्ट लुक देने के लिए घंटों आईने के सामने बिताते हैं? अगर हां, तो अब राहत की सांस लीजिए। फैशन की दुनिया का नया और सबसे हॉट ट्रेंड आपसे सिर्फ एक ही चीज की मांग कर रहा है...'कम से कम मेहनत'। बिल्कुल, अगर इस सीजन में खुद को 'ट्रेंड' में रखना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने बालों में कंघी करना बंद कर दीजिए।

प्राडा, सिमोन रोचा और कोच जैसे बड़े फैशन हाउस ने हाल ही में अपने मॉडल्स को बिखरे व उलझे बालों के साथ रैंप पर उतारा। इस अनोखे अंदाज ने फैशन एक्सपर्ट को चौंका दिया और चर्चा छेड़ दी। प्राडा के शो की बेजान पोनीटेल का वीडियो टिकटॉक पर वायरल हुआ, जहां यूजर्स ने मजाकिया टिप्पणी की- 'चलो, आखिरकार कोई ऐसा फैशन आया जिसे आम इंसान भी आसानी से अपना सकता है।' यह ट्रेंड सादगी को नया स्टाइल बना रहा है। सोशल मीडिया पर इस लुक को मजाक में 'डिप्रेशन हेयर' कहा जा रहा है, पर यह ट्रेंड अचानक नहीं आया। इसकी नींव पहले से रखी जा रही थी। 2024 में पॉप स्टार चार्ली एक्ससीएक्स के 'ब्रैट समर' लुक में जंगली, उलझे बाल अहम थे। इसके बाद 'मेट गाला' में रैचेल जेगलर और ग्वेंडोलिन क्रिस्टी जैसी अभिनेत्रियां बिना कंघी किए बालों के साथ रेड कार्पेट पर दिखीं। अब लगता है कि फैशन इंडस्ट्री ने इस 'नो-ब्रश' स्टाइल को पूरी तरह अपना लिया है। 'कोलीना स्ट्राडा' के फॉल 2026 कलेक्शन में हिलेरी टेमूर और मुस्तफा यानाज ने मॉडल्स को अनोखे हेयरस्टाइल दिए। हिलेरी मानती हैं कि जब कपड़े बहुत तड़क-भड़क वाले हों, तो बिना संवरे बाल पूरे लुक को संतुलित और शांत बना देते हैं।

हवा से बिखरी हुई पोनीटेल स्टाइल करने वाले पालाऊ कहते हैं,'अगर आपने लाखों रुपए का कश्मीरी स्वेटर पहना है, आप चाहते हैं कि लोगों को यह पता चले, पर सहजता से...। बिखरे हुए बाल यही काम करते हैं। वह फैशन आइकन कैरोलिन बेसेट कैनेडी का उदाहरण देते हैं कि वह उलझे बालों के लिए मशहूर थीं। वह जानबूझकर कंघी नहीं करती थीं। उनके बिखरे लुक से आत्मविश्वास झलकता था, जिसने फैशन जगत में उन्हें खास पहचान दिलाई।

### बिखरे हैं तो बेहतरीन हैं... 90 के दशक के ट्रेंड की वापसी



चर्चित हेयरस्टाइलिस्ट गुइडो पालाऊ कहते हैं, दिखावे की इस दुनिया में जरूरत से ज्यादा कोशिश करना हमेशा से ही 'अनकूल' माना जाता रहा है। 90 के दशक का मशहूर 'ग्रंज एरा' भी इसी विचारधारा पर टिका था, जहां बिना धुले बाल और फटे हुए कपड़े, चमचमाती हुई परफेक्ट फैशन दुनिया के खिलाफ एक बगावत थे। आज का यह 'जस्ट-रोल्ड-आउट-ऑफ-बेड' (अभी-अभी सोकर उठे) वाला लुक भी सोशल मीडिया के भारी-भरकम फिल्टर्स, ब्लो-ड्रायर्स और खुद को हर वक्त परफेक्ट दिखाने की सनक (लुक्समैक्सिंग) के खिलाफ बड़ा बदलाव है।

## नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने का झांसा, उम्मीदवारों के पासवर्ड हैक किए; 3 अरेस्ट

भास्कर न्यूज | अहमदाबाद/नई दिल्ली

नीट री-एग्जाम का पेपर दिलाने और नीट उम्मीदवारों के अकाउंट हैक कर फीस रिफंड हड़पने के 2 अलग-अलग मामलों में अहमदाबाद पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, राजस्थान के कोटा से सुमेर सिंह मीणा और आकाश मीणा को पकड़ा गया। दोनों ने टेलीग्राम पर 'प्राइवेट माफिया' नाम से 8 चैनल बनाए थे। इन चैनलों पर दावा किया गया कि वे 21 जून को होने वाले नीट री-एग्जाम का प्रश्नपत्र उपलब्ध करा सकते हैं। पुलिस को इनके बैंक खातों में करीब 1.5 करोड़ रु. के लेन-देन मिले हैं।

### 150 नीट अकाउंट हैक, फीस रिफंड के खाते बदले

बिहार के गया निवासी नवीन यादव को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि उसने कमजोर पासवर्ड का फायदा उठाकर 350 नीट उम्मीदवारों के अकाउंट निशाना बनाए और इनमें से 150 अकाउंट में घुसने में सफल रहा। इसके बाद उसने उम्मीदवारों की बैंक डिटेल्स बदलकर अपनी बैंक जानकारी डाल दी, ताकि परीक्षा फीस का रिफंड उसके खाते में आए। अहमदाबाद के एक व्यक्ति ने अपनी बेटी का नीट पासवर्ड चोरी होने की शिकायत साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई थी। 3 मई को हुई मूल नीट यूजी परीक्षा के लिए फीस रिफंड प्रक्रिया शुरू की गई थी।

नीट रिफंड को लेकर एनटीए ने जारी किया फ्रॉड अलर्ट एनटीए ने नीट यूजी 2026 अभ्यर्थियों को रिफंड प्रक्रिया को लेकर साइबर फ्रॉड से सावधान रहने को कहा है। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों को बैंक अकाउंट डिटेल्स री-कन्फर्म या करेक्ट करने के लिए आधिकारिक पोर्टल पर ही जाना होगा। यह सुविधा ओटीपी आधारित टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के बाद मिलेगी। एनटीए ने अभ्यर्थियों से अपना लॉगिन क्रेडेंशियल, ओटीपी और निजी जानकारी किसी से साझा न करने को कहा है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले बैंक अकाउंट डिटेल्स अपडेट करने की सलाह दी गई है।

**तापमान / मौसम**

दिन 40.0° अधिकतम | रात 28.0° न्यूनतम

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दोपहर/शाम के समय गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

**शहर में आज**

- थियेटरः रघु कुल तिलक, राम के रास्ते का सफर
  कहांः स्टीन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7.00 बजे से
- संगीतः भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक शाम
  कहांः द थिएटर, इंडिया हैबिटेट सेंटर, शाम 7.00 बजे से

## विकासपुरी में एलजी तरणजीत सिंह संधू ने शुरू किया नया आधार सेवा केंद्र

**नई दिल्ली** | एलजी तरणजीत सिंह संधू ने सोमवार को वेस्ट दिल्ली के विकासपुरी में एक नए आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान दिल्ली के मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह और सांसद कमलजीत सहरावत भी मौजूद रहे। एलजी संधू ने कहा कि आधार आज भारत के डिजिटल ढांचे का मुख्य हिस्सा बन गया है। इससे लोगों को सरकारी योजनाओं का पैसा सीधा उनके बैंक खातों (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) में आसानी से मिल जाता है। मंत्री सिंह ने कहा कि इस नए केंद्र के खुलने से वेस्ट दिल्ली के सभी नागरिकों को आधार से जुड़ी सेवाओं का बहुत बड़ा फायदा मिलेगा।

## आइसा के सड़क अभियान को 5वें दिन मिला भारी जनसमर्थन

**नई दिल्ली** | ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के सड़क अभियान को 5वें दिन लाडो सराय और कटवारिया सराय में भारी जनसमर्थन मिला। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और एनटीए के खिलाफ अपनी नाराजगी जताई। आइसा ने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी करने पर कुछ लोगों ने कार्यकर्ताओं को डराने और कार्यक्रम रुकवाने का प्रयास किया। हालांकि, स्थानीय जनता के सहयोग से यह अभियान बिना रुके जारी रहा।

**एमसीडी** • आयुर्वेद विभाग में सामने आया दवा खरीद घोटाले का एक और मामला

# नियमों को ताक पर रखकर जेम पोर्टल से महंगे दामों में खरीदीं 27 करोड़ की दवाएं

शेखर घोष | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुर्वेद विभाग में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपए के दवा खरीद घोटाले का एक बड़ा मामला सामने आया है। आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच करीब 27 करोड़ रुपए की आयुर्वेदिक दवाइयां खरीदीं। इस खरीद के लिए सरकारी जेम पोर्टल का सहारा लेकर बाजार से कई गुना अधिक कीमतों पर टेंडर जारी किए गए। विचौलियों की मिलीभगत से हुए इस खेल के कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि भ्रष्टाचार की यह रकम सीधे तौर पर अधिकारियों की जेबों में जाने की आशंका जताई जा रही है।

मार्च 2023 तक विभाग के पास ओपन टेंडर से तैयार की गई एक रेट कॉन्ट्रैक्ट एंड एजेंसी (आरसीए) लिस्ट मौजूद थी, जिसमें दवाओं के दाम बेहद कम थे। साल 2022 में एमसीडी के एकीकरण से पहले नॉर्थ और साउथ एमसीडी की अपनी अलग लिस्ट थीं, जिन्हें दिल्ली सरकार की दरों और जेम पोर्टल की कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन करके अंतिम रूप दिया गया था।

एकीकरण के बाद, आयुर्वेदिक दवाओं की खरीद से संबंधित आइटम संख्या 156 के विषय में एमसीडी के संकल्प/निर्णय संख्या 146 (दिनांक 27 अक्टूबर 2022) के तहत यह निर्णय लिया गया था कि पुरानी आरसीए लिस्ट से दवाएं केवल 31 मार्च 2023 तक ही खरीदी जा सकेंगी। इसके बाद भविष्य के लिए एक नई तर्कसंगत सूची बनाई जानी थी, जिसमें सबसे कम दरों को शामिल किया जाना अनिवार्य था। इसके बावजूद, आयुर्वेद विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने एमसीडी के इस निर्णय को पूरी तरह से धता बता दिया। उन्होंने बिना कोई नई लिस्ट तैयार किए, सीधे जेम पोर्टल से ऊंचे दामों पर दवाएं खरीदीं। विभाग ने साल 2023-24 में 6 करोड़, 2024-25 में 8 करोड़ और वर्ष 2025-26 में 13 करोड़ की दवाएं खरीदीं, जिससे भारी नुकसान हुआ।

### बड़े अफसरों पर मिलीभगत के आरोप पर एमसीडी चुप

इस पूरे मामले में उच्चाधिकारियों की मिलीभगत साफ दिखाई देती है। इस घोटाले में एडिशनल डायरेक्टर डॉ. ललित मोहन साह, तत्कालीन डीडीओ डॉ. सुजाता और ओआईपीएस डॉ. सत्यनारायण दौरनाला की संलिप्तता के आरोप हैं, लेकिन उनके खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उच्चाधिकारियों के साथ कथित मिलीभगत के कारण भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संवेदनशील मामले में एमसीडी के मुख्य प्रवक्ता से आधिकारिक पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया या स्पष्टीकरण नहीं मिला।

#### सिर्फ सदन बदल सकता है निर्णय, कोई अधिकारी नहीं

प्रावधान के अनुसार, एमसीडी के निर्णय को सिर्फ सदन ही बदल सकता है और कोई अधिकारी उसको बदल नहीं सकता। हैरानी की बात यह है कि इस मामले में सदन के निर्णय के उलट उच्चाधिकारी नई आरसीए लिस्ट बनाने के बजाय लगातार जेम पोर्टल से खरीदारी की अनुमति देते रहे। इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि साढ़े 3 साल बीत जाने के बावजूद विभाग ने आज तक भी नई आरसीए नहीं बनाई है। यह एक बड़ा आर्थिक घोटाला तो है ही, सदन की अवमानना का मामला भी है जिसके लिए इस घोटाले के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

#### नियम ताक पर रख 4.45 करोड़ रुपए की खरीद की तैयारी

एमसीडी के दवाइयों के खरीद के प्रावधान को धता बताकर आयुर्वेद विभाग के जिम्मेदार एडिशनल डायरेक्टर डॉ. ललित मोहन साह, तत्कालीन डीडीओ डॉ. सुजाता और ओआईपीएस डॉ. सत्यनारायण दौरनाला ने किसी भी तरह की कार्रवाई न होने से बेखौफ होकर 4,45,75,470/- रुपए की खरीद फिर जेम पोर्टल के जरिए करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, परचेज बोर्ड ने 5 जून को एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड के फेवर में जेम पोर्टल पर उपलब्ध सबसे कम कीमत पर दवाओं की खरीद की सिफारिश उच्चाधिकारियों को भेज दी है, जिस पर एमसीडी को करोड़ों रुपए का चूना लग सकता है।

## सेवारत शिक्षकों ने सीटीईटी अनिवार्यता का किया विरोध

**नई दिल्ली** | दिल्ली के सरकारी स्कूलों के करीब 60 हजार शिक्षकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन (जीएसटीए) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर सेवारत शिक्षकों पर सीटीईटी की अनिवार्यता थोपे जाने का कड़ा विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि यह नियम उन शिक्षकों के साथ सरासर अन्याय है, जो वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ पढ़ा रहे हैं। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने कहा, ये शिक्षक उस समय के वैध नियमों के तहत नियुक्त हुए थे। संगठन का तर्क है कि जब अन्य सरकारी सेवाओं में नियुक्ति के बाद कर्मचारियों को अपनी पात्रता बार-बार साबित नहीं करनी पड़ती, तो शिक्षकों के साथ यह दोहरा मापदंड क्यों अपनाया जा रहा है? संगठन ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात का समय भी मांगा है।

## अमाइलॉइडोसिस के प्रभाव व नए इलाज पर चर्चा कल

**नई दिल्ली** | एम्स में बुधवार को अमाइलॉइडोसिस बीमारी पर विशेष सार्वजनिक जागरूकता सत्र और विशेषज्ञ पैनल चर्चा का आयोजन होगा। हेमेटोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों व डॉक्टरों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना है। अमाइलॉइडोसिस को 'साइलेंट किलर' माना जाता है। यह बीमारी शरीर के मुख्य अंगों जैसे हृदय, गुर्दे और तंत्रिका तंत्र को धीरे-धीरे गंभीर नुकसान पहुंचाती है। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स निदेशक डॉ. निखिल टंडन करेंगे। इसके बाद, हेमेटोलॉजी विभाग की डॉ. तुलिका सेठ की देखरेख में विशेषज्ञों का एक पैनल बीमारी के प्रभाव और नए इलाज के तरीकों पर चर्चा करेगा। डॉ. संदीप सेठ ने कहा कि इस जटिल बीमारी का समय पर पता चलना ही मरीज की जान बचा सकता है।

**रोडमैप** • बाढ़ की तैयारी व गाद सफाई तेज करने के आदेश

# एलजी का 32 ऐतिहासिक घाटों को विकसित करने पर फोकस



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली को बाढ़ से सुरक्षित और हरा-भरा बनाने के लिए उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के काम की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यमुना से जुड़े सभी प्रोजेक्ट तय समय पर पूरे किए जाएं।

बैठक में बताया गया कि यमुना के किनारे करीब 1,700 हेक्टेयर क्षेत्र को सुधारा गया है। टीम ने 1,425 एकड़ जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। नदी के पास से 88,574 मीट्रिक टन निर्माण का मलबा और 4,998 मीट्रिक टन कचरा साफ किया गया है। पर्यावरण को बचाने के लिए यहां 7 लाख से ज्यादा देसी पेड़ लगाए गए हैं। साथ ही नदी के किनारे 1 करोड़ से अधिक खास घास और पौधे लगाए गए हैं।

इस मुहिम से असिता, बांसेरा और अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क जैसी खूबसूरत जगहें बनकर तैयार हुई हैं। बाढ़ से बचाव और पानी बचाने के लिए नदी क्षेत्र में 35 नए वेटलैंड (जल निकाय) बनाए गए हैं। इनमें 1,420 मिलियन लीटर पानी जमा करने की क्षमता है। इससे जमीन के नीचे का पानी रिचार्ज होगा और बाढ़ का खतरा भी कम होगा। इसके अलावा, यमुना बाजार इलाके के 32 ऐतिहासिक घाटों को फिर से सुंदर बनाया जाएगा। अगले 6 महीनों में इसका काम चरणबद्ध तरीके से शुरू होगा। एलजी संधू ने मानसून से पहले बाढ़ की तैयारी और गाद सफाई के काम को भी तेज करने का आदेश दिया है।

### पहले के खराब पड़े इलाकों को सुंदर पब्लिक लैंडस्केप में बदल दिया

एलजी संधू ने यमुना रिवरफ्रंट विकास योजना की प्रगति का रिव्यू किया। इसके तहत नदी किनारों पर बने असिता, बांसेरा, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, यमुना वनस्थली, कालिंदी अविरल और यमुना वाटिका जैसे खास इकोलॉजिकल डेस्टिनेशन की समीक्षा की गई। इन प्रोजेक्ट्स ने पहले के खराब पड़े इलाकों को सुंदर पब्लिक लैंडस्केप में बदल दिया है। दिल्ली की ऐतिहासिक पहचान को वापस लाने के लिए एलजी ने यमुना बाजार समेत 32 ऐतिहासिक घाटों को बड़े सांस्कृतिक, विरासत और पब्लिक डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने पर जोर दिया है। डीडीए इस काम को इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (आईएनटीएसीएच) की स्टडी के आधार पर आगे बढ़ा रहा है, जिससे विरासत को बचाने, लैंडस्केपिंग और पैदल यात्रियों के लिए सुविधाएं मिलेंगी।

### रेस्टोरेशन और रीडेवलपमेंट का काम अगले 6 माह में शुरू करने के निर्देश

एकीकृत रिवरफ्रंट स्ट्रैटेजी की समीक्षा करते हुए एलजी संधू ने आध्यात्मिक पर्यटन, विरासत संरक्षण, ग्रीन स्पेस और बाढ़ से बचाव की क्षमता पर ध्यान दिया। इस पहल का मकसद लोगों को नदी से जोड़ना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। उन्होंने इसे बड़ा शहरी बदलाव प्रोग्राम मानते हुए मापने लायक नतीजे देने को कहा। उन्होंने कहा कि इस पहल से लोगों को नदी से फिर से जोड़ते हुए रोजी-रोटी के मौके पैदा होने चाहिए। यमुना बाजार प्रोजेक्ट पर कई एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। एलजी ने सभी अधिकारियों को मंजूरियां जल्द दिलाने और अगले 6 महीनों के भीतर रेस्टोरेशन और रीडेवलपमेंट का काम धीरे-धीरे शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एजेंसियों के बीच मजबूत तालमेल और समयसीमा का सख्ती से पालन करने को भी कहा है।

**मानसून से पहले**


## एमसीडीः नरेला जोन में शुरू सफाई का महा-अभियान

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

मानसून की दस्तक से पहले एमसीडी ने नरेला जोन में स्वच्छता का महा-अभियान शुरू कर दिया है। इसका मुख्य उद्देश्य बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटना है। इसके लिए नालियों की गाद निकालने और मलबे की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी है।

शहर के मुख्य गंदगी केंद्रों (फैटीग पॉइंट्स) को चिह्नित कर पूरी तरह साफ कर दिया गया है। डीसी राघवेंद्र मीना ने खुद मैदान में उतरकर वार्ड-3 (होलंबी कलां) और वार्ड-4 (अलीपुर) में सड़कों और फुटपाथों की डीप-क्लीनिंग का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मानसून में जलभराव रोकना और जनता को सुरक्षित माहौल देना है। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को रोकने के लिए एंटी-लार्वा गतिविधियों और आईआरएस स्प्रे के काम को तेज कर दिया है। निगम ने जनता से भी दिल्ली को स्वच्छ और मच्छर-मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की है।

**सुबह आंधी-हल्की बारिश व दिन में तेज धूप, शाम को फिर आंधी व रात में बूंदाबांदी**



# दिल्ली-एनसीआरः दिनभर मिजाज बदलता रहा मौसम

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में सोमवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। सुबह की शुरुआत तेज आंधी और हल्की बारिश के साथ हुई। इसके बाद दिन में तेज धूप निकलने से गर्मी बढ़ गई। शाम होते ही मौसम ने फिर करवट बदली। करीब 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली धूल भरी आंधी ने लोगों को चिलचिलाती गर्मी से बड़ी राहत दी। इससे शाम का मौसम बेहद खुशनुमा हो गया। देर रात भी आसमान में काले घने बादल छाए रहे और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी दर्ज की गई। सफदरजंग मौसम केंद्र के मुताबिक, सोमवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए दिल्ली-एनसीआर में 'येलो अलर्ट' जारी किया है। अनुमान के मुताबिक, मंगलवार को दिनभर मौसम साफ और बेहद गर्म रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच सकता है।

हालांकि, दोपहर या शाम के समय कुछ जगहों पर गरज के साथ हल्की बारिश या छींटे पड़ने के आसार हैं। इस दौरान 5 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हल्की हवाएं चल सकती हैं। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में सोमवार सुबह 7 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 115 अंक दर्ज किया गया।

**दिल्ली मेगा पौधारोपण अभियान 2026**

# एक पेड़ मां के नामः पूरी दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



दिल्ली सरकार जल्द ही 'एक पेड़ मां के नाम - दिल्ली मेगा पौधारोपण अभियान 2026' की शुरुआत करने जा रही है। इस विशाल अभियान के तहत पूरी दिल्ली में 70 लाख पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर इसकी तैयारियों का जायजा लिया।

बैठक में अभियान की रूपरेखा, जन-भागीदारी, डिजिटल प्लेटफॉर्म आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का पहला चरण 22 जून को डिजिटल रूप में शुरू होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा 'ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल' और अभियान का आधिकारिक वीडियो लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे शहर में सोशल मीडिया के जरिए जागरूकता फैलाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित इस कार्यक्रम को एक बड़ा जन-आंदोलन बनाया जाएगा। अभियान के विभिन्न चरणों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई बड़े गणमान्य लोग हिस्सा लेंगे। लोग पोर्टल पर पंजीकरण करके ट्री बैंक से मुफ्त पौधे ले सकेंगे। पौधा लगाकर फोटो अपलोड करने पर लोगों को 'पर्यावरण रक्षक' ई-सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।

### 11वीं के छात्र ने मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के विजय नगर बंगाली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। यह छात्र थैलेसीमिया से पीड़ित है और उसका कहना है कि कड़ी मेहनत करने के बाद भी उसे बिजनेस स्टडीज में फेल कर कंपार्टमेंट दे दी गई। छात्र ने स्कूल प्रशासन पर पूरे सत्र में भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप भी लगाया। इससे उसके स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित छात्र ने एलजी, सीएम और शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर कॉपियों की स्वतंत्र समीक्षा और निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई है। स्कूल प्रशासन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**17 से 19 और फिर 22 जून को आयोजन**

# मिरांडा हाउस में सीयूईटी छात्राओं के लिए ओपन हाउस व कैंपस टूर

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का प्रसिद्ध मिरांडा हाउस कॉलेज नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्राओं का स्वागत करने को तैयार है। कॉलेज प्रशासन कक्षा-12वीं की छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक विशेष 'ओपन हाउस सत्र और कैंपस टूर' का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन 17 से 19 जून और फिर 22 जून को कॉलेज परिसर में होगा। इसका उद्देश्य सीयूईटी परीक्षा देने वाली छात्राओं को कॉलेज की कार्यसंस्कृति, पढ़ाई के माहौल और छात्र जीवन से परिचित कराना है।

कैंपस टूर के दौरान छात्राएं कॉलेज की विशाल लाइब्रेरी, आधुनिक प्रयोगशालाएं और खेल सुविधाएं देख सकेंगी। इसके अलावा, छात्राओं को प्राचार्या प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा, वरिष्ठ शिक्षकों और सफल पूर्व छात्राओं (एलुमनाई) से सीधे बातचीत करने का मौका मिलेगा। प्रश्नोत्तर सत्र के जरिए छात्राएं अपनी पसंद के विषयों और भविष्य के करियर विकल्पों पर विशेषज्ञों से सीधी सलाह भी ले सकेंगी। प्राचार्या प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि यह ओपन हाउस संस्थान को करीब से जानने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि कॉलेज को युवा प्रतिभाओं का मार्गदर्शन करने में बेहद खुशी होगी। इस आयोजन में शामिल होने के लिए सीटें सीमित हैं। पंजीकरण 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर होगा।

**सिटी एंकर** | विश्व डेंगू दिवस पर एम्स-दिल्ली के विशेषज्ञों किया अलर्ट

# मानसून की आहट के साथ बढ़ा डेंगू का बड़ा खतरा; डॉक्टर बोले- घबराएं नहीं, समय पर लक्षण पहचानें

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

मानसून की आहट के साथ ही दिल्ली में डेंगू का खतरा बढ़ गया है, जिससे बचने के लिए एम्स के डॉक्टरों ने समय पर पहचान और सावधानी को सबसे जरूरी हथियार बताया है। विश्व डेंगू दिवस के मौके पर एम्स-दिल्ली के विशेषज्ञों ने जनता को अलर्ट किया है। डॉक्टरों का कहना है कि हर साल बारिश के मौसम में मच्छरों के बढ़ने से डेंगू तेजी से फैलता है। दिल्ली के पुराने रिकॉर्ड दिखाते हैं कि सितंबर से नवंबर के बीच डेंगू के मामलों में 60 से 70 फीसदी तक की भारी उछाल आती है। एम्स के एक सीनियर डॉक्टर ने कहा, डेंगू रोकथाम योग्य बीमारी है। घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन लक्षणों को नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है।

### घरों के आसपास पानी जमा न हो तो खतरा 80% कम

साल 2026 के लिए विश्व डेंगू दिवस की थीम 'वन वर्ल्ड अगेंस्ट डेंगू' तय की गई है। इसके तहत दिल्ली की स्वास्थ्य टीमें और नगर निगम मिलकर जलभराव रोकने और फॉगिंग करने में जुटे हैं। इसके साथ ही जनता को जागरूक करने के लिए 'चेक, क्लीन एंड कवर' अभियान भी चलाया जा रहा है। डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ और रुके हुए पानी में अंडे देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर लोग अपने घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देंगे, तो डेंगू का खतरा 80 फीसदी तक कम हो जाएगा। इसके लिए कूलर का पानी हर 3 से 5 दिन में बदलें। गमले, टायर और कबाड़ में पानी न ठहरने दें। पानी की टंकियों को हमेशा ढककर रखें और मच्छरों से बचने के लिए पूरी बाजू के कपड़े व मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

विशेषज्ञों के मुताबिक, डेंगू की शुरुआत अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों में तेज तकलीफ, उल्टी और त्वचा पर लाल चकत्ते (रैश) से होती है। डॉक्टरों ने सख्त सलाह दी है कि ऐसे लक्षण दिखने पर खुद से कोई दवा न लें, बल्कि तुरंत डॉक्टर से जांच करवाएं। शुरुआत में ही बीमारी का पता चलने से मरीज को गंभीर हालत में पहुंचने से बचाया जा सकता है।

**भास्कर खास** | सरकारी स्कूलों में अब गणित के कारण नहीं छूटेगी बच्चों की पढ़ाई

# अच्छे अंक ही असली सफलता नहीं, निरंतर सीखना और चुनौतियों का सामना करना ही आगे बढ़ाता है...

धर्मेंद्र डागर | नई दिल्ली

अब गणित में कमजोर होने के कारण दिल्ली के सरकारी स्कूलों के किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई नहीं छूटेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) के वैकल्पिक गणित विषय के बारे में जानकारी दें। इस नई योजना का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को स्कूल से जोड़े रखना है, जो केवल गणित में कम नंबर आने या फेल होने के डर से पढ़ाई छोड़ देते हैं।

### गणित पढ़ाई छोड़ने की सबसे बड़ी वजह

राज्यसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार, पिछले 5 सालों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों में नौवीं कक्षा के 3,20,150 विद्यार्थी फेल हुए। इनमें से 71,124 विद्यार्थियों ने एनआईओएस की मदद से आगे की पढ़ाई जारी रखी। साल 2020-21 में 31,541 विद्यार्थी, 2021-22 में 28,548 विद्यार्थी, 2022-23 में 88,421 विद्यार्थी, 2023-24 में 1,01,344 विद्यार्थी और 2024-25 में 70,296 विद्यार्थी असफल हुए। हालांकि, इन आंकड़ों में केवल गणित की वजह से फेल होने वाले बच्चों की संख्या अलग से नहीं है, पर विभाग का मानना है कि गणित ही पढ़ाई छोड़ने की सबसे बड़ी वजह है।

शिक्षा विभाग का मानना है कि हर बच्चे के सीखने की क्षमता और उसकी पसंद अलग-अलग होती है। बहुत से विद्यार्थी दूसरे सभी विषयों में तो बहुत अच्छे होते हैं, लेकिन गणित कठिन लगने के कारण आगे नहीं बढ़ पाते। ऐसे विद्यार्थियों को एनआईओएस के जरिए एक नया और आसान रास्ता मिलेगा, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। विभाग का लक्ष्य भी यही है कि कोई विद्यार्थी किसी एक विषय की कठिनाई के कारण अपने सपनों से समझौता न करे। इस नई व्यवस्था के जरिए दिल्ली के हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़े रखने और ड्रॉपआउट दर कम करने की उम्मीद जताई जा रही है।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि असली सफलता केवल अच्छे अंकों से नहीं मिलती। सीखने की निरंतर प्रक्रिया और चुनौतियों का सामना करने का साहस ही विद्यार्थियों को आगे बढ़ाता है। सरकार विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं दे रही है, बल्कि उन्हें नए हुनर भी सिखा रही है। हाल ही में बच्चों के लिए एक 'डिजाइनिंग बूट-कैम्प' लगाया गया था। इसमें विशेषज्ञों ने बच्चों को ब्रांड लोगो बनाना, सुंदर फॉन्ट चुनना और विजुअल कम्युनिकेशन की कला सिखाई गई।

**पढ़ना जरूरी है**
'पढ़ने की आदत जीवनभर सीखते रहने की नींव है।' - यूनेस्को

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, मंगलवार, 16 जून, 2026
द्वितीय ज्येष्ठ (शुद्ध), शुक्ल पक्ष-द्वितीया, 2083

12 राज्य | 61 संस्करण

## न्यूज ब्रीफ

### योग दिवस मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में, पीएम भी रहेंगे

नई दिल्ली| अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इस साल 21 जून को कोलकाता में होगा। पीएम नरेंद्र मोदी इसका नेतृत्व करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने सोमवार को बताया कि इस साल की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' है। इसका मकसद बढ़ती उम्र में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक मजबूती और सक्रिय जीवन को बढ़ावा देना है। दुनिया में 2,500 जगह कार्यक्रम होंगे।

### 23 जून को भारत आएंगे ग्रीर, ट्रेड डील पर होगी वार्ता

नई दिल्ली| अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर 23-24 जून को भारत आएंगे। वे भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर भारतीय अधिकारियों से चर्चा करेंगे। यह समझौता नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील का हिस्सा है। बातचीत में लंबित मुद्दों को सुलझाने और दोनों देशों के व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर रहेगा।

### विदेशी निवेशकों को 15 साल की रेजिडेंसी देगा कुवैत

कुवैत सिटी | कुवैत ने विदेशी निवेशकों के लिए 15 साल तक की रेजिडेंसी सुविधा शुरू की है। इसका मकसद विदेशी पूंजी आकर्षित करना, निवेश भरोसा बढ़ाना और आर्थिक गतिविधियों को तेज करना है। यह सुविधा हाई-वैल्यू निवेशकों को मिलेगी, इसके लिए कुवैत में मजबूत कारोबारी उपस्थिति और नियमों का पालन जरूरी होगा। हालांकि, रेजिडेंसी के लिए कितना निवेश करना होगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

### जी-7: ट्रम्प के रवैये से दुनिया के सबसे ताकतवर देशों के संगठन में फूट पड़ी

पढ़ें | देश-विदेश

**मौसम** • देश में 4 से 15 जून के बीच 64% कम बारिश दर्ज हुई


# मानसून 'लापता': सैटेलाइट तस्वीरों में गायब हुए बादल

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश के एक बड़े हिस्से की सैटेलाइट तस्वीरों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के बादल गायब होने लगे हैं। वहीं, दक्षिण और मध्य भारत के कई हिस्सों तक मानसून की दस्तक के बावजूद देश के बड़े भूभाग पर बारिश में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 4 से 15 जून के बीच देश में केवल 19.2 मिमी बारिश हुई है। जबकि इस अवधि के लिए सामान्य बारिश 53.7 मिमी मानी जाती है। यानी, देशभर में अब तक 64% कम बारिश दर्ज की गई है।

15 जून को इनसैट-3डीएस उपग्रह द्वारा ली गई तस्वीरों में स्थिति और भी स्पष्ट नजर आती है। सक्रिय मानसून के दौरान आमतौर पर दिखने वाली बादलों की व्यापक पट्टी की जगह प्रायद्वीपीय और मध्य भारत का बड़ा हिस्सा लगभग साफ दिख रहा है। सबसे अधिक बादल गतिविधि हिमालयी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर भारत और इंडो-गंगा के मैदानी इलाकों के उत्तर में केंद्रित है। वहीं, मानसून की अरब सागर शाखा कमजोर और बिखरी हुई नजर आ रही है। मानसून की यह सुस्ती ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब हाल के दिनों में यह कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तक आगे बढ़ चुका है।

### बारिश पर ब्रेक: मानसून में रहने वाली बादलों की पट्टी प्रायद्वीपीय और मध्य भारत में नहीं




वर्षा की स्थिति चिंताजनक है। नक्शे में मध्य, दक्षिणी और पूर्वी भारत के बड़े हिस्से पीले और लाल रंग में हैं। ये सामान्य से कम और अत्यधिक कम वर्षा दिखाते हैं।

### भास्कर नॉलेज • पश्चिमी जेट स्ट्रीम दक्षिण की ओर खिसकने से पूर्वी हवा कमजोर पड़ी

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार समस्या की मुख्य वजह पश्चिमी जेट स्ट्रीम है। ये वायुमंडल में तेज गति से बहने वाली हवाओं की धारा है। इस साल यह सामान्य स्थिति से काफी दक्षिण की ओर खिसक गई है। इस असामान्य बदलाव से पूर्वी जेट स्ट्रीम प्रभावित हो रही है। पूर्वी हवाएं मानसून को सक्रिय रखने वाले प्रमुख तंत्रों में से एक है। सामान्य स्थितियों में पूर्वी जेट स्ट्रीम वायुमंडल में ऊपर उठने वाली हवाओं को बढ़ावा देकर पूरे उपमहाद्वीप में गर्जन-तूफान तथा वर्षा गतिविधियां सक्रिय करती है। फिलहाल सामान्य से अधिक मजबूत पश्चिमी हवाएं इस प्रक्रिया को दबा रही हैं। नतीजतन, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में पर्याप्त नमी के बावजूद बादल विकसित नहीं हो रहे और व्यापक वर्षा नहीं हो रही। मानसून तकनीकी रूप से आगे बढ़ चुका है, पर बड़े क्षेत्रों में प्रभावी बारिश कराने में संघर्ष कर रहा है।

### आगे क्या... हफ्ते के अंत तक हालात में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद

मौसम मॉडल संकेत दे रहे हैं कि इस हफ्ते के अंत तक बारिश की गतिविधियों में धीरे-धीरे सुधार संभव है। जेट स्ट्रीम का मौजूदा पैटर्न कमजोर होने पर मानसूनी परिसंचरण दोबारा संगठित होगा। उसके बाद ही देश के विभिन्न हिस्सों में वर्षा बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4-5 दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ तथा मध्य भारत के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की परिस्थितियां बन सकती हैं।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक आज, दो भागों में बंट सकता है क्षेत्र

# राजघाट से 100 किमी के दायरे में सिमटेगा दिल्ली-एनसीटी, विश्वस्तरीय 'गोल्ड रिंग' बनाने की तैयारी

मनोज कुमार | चंडीगढ़

दिल्ली-एनसीआर के भविष्य को लेकर मंगलवार को एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की अहम बैठक होने जा रही है। इसमें 'रीजनल प्लॉन-2041' के मसौदे पर अंतिम मुहर लग सकती है। यह प्रस्ताव पास हुआ तो एनसीआर दो भागों में विभाजित हो जाएगा। इसमें पहला हिस्सा एनसीटी (नेशनल कैपिटल टेरिटरी) और दूसरा हिस्सा एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) होगा। प्लॉन में पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के अलावा दो और क्षेत्रीय कॉरिडोर पर फोकस होगा। इनसे हरियाणा को लाभ होगा। शेष | पेज 10 पर

### इस तरह होगा नया भौगोलिक ढांचा

- **पहला भाग (दिल्ली-एनसीटी/सीएनसीआर):** राजघाट से 100 किलोमीटर के दायरे में आने वाला गोलाकार क्षेत्र। इसमें ईस्टर्न और वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के बाहर 5 किलोमीटर तक का हिस्सा शामिल होगा, जिसे 'गोल्डन रिंग ऑफ ऑपर्च्युनिटी' के रूप में विकसित किया जाएगा।
- **दूसरा भाग (शेष एनसीआर):** 100 किमी के दायरे से बाहर का मौजूदा एनसीआर क्षेत्र। इसके विकास पर केंद्र और राज्य सरकारों को अलग से फोकस करना होगा।
- **हरियाणा पर असर:** नए परिसीमन से हरियाणा में एनसीआर का क्षेत्रफल 25,327 वर्ग किमी से घटकर 10,546.42 वर्ग किमी रह जाएगा। इसके चलते जींद, करनाल, महेंद्रगढ़, भिवानी और चरखी दादरी जिले एनसीआर से बाहर हो जाएंगे।

### क्यों पड़ रही है बदलाव की जरूरत?

एनसीआर की आबादी 2031 तक 7 करोड़ और 2041 तक 11 करोड़ पहुंचने का अनुमान है। दिल्ली का बोझ कम करने के लिए यह री-प्लॉनिंग जरूरी है।

- **औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर फोकस:** नए एनसीआर में लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउस और ड्राई पोर्ट्स का विकास होगा। यहां भी उच्च एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो), मिश्रित भूमि उपयोग और स्लम-मुक्त प्रावधान लागू होंगे।
- **पट्टा नीति में बदलाव:** उद्योगों के लिए जमीन अब 70-90 वर्षों के बजाय 5 से 10 वर्षों के लघु-मध्यम पट्टे (लीज) पर देने का नया विकल्प मिलेगा।
- **कनेक्टिविटी कॉरिडोर:** अधिसूचित शहरों को जोड़ने वाले नेशनल/स्टेट हाईवे और रैपिड रेल (आरआरटीएस) के दोनों ओर 1 किमी का विशेष कॉरिडोर विकसित होगा।

### आधार से नागरिकता मामला, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आधार कार्ड के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इस याचिका में कहा है कि आधार को सिर्फ पहचान सत्यापन के लिए इस्तेमाल किया जाए, नागरिकता, निवास, पता और जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में नहीं। याचिका में केंद्र, राज्यों और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि आधार एक्ट 2016 की धारा 9 साफ कहती है कि आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है। यूआईडीएआई की 22 अगस्त 2023 की अधिसूचना में भी आधार को सिर्फ पहचान का प्रमाण बताया गया है। इसके बावजूद स्कूल एडमिशन, संपत्ति खरीद, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म-6 में आधार का इस्तेमाल हो रहा है। याचिका में चुनावी सत्यापन व्यवस्था सुधारने की भी मांग है।

गुरु साहिबान की तस्वीर पर शराब छिड़कने का मामला

# सीएम मान का बायकॉट करे सिख पंथ: जत्थेदार

भास्कर न्यूज | अमृतसर

श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने सिख पंथ से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का सामाजिक बायकॉट करने का आदेश दिया है। जत्थेदार ने कहा कि गुरु साहिबान की तस्वीर पर शराब के छींटे मारने वाला वीडियो दो प्रमुख फॉरेंसिक लैब की जांच में असली पाया गया है। उनके मुताबिक क्लिप में कोई छेड़छाड़ नहीं हुई, न यह एआई से बनी है और न चेहरे में बदलाव किया गया है। जत्थेदार ने दावा किया कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति सीएम मान ही हैं।

जत्थेदार ने कहा कि 15 जनवरी 2026 को श्री अकाल तख्त पर पेशी के दौरान मुख्यमंत्री मान ने इस वीडियो को फेक बताया था और कहा था कि इसकी किसी भी लैब से जांच करवा ली जाए। बाद में 27 जनवरी को उन्हें पत्र भेजकर दो लैब के नाम बताने को कहा गया, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया।

#### बिना राय बेअदबी एक्ट पास, सिख विधायक-कैबिनेट तलब

जत्थेदार ने कहा कि सरकार ने जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कानून-2026 पास करने से पहले सिख कौम, एसजीपीसी और अकाल तख्त की राय नहीं ली। इसी कारण पंजाब कैबिनेट और सभी सिख विधायकों को 29 जून को श्री अकाल तख्त पर तलब किया गया है। गैर-सिख मंत्रियों से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### आरटीआई एक्टिविज्म 'नया बिजनेस' बन गया है: कोर्ट

**नई दिल्ली**| सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि आरटीआई एक्टिविज्म अब नया बिजनेस बन गया है। कोर्ट ने सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोपी आरटीआई कार्यकर्ता राकेश कुमार बहल और उसके सहयोगी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि सड़क निर्माण की निगरानी का अधिकार याचिकाकर्ताओं को किसने दिया। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार फंड जारी कर चुकी है और निर्माण कार्य की निगरानी सरकार करेगी। बहल ने 14 मई के पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी अग्रिम जमानत खारिज हुई थी। एफआईआर में बहल और सहयोगी राजीव कुमार उर्फ मिंटू पर बटाला में सड़क निर्माण रुकवाने, मजदूरों को धमकाने का आरोप है।





Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,786
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# सागरपुर : अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से आग, 15 मरीजों को सुरक्षित निकाला

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

साउथ-वेस्ट जिले के सागरपुर थाना क्षेत्र स्थित ए.एस. मल्टी किडनी अस्पताल में रविवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगते ही अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। अस्पताल स्टाफ, पुलिस और दमकलकर्मियों की मदद से अस्पताल में भर्ती 15 मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण अस्पताल के बिजली मीटर और इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स में हुआ शॉर्ट सर्किट बताया गया है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया रविवार रात करीब 10:27 बजे सागरपुर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए विजय एंक्लेव स्थित ए.एस. मल्टी किडनी अस्पताल में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एसएचओ समेत 15 पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा दमकल विभाग, पीसीआर और कैट्स एंबुलेंस की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गईं।

### बेसमेंट में लगे बिजली मीटर और जंक्शन बॉक्स में शॉर्ट सर्किट

जांच में पता चला कि आग अस्पताल के भूतल पर लगे बिजली मीटर और इलेक्ट्रिक जंक्शन बॉक्स में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। अस्पताल के कर्मचारियों ने दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया था। इसके बाद दमकलकर्मियों ने आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। दमकल विभाग के पीआरओ राजेंद्र अटवाल ने बताया कि रात 10:25 बजे आग लगने की सूचना मिलते ही तीन वाटर टेंडर, एक वाटर बाउजर और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ टीमों को मौके पर रवाना किया गया। दमकलकर्मियों ने करीब 15 मिनट के भीतर रात 10:40 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।



## जाफराबाद • मौत से पहले रिकॉर्ड किया वीडियो

# ब्याज वालों से परेशान ऑटो चालक ने फांसी लगा जान दी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट जिले के जाफराबाद थाना इलाके में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां कर्ज और ब्याज वालों की धमकी से परेशान होकर एक ऑटो चालक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान सुंदर लाल (48) के रूप में हुई है। आत्महत्या करने से पहले सुंदर ने अपने मोबाइल में एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। वीडियो में उसने अपनी मौत का जिम्मेदार दो ब्याजखोरों के नाम और उनकी प्रताड़ना के बारे में बताया है। पुलिस ने इस मामले में मोबाइल जब्त कर लिया है और वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। पुलिस ने सुंदर की पत्नी सोनिया के बयान पर अंकुर व राहुल के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक सुंदर लाल, गली संख्या छह, मौजपुर में किराए के मकान में परिवार के साथ रहता था और ऑटो चालक था। परिवार में पत्नी के अलावा अन्य सदस्य हैं।

सोनिया ने पुलिस को बताया गत नौ जून की रात करीब 10:30 बजे वह अपने पति के साथ खाना खाकर पास ही में रहने वाले अपने भाई के घर सोने चली गई। अक्सर उनके पति रात में ऑटो चलाते थे। अगले दिन सुबह करीब आठ बजे वह घर लौटी तो उन्होंने देखा कि उनके पति का शव लटका हुआ था। शोर मचाने पर पड़ोसी, परिजन और रिश्तेदार जमा हुए और शव को नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। घटना के बाद जब परिजनों ने सुंदर लाल का फोन चेक किया तो उसमें मौत से ठीक पहले बनाया गया एक वीडियो मिला।

## स्मार्ट होगी डीएफएस • संकरी गलियों और जाम से निपटने के लिए आ रहा कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम

# खुद ट्रेस होगी कॉलर की लोकेशन, ड्राइवर को स्क्रीन पर दिखेगा सबसे छोटा जाम-मुक्त रास्ता

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में आग लगने की घटनाओं के दौरान सबसे बड़ी चुनौती समय पर राहत और बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचाना होता है। चांदनी चौक, सदर बाजार, पहाड़गंज और पुरानी दिल्ली जैसी घनी आबादी वाले इलाकों की संकरी गलियों, भारी ट्रैफिक और कई बार सटीक लोकेशन न मिलने के कारण दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने में देरी होती है, जिससे जान-माल का नुकसान बढ़ जाता है। इन पारंपरिक समस्याओं से निपटने के लिए दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) अब अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों के अनुसार, विभाग एक नई डिजिटल प्रणाली विकसित कर रहा है, जिससे आग लगने की सूचना मिलने से लेकर दमकल वाहनों के घटनास्थल तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया अधिक तेज, सटीक और पारदर्शी बन सकेगी। इसके तहत कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम (सीएडीएस) लागू किया जाएगा, जो सूचना प्राप्त होते ही मानवीय हस्तक्षेप के बिना खुद आवश्यक कार्रवाई शुरू कर देगा।

यह पूरी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के आधार पर संचालित होगी, जिससे मैन्युअल गलती या निर्णय लेने में होने वाली देरी की गुंजाइश पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### कैसे काम करेगा 'स्मार्ट कंट्रोल रूम'?

**सिंगल क्लिक पर एक्शनः** नई व्यवस्था में जैसे ही कोई व्यक्ति कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना देगा, सिस्टम कॉलर के मोबाइल टावर या जीपीएस के जरिए उसकी लोकेशन को खुद ट्रेस कर लेगा।

**ऑटो-रूटिंग सॉफ्टवेयरः** इसके बाद सॉफ्टवेयर खुद यह निर्धारित करेगा कि कौन-सा फायर स्टेशन घटनास्थल के सबसे करीब है और लाइव ट्रैफिक डेटा (गूगल मैप्स व ट्रैफिक पुलिस नेटवर्क) के आधार पर किस मार्ग से सबसे कम समय में पहुंचा जा सकता है।

**एमडीटी (MDT) स्क्रीनः** फायर स्टेशनों में खुद ब खुद अलर्ट जारी होगा और वाहनों में लगे मोबाइल डेटा टर्मिनल (एमडीटी) के माध्यम से ड्राइवर को घटनास्थल की सटीक जानकारी, जाम-मुक्त मार्ग और अनुमानित यात्रा समय (ETA) स्क्रीन पर मिल जाएगा।

#### ड्रोन रखेंगे नजरः हवा से होगी 'फायर फाइटिंग' की लाइव मॉनिटरिंग

भविष्य की रणनीति के तहत अब विभिन्न फायर स्टेशनों पर विशेष ड्रोन यूनिट तैनात की जाएगी। हालांकि, शुरुआती चरण में ड्रोन का उपयोग आग बुझाने के लिए नहीं, बल्कि निगरानी और स्थिति के सटीक आकलन के लिए किया जाएगा।

**लाइव वीडियो फीडः** आग की सूचना मिलते ही ड्रोन स्वतः निर्धारित स्थान पर पहुंचकर कंट्रोल रूम को लाइव वीडियो फीड उपलब्ध कराएगा।

**पहले से तैयारीः** इससे अधिकारियों को मौके पर पहुंचने से पहले ही यह जानकारी मिल सकेगी कि आग कितनी गंभीर है, भवन की संरचना कैसी है और वहां किस प्रकार के संसाधनों (जैसे- स्काईलिफ्ट या फोम टेंडर) की आवश्यकता होगी।

**डिजिटल रिकॉर्डः** इसके साथ ही जीपीएस युक्त दमकल वाहन भी मौके से लाइव वीडियो प्रसारित करेंगे। कॉल प्राप्त होने, वाहन रवाना होने और घटनास्थल पर पहुंचने का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा।

**जनता-अफसरों के लिए दो अलग ऐप्स**

डीएफएस आम नागरिकों और अधिकारियों के लिए दो अलग-अलग मोबाइल एप्लिकेशन भी विकसित कर रहा है। नागरिकों के लिए तैयार किए जा रहे ऐप के माध्यम से लोग न केवल आपात स्थिति की सटीक सूचना दे सकेंगे, बल्कि अपनी शिकायत या कॉल पर की जा रही कार्रवाई (दमकल की लाइव लोकेशन) को रियल-टाइम में ट्रैक भी कर सकेंगे।

**चुनौतियां भी कम नहीं:** इस हाई-टेक सिस्टम के सामने दिल्ली के कुछ 'ब्लाइंड स्पॉट' (जहां मोबाइल नेटवर्क कमजोर है) और संकरी गलियों के ऊपर झूलते बिजली के हाई-टेंशन तार होंगे, जो ड्रोन संचालन में बाधा बन सकते हैं। इसके लिए विभाग वैकल्पिक रेडियो फ्रीक्वेंसी पर भी काम कर रहा है।

*हम तकनीक के मामले में वैश्विक स्तर के फायर विभागों की बराबरी करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। इस डिजिटल सिस्टम और हॉट स्पॉट मैपिंग के जरिए हमारा लक्ष्य रिस्पॉन्स टाइम को कम करना व उपयुक्त रेस्पॉन्स देना है।"*

**- ए के मालिक**, पीआरओ, दिल्ली फायर सर्विस

## साउथ वेस्ट • साइबर पुलिस ने दबोचा पूरा गैंग

# 'प्रीमियम नहीं भरा तो रद्द हो जाएगी पॉलिसी'...लाखों ठगे

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



साउथ वेस्ट जिले के साइबर थाना पुलिस ने बीमा पॉलिसी रिन्यूअल करवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुनील कुमार रावत, राहुल, सोनू और शिवम उर्फ मोनू के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया सुनील गिरोह का मास्टरमाइंड है। पुलिस ने इनके पास से दो लाख रुपये कैश, 10 मोबाइल, फर्जी बीमा दस्तावेज और अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया साइबर थाना पुलिस को वरिष्ठ नागरिक के साथ हुई ठगी की शिकायत मिली। पीड़ित ने पुलिस को बताया उसके पास अज्ञात नंबर से एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने बताया उनकी बीमा पॉलिसी का चार लाख रुपये का प्रीमियम बकाया है। अगर जल्द पैसे जमा नहीं किए गए तो पॉलिसी पर मिलने वाले सभी फायदे खत्म हो जाएंगे और पॉलिसी रद्द हो जाएगी। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़ित ने पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में पीड़ित ने पॉलिसी की जांच तो उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।

# कथित सिंडिकेट के सरगना को मकोका केस को पुलिस रिमांड, कल होगी पेशी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संगठित अपराध से जुड़े मामले में गिरफ्तार कथित अपराध सिंडिकेट के सरगना शबीर चौधरी उर्फ शबीर अली को तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए इस स्तर पर जांच को बाधित करना उचित नहीं होगा। पटियाला हाउस कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सैयद जिशान अली वारसी ने स्पेशल सेल की ओर से दायर सात दिन की पुलिस रिमांड याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अदालत ने आंशिक रूप से याचिका स्वीकार करते हुए आरोपी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा और 17 जून को दोबारा पेश करने का निर्देश दिया।

राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने दलील दी कि शबीर चौधरी संगठित अपराध सिंडिकेट के प्रमुख सदस्यों में शामिल है और उसके खिलाफ महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (एमसीओसीए) की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि सिंडिकेट के कामकाज, अन्य सदस्यों, उनके ठिकानों और अपराध से अर्जित संपत्तियों का पता लगाने के लिए आरोपी से पूछताछ जरूरी है। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं अनुराग जैन और एमएम खान ने रिमांड का विरोध करते हुए कहा कि एफआईआर दिसंबर 2024 में दर्ज हुई थी और मुख्य चार्जशीट समेत दो पूरक चार्जशीट पहले ही दाखिल की जा चुकी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपी को पहले न तो फरार घोषित किया गया और न ही चार्जशीट में आरोपी बनाया गया। अदालत ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद कहा कि आरोपी को 14 जून को विधिवत गिरफ्तार किया गया और उसकी गिरफ्तारी की सूचना उसकी पत्नी को भी दी गई। अदालत ने माना कि आरोपी की भूमिका और कथित साजिश से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।

## चोरी की स्कूटी से स्नैचिंग करने वाले दो गिरफ्तार

नई दिल्ली | नॉर्थ-वेस्ट जिले की सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने चोरी की स्कूटी से स्नैचिंग करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान परवीन (23) और राहुल (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल, आधार कार्ड और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया आरोपियों को एसीपी सृष्टि भट्ट की देखरेख में एसएचओ तेजपाल सिंह के नेतृत्व में बनाई गई टीम ने पकड़ा है। शनिवार को शकूरपुर गांव निवासी पिंटू ने पुलिस को शिकायत दी।

# शाहदराः निवेश के नाम पर लोगों से ठगे 1.56 करोड़ रुपए, दो गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

शाहदरा जिले के साइबर थाना पुलिस ने देशभर के भोले भाले लोगों से करीब 1.56 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद सादिक (32) और जावेद अंसारी (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल, व्हाट्सएप चैट, बैंक खाते और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया आरोपी साइबर ठगों के सरगनाओं को म्यूल अकाउंट उपलब्ध करवा रहे थे। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया आरोपियों को इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार की टीम ने पकड़ा है। गत नौ अप्रैल 2026 को शाहदरा निवासी एक महिला ने 21 लाख रुपये ठगी की शिकायत दी। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक मैसेज आया था। उसमें आरोपियों ने खुद को शेयर ट्रेडिंग का एक्सपर्ट बताकर निवेश करने पर बढ़िया मुनाफा दिलवाने की बात की थी। झांसे में आकर उन्होंने 21 लाख रुपये निवेश करवा लिए। इसके बाद उन्हें अपने अकाउंट में मुनाफे के पैसे दिखाई दिए। पीड़िता ने जब अपने मुनाफे की रकम को निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उससे और निवेश करने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। ठगी का पता चलने पर उन्होंने पुलिस से शिकायत दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। टेक्निकल सर्विलांस और सीडीआर की मदद से पुलिस ने अमरोहा और मुरादाबाद में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पिछले कुछ ही दिनों के भीतर आरोपियों के बैंक खाते से डेढ़ करोड़ रुपये की लेनदेन हुई है।

## वाहन चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, 4 दोपहिया बरामद

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

ईस्ट जिले एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश (30) के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया आरोपी के कब्जे से चार चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी राजीव कुमार ने बताया वाहन चोरी और सड़क अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस की टीम लगातार अभियान चला रही है। एसीपी ऑपरेशन पवन कुमार और इंस्पेक्टर आनंद सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

# फोन कर नाबालिग को पार्क में बुलाया, चाकू से हमला; नाजुक

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

आउटर नॉर्थ जिले के नरेला इलाके में सोमवार दोपहर बदमाशों ने 17 साल के नाबालिग पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। घायल की पहचान मोनू के रूप में हुई है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक मोनू, नरेला की पंजाबी कॉलोनी में परिवार के साथ रहता था। परिवार में माता-पिता और दो बहनों के साथ रहता है। मोनू की बहन आरती ने बताया सोमवार दोपहर में मोनू के पास किसी का फोन आया था। फोन करने वाले ने उसे मिलने के लिए पार्क में बुलाया था। कुछ देर बाद उन्हें जानकारी मिली कि पार्क में मोनू पर किसी ने चाकू से हमला कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मोनू को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। छानबीन के दौरान पार्क में मौजूद सतवीर ने पुलिस को बताया पार्क में तीन से चार युवक आपस में लड़ाई कर रहे थे।

## ठिकाने बदलकर चकमा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

वेस्ट जिले के स्पेशल स्टाफ टीम ने 10 मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए गए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप कुमार (37) के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया आरोपी के खिलाफ मंगोलपुरी थाने में एनआई एक्ट की 10 शिकायतें लंबित थीं। कोर्ट में पेश न होने पर उसे भगोड़ा घोषित किया गया था और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश भी जारी हुए थे। आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था।

# स्पीडी ट्रायल...मोबाइल स्नैचिंग का आरोपी 19 दिनों के भीतर दोषी करार

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने मोबाइल फोन छीनने के मामले में आदतन अपराधी को मुकदमे की शुरुआत के महज 19 दिनों के भीतर दोषी करार दिया है। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय मनोज उर्फ मोनू को रोहिणी कोर्ट ने 12 जून को दोषी ठहराया। मनोज अशोक विहार थाने का सूचीबद्ध बदमाश (बैड कैरेक्टर) है। पुलिस ने बताया कि 4 मई को विशाल कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। जांच के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 9 मई को आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद कर साक्ष्य के रूप में जब्त किया गया। पुलिस ने 25 मई को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पुलिस के अनुसार, अदालत ने मामले की त्वरित सुनवाई की। अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान, दस्तावेजी साक्ष्य और वैज्ञानिक जांच के आधार पर आरोपी के खिलाफ आरोप साबित किए।

## रेकी कर वाहन चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

नई दिल्ली | नजफगढ़ थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विपिन शर्मा उर्फ विक्की और अमरजीत उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने वाहन चोरी और सेंधमारी के 16 मामले सुलझाने का दावा कर रही है। पुलिस ने उनके कब्जे से पांच बाइक और तीन स्कूटी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी चोरी की बाइक से इलाके की रेकी करते थे और मौका मिलते ही दोपहिया वाहन चोरी कर लेते थे। 13 जून को पुरानी ककरौला रोड पर सूचना के आधार पर कार्रवाई कर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

# दयालपुर : युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उतारा मौत के घाट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट जिले के दयालपुर थाना इलाके में स्थित नेहरू विहार में रविवार शाम गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राशिद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस का शुरुआती जांच के बाद कहना है कि रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के मुताबिक दयालपुर थाना पुलिस को करीब 6:10 बजे एक युवक को गोली मारने के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि तीन अज्ञात हमलावरों ने राशिद पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल राशिद को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए।

## भास्कर खास • द्वारका के 2.5 एकड़ एनिमल वेलफेयर कॉम्प्लेक्स में बनेगा डॉग शेल्टर

# आईजीआई एयरपोर्ट से हटाए जाएंगे आवारा कुत्ते, एमसीडी-जीएमआर फाउंडेशन बनाएंगे 1,500 कुत्तों के लिए शेल्टर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी जीएमआर ने एयरपोर्ट परिसर में रहने वाले आवारा कुत्तों को नियमानुसार वहां से हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के तहत जीएमआर के सहयोगी वरलक्ष्मी फाउंडेशन ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के साथ एमओयू किया है। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, एयरपोर्ट परिसर में मौजूद 1,500 से अधिक आक्रामक या गुस्सैल श्रेणी के आवारा कुत्तों को द्वारका स्थित विशेष डॉग शेल्टर में स्थानांतरित किया जाएगा। प्रस्तावित डॉग शेल्टर द्वारका स्थित मौजूदा एनिमल वेलफेयर कॉम्प्लेक्स के लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा। वर्तमान में यहां दो एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर और एक पालतू पशु श्मशान घाट संचालित हैं। अधिकारियों के अनुसार, शेल्टर का निर्माण एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (एडब्ल्यूबीआई) की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अनुरूप किया जाएगा। यह एसओपी पिछले वर्ष नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद जारी की गई थी। हालांकि, इस पहल का पशु प्रेमी संगठनों ने विरोध किया है। उनका कहना है कि किसी भी स्थिति में कुत्तों को उनके मौजूदा क्षेत्र से हटाया नहीं जाना चाहिए। पशु प्रेमियों ने जीएमआर पर ब्राउनी और कद्दू समेत कई कुत्तों के गायब होने तथा उनके उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए कोर्ट में यह मामला दायर कर रखा है। ब्राउनी की तलाश के लिए पहले 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था और बाद में वह मिल गई, जबकि कद्दू की तलाश अब भी जारी है। कद्दू पर भी 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है और मामले में जीएमआर को पार्टी बनाया गया है। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, यह शेल्टर अपनी तरह की एक अनूठी सुविधा होगी और इसे एडब्ल्यूबीआई के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। शेल्टर में कुत्तों के लिए ढकी हुई और खुली रहने की जगहों के अलावा एक बड़ा खेल मैदान भी बनाया जाएगा, जहां वे नियंत्रित वातावरण में स्वतंत्र रूप से घूम सकेंगे।

### एडब्ल्यूबीआई मानकों के अनुसार मिलेगी रहने की सुविधा

एडब्ल्यूबीआई की गाइडलाइन के अनुसार, शेल्टर में प्रत्येक कुत्ते के लिए पर्याप्त ढका हुआ और खुला स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य आक्रामक आवारा कुत्तों से जुड़ी चिंताओं का समाधान करते हुए उनके मानवीय और वैज्ञानिक प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। शेल्टर में लाए जाने वाले सभी कुत्तों की सबसे पहले रेबीज जांच की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, रेबीज संक्रमित कुत्ता सामान्यतः 10 दिनों के भीतर मर जाता है। अन्य कुत्तों को आवश्यक टीके लगाए जाएंगे और उन्हें 15 से 20 दिनों तक केनेल में निगरानी में रखा जाएगा। इसके बाद ही उन्हें खुले बाड़ों और खेल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा।

## मां की वसीयत से बहन को मिली थी संपत्ति, ग्राउंड फ्लोर पर रह रहा था भाई

# पति का संपत्ति पर अधिकार खत्म होते ही पत्नी की स्थिति अतिक्रमणकारी जैसीः कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि यदि किसी व्यक्ति का अपनी बहन की संपत्ति में रहने का अधिकार समाप्त हो जाता है और वह मकान खाली कर देता है, तो उसकी पत्नी का वहां बने रहने का कोई स्वतंत्र अधिकार नहीं रह जाता। ऐसी स्थिति में पत्नी की कानूनी स्थिति एक अतिक्रमणकारी (ट्रेसपासर) से बेहतर नहीं मानी जा सकती। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने यह टिप्पणी एक महिला द्वारा दायर नियमित द्वितीय अपील को खारिज करते हुए की। अदालत ने निचली अदालतों के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें महिला को अपनी ननद की संपत्ति खाली करने का निर्देश दिया गया था।

मामले में वादी महिला नई दिल्ली के रमेश नगर स्थित संपत्ति की मालकिन है, जो उसे अपनी मां की वसीयत के जरिए मिली थी। वादी ने अपने भाई को लाइसेंसी के तौर पर ग्राउंड फ्लोर में रहने की अनुमति दी थी। बाद में भाई की शादी होने पर उसकी पत्नी भी वहीं रहने लगी। वादी का आरोप था कि दोनों ने संपत्ति पर तीसरे पक्ष का अधिकार बनाने की कोशिश की और उसे संपत्ति अपने नाम करने के लिए दबाव डाला।

### पति ने मकान खाली किया तो पत्नी को भी करना होगा

हाईकोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता पत्नी केवल अपने पति के साथ परिवार के सदस्य के रूप में संपत्ति में रह रही थी। जब पति का रहने का अधिकार समाप्त हो गया और उसने मकान खाली कर दिया, तो पत्नी का भी वहां रहने का कोई अधिकार नहीं बचा। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत किसी राहत की मांग करती है तो उसका दावा पति के खिलाफ हो सकता है, न कि उस ननद के खिलाफ जिसने सद्भावना में उन्हें अपनी संपत्ति में रहने दिया था। कोर्ट ने कहा कि पति-पत्नी के आपसी विवाद का खामियाजा बहन को नहीं भुगतना पड़ सकता। इसके साथ ही अदालत ने महिला की अपील खारिज कर दी।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** व्यापमं से जुड़े 10 मामलों में पुताई करने वाले सुनील कुशवाहा को गवाह बनाया, कई मामलों में बयान भी बदल चुका

# व्यापमं में 847 आरोपियों के खिलाफ एसटीएफ का एक परमानेंट गवाह

## बार-बार सामने आ रहे स्टॉक गवाहों के मामले, इंदौर और मऊगंज में थाना प्रभारी लाइन अटैच हो चुके



अली अख्तर | भोपाल

**ये हैं सुनील कुशवाहा।** कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं। पुताई का काम करते हैं। लेकिन, महज इन बातों के आधार पर इनकी शख्सियत के बारे में अंदाजा मत लगाइए। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये मप्र के सबसे बड़े भर्ती घोटाले (व्यापमं) में एक-दो नहीं, बल्कि 847 आरोपियों के खिलाफ गवाह हैं। ये 10 अलग-अलग मामले हैं, जिनमें एसटीएफ ने आरोपियों के बयान (मेमोरेंडम) की पुष्टि के लिए इनको गवाह के तौर पर पेश किया है। सुनील को कोई सुरक्षा भी नहीं दी गई है। हालांकि उन्होंने मांग भी नहीं की। एडीजी एसटीएफ डी श्रीनिवास वर्मा का कहना है कि केस काफी पुराने हैं। पूरी जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह सकूंगा।

### स्टॉक गवाहों पर सुप्रीम कोर्ट भी सख्त... जस्टिस अग्रवाल की अध्यक्षता में बनाई गई है कमेटी

#### कागजों पर बाद में साइन कराए जाते थे

ये भी दिलचस्प है कि सुनील कुशवाहा ने ज्यादातर मामलों में शुरुआती बयान शासन के पक्ष में दिए, लेकिन मुख्य परीक्षण के दौरान बयान बदल दिया। उसने कहा कि कई बार एसटीएफ ने मेमोरेंडम लिखने के बाद उसे सिर्फ साइन करने के लिए बुलाया था। मेमोरेंडम मेरे सामने नहीं लिखा गया। पीपीजी 2012 के केस में मुख्य परीक्षण के दौरान उसने कहा, वर्ष 2013 से ही एसटीएफ थाने में गिरफ्तारी, जब्ती और आरोपियों के बयान आदि मामलों में कभी मुझे बुलाकर मेरे सामने कार्रवाई की जाती थी और कई बार कुछ कागजों पर बाद में साइन करा लेते थे। पूछताछ के दौरान जो आरोपी बताते थे वह टाइप होता था और उसके बाद मैं(गवाह), आरोपी और पुलिस अधिकारी हस्ताक्षर करते थे। किस आरोपी से कब पूछताछ की गई, इनमें से कुछ बातें मुझे ध्यान हैं और कुछ ध्यान नहीं हैं।

#### इन परीक्षाओं के मामलों में गवाह हैं सुनील

| परीक्षा का नाम | साल | केस नंबर | कितने आरोपी |
|---|---|---|---|
| प्री मेडिकल टेस्ट | 2013 | 740/14 | 379 |
| प्री मेडिकल टेस्ट | 2012 | 317/14 | 257 |
| प्रीपीजी | 2012 | 02/14 | 33 |
| पुलिस आरक्षक भर्ती | 2012 | 808/14 | 73 |
| दुग्ध संघ भर्ती परीक्षा | 2012 | 03/14 | 10 |
| खाद्य नागरिक आपूर्ति परीक्षा | 2012 | 04/14 | 09 |
| पुलिस एसआई भर्ती परीक्षा | 2012 | 03/15 | 26 |
| परिवहन आरक्षक परीक्षा | 2012 | 01/15 | 23 |
| संविदा शाला शिक्षक-2 पात्रता परीक्षा | 2011 | 704/14 | 15 |
| संविदा शाला शिक्षक-3 पात्रता परीक्षा | 2011 | 936/14 | 22 |

#### कमेटी रखेगी ऐसे गवाहों पर नजर

पिछले दिनों मऊगंज व इंदौर में 100-150 केसों में एक ही गवाह पेश करने के मामले सामने आए थे। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सख्त नाराजगी दिखाई थी। इसके बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। ये स्टॉक गवाहों पर नजर रखेगी।

**मेमोरेंडम गवाह पलटा तो केस पर गंभीर असर**

*मेमोरेंडम गवाह जरूरी होता है। उसके पलट जाने पर केस पर गंभीर असर पड़ता है। आरोपी अपना जुर्म इसी गवाह के सामने कबूल करता है। मेमोरेंडम गवाह के होने से कानूनी प्रक्रिया में यह स्पष्ट होता है कि पुलिस किसी को भी उठाकर आरोपी नहीं बना सकती है। ये गवाह कोर्ट को बताता है कि उसके सामने आरोपी ने जुर्म कबूल किया है।* **दीपक अग्रवाल**, जस्टिस (रिटायर्ड) मप्र हाईकोर्ट

### 9 साल बाद फैसलाः मेहंदी कुंड डबल मर्डर, आरोपी को दोहरी उम्रकैद

**इंदौर** | मेहंदी कुंड डबल मर्डर केस में नौ साल बाद अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश सोनल पटेल की अदालत ने युवक-युवती की हत्या के मामले में दोषी पाए गए बलराम पिता नवलसिंह मकवाना निवासी बसी पीपरी, महू को दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला तब क्षेत्र में सनसनी का कारण बना था, जब छह माह बाद गहरी खाई से दो नरकंकाल बरामद हुए थे। आरोपियों ने युवक-युवती को 200 फीट खाई में धक्का दे दिया। आशंका थी कि दोनों बच सकते हैं, इसलिए आरोपी दोबारा खाई में उतरे और बड़े पत्थरों से उनके सिर कुचल दिए।

वारदात के 6 महीने बाद एक चोरी के मामले में आरोपी बलराम जेल पहुंचा। जेल में उसका एक अन्य आरोपी से विवाद हो गया। दोनों के बीच एक-दूसरे को फंसाने की बात को लेकर हुए झगड़े में इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा हुआ।

## 3 रातों तक 5 हाईवे पर रियलिटी चैक...191 से ज्यादा डंपर-ट्रक बिना नंबर दौड़ते मिले

सेंट्रल जेल रोड, समय- रात 12:41 बजे



भोपाल-ब्यावरा रोड, समय -रात 11:45 बजे



भोपाल बायपास, समय- रात 11:50 बजे




मप्र में हिट एंड रन के आरोपी आखिर पकड़े क्यों नहीं जाते? इसकी पड़ताल करने के लिए भास्कर रिपोर्टर ने रियलिटी चैक किया। तीन रातों तक भोपाल-इंदौर हाईवे, भोपाल-ब्यावरा हाईवे, भोपाल बायपास, 11 मिल रोड और नर्मदापुरम रोड पर नजर रखी गई। इस दौरान कुल 1400 से ज्यादा वाहन देखे गए, जिनमें से 191 से ज्यादा वाहन बिना नंबर के दौड़ते मिले।

**78 हजार 551 वाहनों पर सही नंबर प्लेट नहीं**

वर्ष 2024 में हुई चालानी कार्रवाई में 78,551 वाहन ऐसे मिले जिन पर उचित नंबर प्लेट नहीं थी। चालानी कार्रवाई की 26 श्रेणियों में यह तीसरी सबसे बड़ी संख्या है।

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन** मप्र देश में दूसरे नंबर पर... पुलिस नाकाम, बस खात्मे पर जोर

# हिट एंड रन...न नंबर, न फुटेज; 2 साल में 2087 लोगों को रौंदकर भागने वालों का कोई सुराग नहीं

इमरोज खान | भोपाल

हिट एंड रन के मामलों में मप्र देश में यूपी के बाद दूसरे नंबर पर है। हाल ही में जारी एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि 2024 में प्रदेश में हुए सड़क हादसों में 14 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई। इनमें सबसे बड़ा आंकड़ा हिट एंड रन का है, जिसने 3732 लोगों की जिंदगी छीन ली।

भास्कर ने पिछले दो साल (यानी 2024 और 2025) के हादसों की पड़ताल की तो डराने वाले आंकड़े सामने आए। इन दो साल में 2087 लोगों की जान हिट एंड रन में गई। इन मौतों के गुनहगार आज भी खुलेआम घूम रहे हैं। इन आरोपियों के मिलने की उम्मीद अब पुलिस भी छोड़ चुकी है, यही वजह है कि अधिकतर मामलों में 'खात्मा' लग चुका है या लगाने की तैयारी है। जानकारों के मुताबिक इन वाहनों के ट्रेस न होने के पीछे **बड़ी वजहें-** बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, हाइवे पर सीसीटीवी कैमरों और पेट्रोलिंग की कमी व ढीली जांच।

### खानापूर्ति... 30 दिन जांच, नंबर ट्रेस न हुआ तो अज्ञात मान लेते हैं; और फिर खात्मा

**अनट्रेस केसों में टॉप-10**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | इंदौर | 85 |
| 2. | धार | 61 |
| 3. | खंडवा | 49 |
| 4. | रायसेन | 38 |
| 5. | उज्जैन | 36 |
| 6. | भोपाल | 35 |
| 7. | जबलपुर | 34 |
| 8. | सागर | 34 |
| 9. | ग्वालियर | 32 |
| 10. | गुना | 32 |

**2024 के टॉप-3 चालान**

बिना हेलमेटः 8,15,568
बिना सीट बेल्टः 2,42,069
उचित नंबर प्लेट नहींः 78,551

**केस-1 पति की जान लेने वाले का दो साल बाद भी कुछ पता नहीं**



एयरपोर्ट रोड निवासी मीना प्रसाद के पति मथुरा प्रसाद (58) की 10 जून 2024 को कोहेफिजा भूत बंगला के पास किसी गाड़ी की टक्कर से मौत हो गई। दो साल बाद भी आरोपी का पता नहीं। मीना कहती हैं, पुलिस ने सिर्फ थाने के चक्कर कटवाए। 2 लाख मुआवजे का प्रस्ताव भेजा, पर अब तक कुछ नहीं मिला।

**केस-2 पिता को टक्कर मारने वाले को सजा न दिला पाने की टीस**



काजी कैंप निवासी शकीला के पति मो. असलम (50) की जुलाई 2025 में भोपाल टॉकीज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। 11 माह बाद भी आरोपी चालक का सुराग नहीं। शकीला कहती हैं, बच्चों की शादी का सपना लिए ही पति दुनिया छोड़ गए। बेटा सलमान बताता है-आरोपी को सजा न दिला पाने की टीस आज भी है।

**भास्कर एक्सपर्ट** एनके त्रिपाठी, रिटा. स्पेशल डीजी

**हाईवे पुलिस और आधुनिक कैमरों की जरूरत**

हिट एंड रन के मामले रोकना बड़ी चुनौती है। डेंजर जोन इलाकों में हादसों को रोकने के लिए आधुनिक 'नंबर प्लेट रीडर' कैमरों की संख्या बढ़ानी होगी। हाईवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ अलग से 'हाईवे पुलिस' व्यवस्था बननी चाहिए। पहले कैमरे न होने पर भी मजबूत पुलिस नेटवर्क, पूछताछ और टायर के निशानों जैसी फॉरेंसिक जांच से आरोपी पकड़े जाते थे, आज भी उसी गंभीरता से जांच की जरूरत है।

**भास्कर ब्रेकिंग** मप्र ला रही अनुकंपा नियुक्ति के नए नियम

# अनुकंपा नियुक्ति पाने वाला बेटा यदि परिवार से अलग हुआ तो जाएगी नौकरी

अनिल गुप्ता | भोपाल

मध्यप्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति के नियम बदलने वाले हैं। अब नए नियम ज्यादा सरल और कर्मचारी-अधिकारियों के पक्ष में होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इसकी तैयारी कर ली है। वित्त विभाग से सहमति भी ले ली गई है। जल्द ही इसे कैबिनेट में लाया जाएगा। नए नियम लागू होते हैं तो बिना किसी गंभीर कारण के कोई विभाग अनुकंपा नौकरी से किसी को नहीं हटा पाएगा।

सबसे अहम बदलाव यह है कि सीपीसीटी (कंप्यूटर दक्षता प्रमाण-पत्र) की अनिवार्यता को नए नियमों से विलोपित किया जा रहा है। लेकिन नए नियमों के फायदा नोटिफिकेशन के बाद मिलेगा। उच्च स्तर पर चर्चा में पहले यह सोचा जा रहा था कि अनुकंपा नौकरी नहीं लेने वाले आश्रित परिवार को पांच साल तक भरण-पोषण भत्ता देने की व्यवस्था बंद कर दी जाए। यह भरण-पोषण भत्ता आखिरी वेतन आहरण के बराबर होता है। इस पर जीएडी और वित्त दोनों विभाग तैयार नहीं हुए। लिहाजा इसे नए नियमों में भी बरकरार रखा जा रहा है। दैनिक वेतनभोगी के निधन पर आश्रित परिवार को सरकार दो लाख रुपए एकमुश्त देती है। कर्मचारियों की मांग थी कि इसे बढ़ाया जाए, लेकिन नए नियमों में इसे यथावत रखा है। राशि में वृद्धि नहीं होगी। दैनिक वेतनभोगी को 2014 से यह राशि मिल रही है।

### ये होंगे बड़े बदलाव

**भरण-पोषण से मना नहीं कर सकता**

- **माता-पिता के बदले** अनुकंपा नियुक्ति के जरिए नौकरी लेने वाले बेटे या अन्य ने नौकरी मिलने के बाद परिवार को छोड़ा या भरण-पोषण से मना किया तो उसे सेवा या नौकरी से हटा दिया जाएगा। बशर्ते इसके लिए परिजनों की ओर से शिकायत जरूरी होगी। इसका परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद निर्णय होगा।
- **लापता** : कर्मचारी-अधिकारी यदि लापता या गुमशुदा हो जाए। 7 साल तक न आए तो मान लिया जाता था कि वह नहीं रहा। परिवार के किसी व्यक्ति को अनुकंपा नौकरी दे दी जाती थी। अब 7 साल बाद भी संबंधित का पता चल जाए तो अनुकंपा नियुक्ति रद्द कर उन्हें बहाल किया जाएगा।
- **सीपीसीटी** :अनुकंपा नियुक्ति वालों के लिए सीपीसीटी पास करना अनिवार्य है। इसके लिए 3 से 4 वर्ष का वक्त मिलता है। यदि पास नहीं किया तो अनुकंपा नियुक्ति रद्द कर दी जाती है। इस संबंध में कई मामले कोर्ट में लंबित हैं। इस नियम को विलोपित किया जा रहा है।
- **आईएएस-आईपीएस** : अनुकंपा नियुक्ति के नए नियमों को अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों पर भी लागू करने की बात की गई है।


**डिमोशन भी नहीं होगा...** प्रस्ताव की चर्चा में आया था कि चूंकि यदि तृतीय श्रेणी में बाबू, लिपिक या अन्य पद पर अनुकंपा नौकरी पाने वाला सीपीसीटी पास नहीं करता है तो उसे तीन साल का वक्त पूरा होने के बाद चपरासी के ग्रेड (चतुर्थ श्रेणी) में नियमित किया जाए। इस विचार को फिलहाल खारिज कर दिया गया है।

### कूरियर बॉय बनकर घूम रहा था तस्कर सीक्रेट कोड से पुड़िया बनाकर डिलीवरी

**अंबिकापुर** | सरगुजा में पुलिस और आबकारी विभाग की सख्ती के बाद तस्कर अब कूरियर बॉय बनकर नशीले इंजेक्शनों की होम डिलीवरी कर रहे हैं। स्कूटी पर बैग टांगे घूम रहे वाहिद अंसारी को आबकारी उड़नदस्ता टीम ने गिरफ्तार कर उससे 2 लाख की नशीली खेप बरामद की। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को यह सफलता मिली है। टीम ने गांधीनगर थाना क्षेत्र से तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 200 नशीले इंजेक्शन बरामद किए। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसी दौरान सरना मैदान में स्कूटी सवार एक युवक संदिग्ध स्थिति में दिखा। पूछताछ में उसने अपना नाम वाहिद अंसारी निवासी थाना लुण्ड्रा पटपरिया बताया। शक होने पर जब उसके काले रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी ली, तो उसमें से कागज की 100 पुड़ियां बरामद हुईं।

## जान जोखिम में डालकर बिजली लाइन पर काम, सुरक्षा नियमों पर सवाल

**रायपुर** | केनाल लिंकिंग रोड स्थित काशीराम नगर में बिजली लाइन के रखरखाव और सुधार कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए। कर्मचारी ऊंचे खंभों और बिजली लाइनों पर चढ़कर काम करते नजर आए, लेकिन पर्याप्त सुरक्षा उपकरण दिखाई नहीं दिए। मौके पर नीचे सड़क से लोगों और वाहनों की आवाजाही भी जारी रही। ऐसे में किसी भी चूक की स्थिति में गंभीर हादसा होने की आशंका बनी रही। तस्वीर में कर्मचारी ऊंचाई पर संतुलन बनाकर बिजली लाइन की मरम्मत करते दिख रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार बिजली लाइनों और ऊंचे पोल पर कार्य के दौरान कर्मचारियों के लिए हेलमेट, इंसुलेटेड ग्लव्स, सेफ्टी शूज और फुल बॉडी सेफ्टी हार्नेस का उपयोग अनिवार्य माना जाता है। कार्य शुरू करने से पहले लाइन का शटडाउन लेना या आवश्यक विद्युत



सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाते हैं। कर्मचारियों को सुरक्षा बेल्ट के साथ ही बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत और लोगों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था होना चाहिए।

# बस्तर में सुस्त निर्माण कार्यों पर कार्रवाई, 2 ठेकेदारों का पंजीयन निरस्त, 8 को नोटिस

**जगदलपुर** | बस्तर में वर्षों से सड़क और पुल निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार को लेकर उठ रहे सवालों के बीच राज्य सरकार ने बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है। उप मुख्यमंत्री सह पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाले दो ठेकेदारों का पंजीयन दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है, जबकि आठ अन्य ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा दो ठेकेदारों पर आगे की कार्रवाई के लिए मुख्य अभियंता से प्रतिवेदन भी मांगा गया है। दरअसल, हाल ही में अपने चार दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान अरुण साव ने सड़क, पुल और अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं का जमीनी निरीक्षण किया था।

**इन ठेकेदारों पर गिरी गाज**

मेसर्स गुप्ता कंस्ट्रक्शन कंपनी (पंजीयन 2 वर्ष के लिए निरस्त): यह कंपनी कोंडागांव के अदनार-तोतर, घोटिया-मुंडा-चांदाबेड़ा, पलना-मरीगांव-कुंडई मार्ग और कबीरधाम जिले में एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कर रही थी। इन सभी प्रोजेक्ट्स में काम बेहद धीमा पाया गया। निर्भय राम साहू (पंजीयन 2 वर्ष के लिए निरस्त): ये कांकेर जिले में नेरूल नदी और डुमरीकेल नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य कर रहे थे, जिसमें लापरवाही पाई गई।

### 21 लाख का भवन 6 साल से खाली, आबकारी विभाग निजी दुकान को दे रहा लाखों किराया

भास्कर न्यूज | अकलतरा

नगर के शिवरीनारायण रोड पर किराए के भवन में चल रही देशी और अंग्रेजी शराब दुकान को वार्ड नंबर 20 अमोरा मार्ग पर नगर पालिका परिषद के बनाए नए भवन में शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर और आबकारी विभाग को कई बार ज्ञापन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। नगर पालिका परिषद ने वार्ड नंबर 20 अमोरा मार्ग में 21 लाख रुपए की लागत से 6 साल पहले देशी और अंग्रेजी शराब दुकान के लिए भवन बनवाया था। इसके बाद भी दुकान अब तक शिवरीनारायण रोड के निजी किराए के भवन में चल रही है। आबकारी विभाग हर साल किराए के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रहा है।

नगर पालिका का कहना है कि नए भवन में कम दर पर किराया तय हो सकता है। इससे आबकारी विभाग का खर्च घटेगा। नगर पालिका को भी किराए के रूप में राजस्व मिलेगा। मुख्य मार्ग पर शराब दुकान चलने से शाम होते ही शराबियों का उत्पात शुरू हो जाता है। सड़क पर शराब पीने की शिकायतें हैं।

**भास्कर खास** कोर्ट के दो सवाल और कटघरे में सरकार की दो बड़ी संस्थाएं

# लोकायुक्त को देनी ही होगी सूचना : सुप्रीम कोर्ट

### कोर्ट ने कहा- न आप खुफिया संगठन न ही सुरक्षा एजेंसी

**भोपाल**| सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि मप्र का लोकायुक्त संगठन ना तो खुफिया संगठन है ना सुरक्षा एजेंसी है। इसलिए लोकायुक्त संगठन को सूचना के अधिकार कानून के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने मप्र सरकार की डेढ़ दशक पुरानी उस अधिसूचना को रद्द कर दिया है, जिसके तहत लोकायुक्त संगठन की 'स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट' (एसपीई) को सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून 2005 के दायरे से बाहर कर दिया था।

25 अगस्त 2011 को जीएडी ने एक अधिसूचना जारी कर लोकायुक्त संगठन को आरटीआई कानून की धारा 24 के तहत इस कानून के दायरे से बाहर कर दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि यह अधिसूचना ईओडब्ल्यू पर भी लागू रहेगी। यह मामला मप्र के एक पुलिस इंस्पेक्टर कामता प्रसाद मिश्रा से जुड़ा है। उन्हें लोकायुक्त ने आरटीआई में जानकारी नहीं दी थी। इसमें वे हाई कोर्ट गए। वहां वे जीते। फिर लोकायुक्त ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

# हाई कोर्ट ने IAS से पूछा दागी के पक्ष में क्यों...?

### पीडब्ल्यूडी में दागी को प्रभार देने पर नाराज हुआ कोर्ट

**भोपाल**| हाई कोर्ट ने दागी अफसरों को उच्च पदों ईएनसी, चीफ इंजीनियर का प्रभार देने संबंधी सर्कुलर ( 22 जुलाई 2004) पर जवाब चाहने के बावजूद प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह द्वारा उत्तर न देने को कोर्ट को गंभीरता से न लेना बताया।

कोर्ट ने कहा कि सीनियारिटी को दरकिनार कर जूनियर को मुख्य अभियंता का चार्ज दिया जाना बैक डोर एंट्री है। कोर्ट ने ब्रिज जोन का प्रभार किसी बेदाग अधिकारी को सौंपने और पीसी वर्मा को अन्य जोन में पदस्थ करने तथा जांच पूरी होने तक चीफ इंजीनियर संजय मस्के को भोपाल जोन के प्रभार से अलग रखने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी की याचिका का निराकरण करते हुए प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह के आचरण पर गंभीर टिप्पणी की है और उन्हें भविष्य के लिए सचेत किया है।

कोर्ट ने इस आदेश की प्रति मुख्य सचिव को भेजी है। कोर्ट ने माना कि वर्मा को कारण बताओ नोटिस देने के मात्र 3 घंटे बाद हटाना पूर्व नियोजित था। चीफ इंजीनियर मस्के को प्रभार देने के आदेश को कोर्ट ने निरस्त कर दिया है।

### जिला जेल में बंदी की मौत, कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

भास्कर न्यूज | रायगढ़

रायगढ़ जिला जेल में बंद 28 साल के विचाराधीन बंदी संजय बघेल की संदिग्ध मौत के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने 6 सदस्यीय जांच समिति बनाई है। समिति की संयोजक सरायपाली विधायक चातुरी नंद को बनाया गया है। सदस्य के तौर पर लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राणलहरे, पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, रायगढ़ ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र नेगी, रायगढ़ शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव को शामिल किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश के मुताबिक समिति जेल प्रबंधन और पीड़ित परिवार से मिलेगी। संबंधित वार्डवासियों से भी मुलाकात करेगी। पूरे मामले की वस्तुस्थिति जानेगी।

**अनदेखी** • बिना लाइसेंस दुकानें कैसे चलती रहीं, अफसर मौन

# 15 में से 7 पटाखा दुकानों के पास वैध लाइसेंस, कारोबार सबका चलता रहा

**भोपाल** | हलालपुर पटाखा मार्केट में जहां आग लगी, वहां 15 दुकानों में से केवल 7 के पास वैध लाइसेंस हैं। 7 दुकानों के लाइसेंस वर्ष 2025 से रिन्यू नहीं हुए, जबकि एक दुकान बंद है। इसके बावजूद बिना लाइसेंस वाली दुकानों से पिछले एक साल से पटाखों का कारोबार जारी रहा। सवाल यह है कि जब लाइसेंस नवीनीकृत नहीं हुए थे तो इन दुकानों का संचालन किस आधार पर होता रहा। संबंधित विभागों ने कार्रवाई क्यों नहीं की। जिला प्रशासन का तर्क है कि वर्ष 2025 में पटाखा बाजार को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। इसी दौरान छह माह के संचालन के लिए एनओसी जारी की गई थी। इसके विरोध में सात कारोबारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी।



**अब कोर्ट के आदेश की कानूनी समीक्षा होगी**

प्रशासन के अधिकारी अब यह भी स्पष्ट नहीं कर पा रहा कि जब लाइसेंस रिन्यू नहीं हुए तो संचालन किस आधार पर जारी रहा। अधिकारियों के अनुसार पूरी फाइल दोबारा जांची जा रही है और हाईकोर्ट के आदेश की कानूनी समीक्षा भी कराई जा रही है। हाल में सोनी पटाखा सेंटर में हुई आगजनी के बाद बाजार में सन्नाटा है।

*हमारी जांच पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर उनका पक्ष सुना जाएगा। दुकानों की शिफ्टिंग की तैयारी भी की जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन लीगल टीम कर रही है।*
– **सुमित पांडे**, एडीएम

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचारियों को चेताया-न खाएंगे, न खाने देंगे, 20 घंटे काम करना होगा

# अपराधियों का गयाजी में पिंडदान होगा या फिर जेल में रहेंगे : सम्राट

भास्कर न्यूज | गयाजी/पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अपराधियों का गयाजी में पिंडदान होगा या फिर वे जेल में रहेंगे। क्राइम, करप्शन और कम्युनिलिज्म से बिल्कुल समझौता नहीं होगा। पुलिस को कह दिया गया है कि चैलेंज करने वाले अपराधी को 48 घंटे के भीतर जवाब दें। जवाब दिया जा रहा है। वे सोमवार को गयाजी 170 करोड़ से बनने वाले टेक्नोलॉजी सेंटर का शिलान्यास कर रहे थे। 40 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने साफ कर दिया कि प्रशासनिक सुस्ती और अपराध को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा।

सीएम ने कहा-ढेर सारे अपराधी बिहार छोड़कर चले गए। जो बचे हैं उनका पता बताइए, तुरंत कार्रवाई होगी। भ्रष्टाचारियों को चेताया। कहा-भ्रष्टाचार से लड़ेंगे। न खाएंगे, न किसी को खाने देंगे। अफसरों को 24 में से 20 घंटे काम करना होगा। सीएम ने कहा कि 2005 तक राज्य में सिर्फ 17 लाख परिवारों के पास बिजली कनेक्शन था।

### खिजरसराय (गयाजी) में टेक्नोलॉजी सेंटर का शिलान्यास



### मां सीता के श्राप से मुक्त होगी फल्गु नदी

सम्राट ने कहा कि माता सीता के श्राप के कारण सूखी रहने वाली फल्गु नदी को हर हाल में पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके लिए इंद्रपुरी जलाशय, सोन नदी और बाण सागर समझौते के तहत मिलने वाले पानी को फल्गु नदी में मोड़ा जाएगा। खिजरसराय में 40 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनेगा।

मॉडल स्कूलों में रात 8 बजे तक पढ़ाई होगी

### ऐसी व्यवस्था बनाएंगे कि कोचिंग सेंटर बंद हो जाएं, सिर्फ सरकारी स्कूल चले

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आगे के दिनों में सारे कोचिंग सेंटर बंद हो जाएं और सिर्फ बिहार सरकार का ही स्कूल चलता रहे, ऐसी व्यवस्था करनी है। हमने सरकारी स्कूलों की व्यवस्था को बहुत बेहतर करने को कहा है। प्रखंडों में मॉडल स्कूल (सरस्वती विद्या निकेतन) खुल रहे हैं। रात 8 बजे तक पढ़ाई हो। यह सब इसलिए, ताकि छात्रों की निजी कोचिंग सेंटरों पर निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाए।

### मुख्यमंत्री की खास बातें

- **एमएसएमई में ऐतिहासिक उछाल** : बिहार में 2022 में सिर्फ 6 लाख एमएसएमई इकाइयां थीं। अब 46 लाख हो गईं।
- **कामचोर अफसरों पर गिरेगी गाज** : सहयोग शिविर के आवेदनों पर 10 दिन में पहली नोटिस, 20 दिन में दूसरी...31 वें दिन दोषी अफसर स्वतः निलंबित हो जाएंगे।

# पूर्णिया : कनकई नदी पर वर्षों से अधूरा पड़ा पुल निर्माण, अभी 6 महीने तक जान जोखिम में डालकर करनी होगी नाव की सवारी



भास्कर न्यूज | अमौर (पूर्णिया)

अमौर के खाड़ी घाट स्थित कनकई नदी पर वर्षों से अधूरा पड़ा पुल आज भी स्थानीय विकास के दावों की पोल खोल रहा है। पुल निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण आसपास की कई पंचायतों के हजारों लोग हर साल बरसात और बाढ़ के छह महीने जान जोखिम में डालकर नाव के सहारे नदी पार कर अपने गंतव्य तक जाने को मजबूर हैं। क्षमता से अधिक यात्रियों, बाइकों और सामानों से लदी ये नावें किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही हैं। कड़ी घाट पर वर्तमान में सिर्फ दो नावों का परिचालन हो रहा है, लेकिन नाव में जगह पाने के लिए लोगों को एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। भीषण गर्मी के दौरान घाट पर किसी प्रकार का शेड या यात्री विश्राम स्थल नहीं होने से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है।

# खान और रोशन दोनों टीचर हैं, हेल्दी कम्पीटिशन करें : कोर्ट



भास्कर न्यूज | पटना

खान ग्लोबल स्टडीज परिसर में मारपीट अ◌ौर तोड़फोड़ में ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रोशन अ◌ानंद को जमानत मिल गई। 3 जून को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। अपर सत्र न्यायाधीश गौरव सिंह की अदालत ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के बाद आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, "दोनों टीचर हैं, हेल्दी कम्पीटिशन करें, क्रिमिनल एक्टिविटी में इन्वॉल्व न हों। गुरु हैं, गुरु की तरह व्यवहार करें।" जेल से निकलने के बाद रोशन मुसल्ल्हपुर स्थित कोचिंग संस्थान भी गए जहां छात्रों की भारी भीड़ थी। वहां से प्रिंस के दाह-संस्कार में शामिल होने सहरसा निकल गए।

द. पू. रेलवे के 1300 कोच होंगे अपग्रेड, आग की घटना के बाद रेलवे का फैसला

# ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ेगी, देशभर में 30 हजार कोच में लगेंगे नए फायर एक्स्टिंगयूशर

ललित दुबे | जमशेदपुर

ट◌्रेनों में आग लगने की हालिया घटनाओं के बाद रेलवे बोर्ड ने बड़ा फैसला लिया है। देशभर के करीब 30 हजार कोच में नए फायर एक्स्टिंगयूशर लगाए जाएंगे। इनमें दक्षिण पूर्व रेलवे के 1300 कोच भी शामिल हैं। बोर्ड ने सभी जोन को 2026-27 के दौरान यह काम पूरा करने का निर्देश दिया है। रेलवे बोर्ड के निदेशक (मैकेनिकल/इंजीनियरिंग कोचिंग) ऐश्वर्य सचान ने सभी जोन के महाप्रबंधकों को पत्र भेजकर कोचों की संख्या के अनुसार फायर एक्स्टिंगयूशर खरीदने और इसके लिए बजट प्रस्ताव भेजने को कहा है।

**सेंट्रल रेलवे में सबसे ज्यादा, नॉर्थ ईस्टर्न में सबसे कम**: रेलवे बोर्ड के अनुसार सबसे अधिक 3400 फायर एक्स्टिंगयूशर सेंट्रल रेलवे के कोचों के लिए खरीदे जाएंगे।

### हाल की घटनाओं के बाद बढ़ाई जा रही सतर्कता

हाल के महीनों में ट्रेनों में आग और उससे जुड़ी घटनाओं ने रेलवे की चिंता बढ़ाई है। 17 मई को तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के एसी कोच में आग लग गई थी। वहीं सासाराम स्टेशन पर खड़ी एक खाली पैसेंजर ट्रेन के कोच में भी आग लगने की घटना सामने आई थी।

**पैंट्री कार की भी हो रही जांच** : चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने कहा कि ट्रेनों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों की टीमें पैंट्री कार की नियमित जांच कर रही हैं। नए फायर एक्स्टिंगयूशर लगाने का निर्णय यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला किशोरी का शव

भास्कर न्यूज | आनंदपुर

आनंदपुर थाना क्षेत्र के मोरेंग गांव में 18 वर्षीय बॉबी पाइक का शव घर से करीब 500 मीटर दूर जंगल में महुआ के पेड़ से लटका मिला। बेड़ाकेंदुदा पंचायत के गोप टोला निवासी बॉबी पाइक रविवार शाम घर से निकली थी। देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान जंगल में महुआ के पेड़ से उसका शव लटका मिला।

पुलिस के अनुसार, परिजनों के बयान में प्रेम प्रसंग का जिक्र किया गया है। बताया गया कि किशोरी एक युवक के संपर्क में थी और इसे लेकर घर में अक्सर रोक-टोक होती थी। रविवार को भी इसी बात को लेकर मां ने उसे फोन पर बात करने से मना किया था।

# गाजीपुर: 1.12 लाख बिजली बिल जमा नहीं कर पाया तो जान दी

सुसाइड नोट में लिखा- बिजली विभाग से परेशान हूं

**सैदपुर, गाजीपुर**| यूपी के गाजीपुर में बिजली विभाग से परेशान होकर पान की गुमटी चलाने वाले ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने घर से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें लिखा है- मैं बिजली विभाग से परेशान होकर यह कदम उठा रहा हूं।

घरवालों ने बताया- 9 महीने पहले बिजली विभाग ने 1 लाख 12 हजार रुपए का बिल भेज दिया था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने से हम लोग बिल नहीं भर सके। उधार लेकर छोटी-छोटी किश्तें देते रहे। इस पर विभाग से नोटिस भेज दिया। इसी से परेशान होकर दुकानदार ने सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना जिला मुख्यालय से 36 किलोमीटर दूर सैदपुर थाना क्षेत्र की है।

नगर क्षेत्र में रहने वाले सुरेंद्र कश्यप (55) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के सामने एक छोटी-सी पान की गुमटी चलाते थे। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते दोनों बेटे दूसरे शहर में काम करते हैं। दोनों बेटियों की शादी होना बाकी है। पत्नी ज्ञानती देवी ने बताया- सितंबर, 2025 में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने उनके घर पर छापेमारी की थी। इसके बाद विभाग की ओर से 1 लाख 12 हजार रुपए का बकाया बिजली बिल जमा करने का नोटिस जारी किया गया था। हम लोगों के लिए इतनी बड़ी रकम जमा करना आसान नहीं था। इसके बावजूद पति सुरेंद्र लगातार विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे।







स्टडेड गोल्ड ज्वेलरी का 10% वृद्धि के साथ 4,429 करोड़ का एक्सपोर्ट हुआ, रफ हीरों के आयात में 27.89% की गिरावट के बीच उद्योग को मिला सहारा

# मई में लैबग्रोन डायमंड का निर्यात 41% वृद्धि के साथ 970.27 करोड़ पहुंचा नेचुरल में 16% का उछाल, एक ही महीने में 10,348 करोड़ के हीरे एक्सपोर्ट हुए

भास्कर न्यूज़ | सूरत

वैश्विक बाजार में नेचुरल डायमंड की मांग और व्यापार में मंदी के बीच सूरत के हीरा उद्योग के लिए राहत की खबर सामने आई है। सूरत अब वैश्विक स्तर पर लैब-ग्रोन डायमंड (एलजीडी) का सबसे बड़ा उत्पादन केंद्र बन रहा है। हाल के आंकड़े यह दिखाते हैं कि यह सेगमेंट उद्योग के लिए नए ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है। जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) की मई-2026 की रिपोर्ट के अनुसार, पॉलिश्ड लैब-ग्रोन डायमंड के निर्यात में मूल्य के लिहाज से 41.27% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष मई-2025 के दौरान लैब-ग्रोन डायमंड का निर्यात 686.84 करोड़ रुपए था, जो मई-2026 में बढ़कर 970.27 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। केवल मूल्य में ही नहीं बल्कि मात्रा के लिहाज से भी शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 2026 में अप्रैल-मई के दौरान भारत से कुल 28.34 लाख कैरेट लैबग्रोन हीरों का निर्यात हुआ था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.81 प्रतिशत अधिक है।

प्राकृतिक हीरों के कारखानों में काम घटने की चिंताओं के बीच लैब-ग्रोन हीरों का बढ़ता उत्पादन हजारों रत्न कलाकारों के लिए रोजगार का महत्वपूर्ण साधन बन रहा है। वैश्विक महंगाई और उपभोक्ताओं की पसंद बदल रही है।

**भास्कर एनालिसिस** | प्लेटिनम ज्वेलरी का एक्सपोर्ट भी 182 करोड़ पहुंचा

### रफ हीरों के आयात में गिरावट, लैबग्रोन का सहारा

आंकड़ों का विश्लेषण करें तो अप्रैल-मई 2026 के दौरान रफ हीरों का आयात 19,147.07 करोड़ रुपए से घटकर 13,807.77 करोड़ रुपए हो गया है। यानी आयात में 27.89 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। कच्चे माल के आयात में आई यह कमजोरी प्राकृतिक हीरा उद्योग की धीमी गति का स्पष्ट संकेत देती है। हालांकि लैबग्रोन डायमंड की बढ़ती मांग ने इस कमी को बड़े पैमाने पर पूरा किया है और सूरत के हीरा उद्योग को अधिक गंभीर असर से बचाने में मदद की है। अब ग्राहक इको-फ्रेंडली लैबग्रोन हीरों की तरफ रुख कर रहे हैं।

### प्रोडक्ट की कैटेगरी के अनुसार वृद्धि और गिरावट

| प्रोडक्ट कैटेगरी | मई-2025 | मई-2026 | वृद्धि/कमी |
|---|---|---|---|
| नेचुरल डायमंड | 8,086.48 | 9,378.53 | +15.98% |
| लैब-ग्रोन डायमंड | 686.84 | 970.27 | +41.27% |
| प्लेन गोल्ड ज्वैलरी | 3,557.84 | 2,818.20 | -20.79% |
| स्टडेड गोल्ड ज्वैलरी | 4,024.23 | 4,429.56 | +10.07% |
| सिल्वर ज्वैलरी | 724.78 | 928.02 | +28.04% |
| प्लेटिनम ज्वैलरी | 182.30 | 182.58 | +0.15% |

▪ **कीमत में 90% से अधिक का अंतर** | लैब-ग्रोन डायमंड की सबसे बड़ी ताकत उसकी कम कीमत है। अप्रैल-मई के आंकड़ों के मुताबिक, प्राकृतिक हीरों की औसत निर्यात कीमत 699.94 यूएस डॉलर प्रति कैरेट थी, जबकि लैबग्रोन हीरों की औसत कीमत महज 68.73 यूएस डॉलर प्रति कैरेट रही। यानी लैबग्रोन प्राकृतिक हीरों की तुलना में 90% से भी अधिक सस्ते हैं।

▪ **सोने के भाव में उछाल से डायमंड ज्वैलरी को फायदा** | वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। इसके कारण सामान्य सोने के गहनों की खरीद महंगी होने से प्लेन गोल्ड ज्वेलरी का निर्यात 3,557.84 करोड़ से घटकर 2,818.20 करोड़ रह गया है। दूसरी स्टडेड गोल्ड ज्वैलरी के निर्यात में 10.07% की वृद्धि दर्ज की गई है।

सुबह CCTV, कमरे की जाली तोड़ भागे

## राजकोटः बाल संरक्षण गृह से पाकिस्तानी बच्चे सहित 11 फरार; 1 लौटा, 10 की खोज

भास्कर न्यूज़ | राजकोट

कानूनी संघर्ष में आए और राजकोट के बाल संरक्षण गृह में रखे गए बच्चों में से 11 बच्चे रविवार सुबह CCTV और जाली तोड़कर भाग गए। इनमें एक पाकिस्तानी बच्चा भी, जो लौट आया और 10 लापता हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। घटना के बाद कलेक्टर, DCP सहित वरिष्ठ अधिकारी ऑब्जर्वेशन होम पहुंचे और जांच शुरू की। कलेक्टर ने कहा कि जिस तरह बच्चे भागे हैं, उसे देखकर लगता है कि पूरी योजना बनाकर यह किया गया था।

**ऑब्जर्वेशन होम के CCTV-मजबूत जाली तोड़ भागे**

राजकोट के भक्तिनगर स्टेशन प्लॉट के पास स्थित ऑब्जर्वेशन होम में कानून से संघर्ष में आए 54 किशोरों को रखा गया है, जिनमें 1 पाकिस्तानी बच्चा भी शामिल है। रविवार सुबह करीब 9 बजे 11 बच्चे ऑब्जर्वेशन होम के CCTV और मजबूत जाली तोड़कर फरार हो गए। इनमें से एक पाकिस्तानी बच्चा वापस लौट आया, जिससे राहत मिली है। हालांकि, 10 बच्चे अभी भी लापता हैं, जिससे प्रशासन की भागदौड़ बढ़ गई है।

**कलेक्टर और DCP सहित अधिकारियों में हलचल**

राजकोट जिला कलेक्टर डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि तकनीक और ह्यूमन इंटेलिजेंस से बच्चों को खोजने की प्रक्रिया चल रही है। उन्हें जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। 3 कमरों के ऊपर लगा CCTV कैमरा तोड़ने से 1 बच्चे को चोट लगी, जिससे वार्डन ध्यान रखने में व्यस्त हो गए और अन्य बच्चे जाली तोड़कर वहां से फरार हो गए।

किसान का ट्रैक्टर VS पुलिस का जेसीबी

# सरकार के खिलाफ अन्नदाताओं ने उठाया हल, रैली में झड़प, एक किसान ने किया आत्महत्या का प्रयास

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

किसान अधिकारों के लिए सोमवार को कांग्रेस ने ट्रैक्टरों के साथ अहमदाबाद के शांतिपुरा चौकड़ी से गांधीनगर तक 'किसान अधिकार यात्रा' का आयोजन किया। इस रैली में लगभग 20 से अधिक किसान संगठन शामिल हुए थे। कांग्रेस ने सरकार के सामने कुल 5 मांगें रखी थीं।

कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई, पाल आंबलिया, जयेश पटेल, महेश राजकोटिया और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवाणी ने इस यात्रा का समन्वय किया था।शांतिपुरा चौकड़ी से शुरू होकर जब रैली ओगणज स्थित शताब्दी महोत्सव मैदान पहुंची, तो वहां भारी हंगामा खड़ा हो गया। कांग्रेस की ट्रैक्टर रैली को गांधीनगर तक जाने की अनुमति नहीं होने के कारण पुलिस ने रैली को रोक दिया, जिससे मामला बिगड़ गया। एक समय पर स्थिति 'किसान का ट्रैक्टर VS पुलिस का JCB' जैसी बन गई थी।

कुछ समय के लिए अहमदाबाद रिंग रोड रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। किसानों ने ट्रैक्टर लेकर गांधीनगर जाने की जिद पर अड़े रहकर पुलिस के साथ झड़प की।

पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को रोकने के लिए सड़क पर जेसीबी आड़ा खड़ा कर दिया, तो किसानों ने भी अपने ट्रैक्टर आड़े लगाकर रास्ता जाम कर दिया। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई थी कि ओगणज टोल टैक्स से वैष्णोदेवी सर्कल की तरफ जाने वाला रिंग रोड कुछ समय के लिए यातायात के लिए बंद करना पड़ा।

रैली में 20 से अधिक किसान संगठन शामिल हुए



**12वें दिन सरकार नहीं मानी, तो उसका अंतिम संस्कार कर देंगे**

*हम सरकार को अल्टीमेटम देना चाहते हैं कि मांगों को लेकर हम जेल जाने के लिए तैयार हैं। अगर 11 दिनों के बाद भी सरकार ने जवाब नहीं दिया, तो हम जिलों में ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर खड़े हो जाएंगे और चक्काजाम करेंगे। किसान संघर्ष समिति और किसान कांग्रेस समिति के साथ यदि कोई और आना चाहता है, तो रास्ता रोकने के लिए आ जाए। अगर 12वें दिन भी सरकार नहीं मानी, तो हम उनका बारवां (अंतिम संस्कार की रस्म) कर देंगे।*

**- लालजी देसाई**

**कांग्रेस की सभा में बिखराव** | इस हंगामे के दौरान किसान दो गुटों में बंट गए। एक गुट ट्रैक्टर से न जा पाने के कारण गांधीनगर जाने की जिद में पैदल ही गांधीनगर की तरफ निकल गया। वहीं, दूसरे किसानों को कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने समझा-बुझाकर सभा स्थल पर ले गए। इस बीच अन्य किसानों द्वारा हंगामा किए जाने के कारण कांग्रेस की सभा पूरी तरह विफल हो गई। अमित चावड़ा बिना सभा किए ही वहां से निकल गए, जबकि पाल आंबलिया किसानों को संबोधित करते हुए रो पड़े।

**30 तारीख को चक्काजाम की चेतावनी** | सभा में चेतावनी दी गई है कि आगामी 30 तारीख को हर जिले में रास्ता रोककर चक्काजाम किया जाएगा। यह भी कहा गया है कि किसी भी पार्टी के खेस और झंडे के बिना रास्ते रोके जाएंगे।

एक जुलाई से लागू होगा नया ग्रामीण रोजगार कानून, अब 125 दिन रोजगार

# अब वीबी-जीरामजी में रोजगार की नई गारंटी, प्रदेश को 11581 करोड़ का फंड

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

प्रदेश में एक जुलाई से मनरेगा के स्थान पर 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन' यानी वीबी-जीरामजी लागू हो रही है। वीबी-जीरामजी के लिए राजस्थान को 11 हजार 581 करोड़ रुपए का फंड मिला है। अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिन नहीं, बल्कि 125 दिन रोजगार का कानूनी अधिकार मिलेगा। नया ग्रामीण रोजगार कानून लागू के बाद मजदूरी का भुगतान 15 दिन की बजाय हर सप्ताह सीधे बैंक या डाकघर खाते में किया जाएगा। केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए 7 हजार 581 करोड़ से अधिक का अंतरिम आवंटन तय किया है, जबकि राज्य सरकार शेष 4 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र ने इस योजना में 95 हजार 692 करोड़ रुपए का बजट आवंटन किया है।

**नई व्यवस्था के लिए वह सबकुछ जो आपको जानना जरूरी**

**रोजगार नहीं मिला तो भत्ता, भुगतान लेट हुआ तो मुआवजा** : नए कानून में ग्रामीण श्रमिकों के अधिकारों को और मजबूत किया गया है। यदि निर्धारित अवधि में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया तो पात्र व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। वहीं मजदूरी भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति देने का भी कानूनी प्रावधान किया गया है।

**पुराने जॉब कार्ड फिलहाल रहेंगे मान्य** : सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन मनरेगा जॉब कार्ड धारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनके कार्ड नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक मान्य रहेंगे। इससे लाखों श्रमिकों को संक्रमण काल में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

**नई व्यवस्था लाने की वजह** : केंद्र सरकार का दावा है कि विभागों में चल रही योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कानून लाया गया है। नई व्यवस्था में रोजगार के साथ ग्रामीण विकास पर विशेष फोकस रहेगा।

- 125 दिन रोजगार की कानूनी गारंटी।
- साप्ताहिक भुगतान व्यवस्था।
- योजनाओं का कन्वर्जेंस और एकीकृत क्रियान्वयन।
- रोजगार के साथ आजीविका और स्थायी परिसंपत्तियों पर जोर।
- रोजगार नहीं मिलने पर भत्ता और भुगतान में देरी पर मुआवजा।

## जनता तक मजबूत पकड़ के लिए भाजपा का मिशन ग्राउंड कनेक्ट

**जयपुर** | प्रदेश में कार्यकर्ताओं और आम जनता तक मजबूत पकड़ बनाने के लिए भाजपा का मिशन ग्राउंड कनेक्ट शुरु किया गया है। सत्ता रिपीट के लिए एक पेड़ मां के नाम, जनसंवाद, प्रबुद्ध वर्ग से सम्पर्क और बूथ के कार्यकर्ताओं के बीच रहकर सांसदों का काम करना होगा। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने मिशन ग्राउंड कनेक्ट में सोमवार को आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के बीच रहकर काम किया।

# संतोष देशमुख हत्याकांडः अभियोजन ने मांगी त्वरित सुनवाई, आरोपी विष्णु चाटे की जमानत का विरोध

**बीड**। महाराष्ट्र के चर्चित संतोष देशमुख हत्याकांड में अभियोजन पक्ष ने अदालत से मामले की त्वरित सुनवाई कराने की मांग की है। वहीं, मामले के आरोपी विष्णु चाटे की जमानत याचिका का भी कड़ा विरोध किया गया। सत्र न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 17 जून तय की है। विशेष लोक अभियोजक उज्ज्वल निकम ने अदालत में दलील दी कि बचाव पक्ष जानबूझकर मुकदमे में देरी करने की रणनीति अपना रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (एमसीओसीए) के तहत दर्ज है, इसलिए इससे जुड़े तीनों मामलों को एक साथ देखा जाना चाहिए, न कि अलग-अलग।

दूसरी ओर, बचाव पक्ष ने जमानत और मामले से आरोपमुक्त करने की मांग करते हुए दावा किया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कानूनी समयसीमा के भीतर अदालत में पेश नहीं किया गया। सुनवाई के बाद निकम ने कहा कि 18 महीने पुराने और पहले ही खारिज किए जा चुके मुद्दों को फिर उठाना केवल न्यायिक प्रक्रिया को लंबा खींचने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि आरोप पत्र दाखिल हुए एक वर्ष से अधिक समय हो चुका है, लेकिन मुकदमे की प्रगति धीमी रही है।

गौरतलब है कि विष्णु चाटे को दिसंबर 2024 में संतोष देशमुख के अपहरण और हत्या से जुड़े रंगदारी मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के अनुसार, उसने एक ऊर्जा कंपनी से दो करोड़ रुपये की मांग की थी। रंगदारी का विरोध करने पर 9 दिसंबर 2024 को सरपंच संतोष देशमुख का कथित रूप से अपहरण, यातना और हत्या कर दी गई थी। मामले में सात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है।

## सरकार के खिलाफ रालोपा का प्रदर्शन

**बीकानेर** | राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने सोमवार को बीकानेर में सरकार के खिलाफ अपनी सियासी ताकत का अहसास कराया। जिले की बदहाल बुनियादी व्यवस्थाओं और किसानों-युवाओं के मुद्दों को लेकर रालोपा ने कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला। हाथों में रालोपा के झंडे थामे हजारों कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। आंदोलन के बाद जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।



**मोटी दांती पर समुद्र का काला कहर**

वर्षों के समुद्री कटाव ने गांव के अस्तित्व को खतरे में डाला; कई परिवार जमीन-घर खोकर मुआवजे के इंतजार में, सुरक्षा दीवार के अपर्याप्त काम के बीच भी भारी चिंता बरकरार

वलसाड के समुद्र तट पर प्रकृति का प्रकोप और प्रशासन की उदासीनता

# समुद्र ने 348 हेक्टेयर जमीन निगली, किसान के हाथ बेकार हो चुके सिर्फ 7/12 की कॉपी

**भास्कर इन्वेस्टिगेशन**

मेहुल पटेल, राकेश पटेल | वलसाड, डूंगरी

वलसाड तालुका के समुद्र तटीय गांव मोटी दांती में प्रकृति के प्रकोप और प्रशासन की घोर उदासीनता का मामला सामने आया है। समुद्र ने 348 हेक्टेयर जमीन निगला, मगर हकीकत में लाचार किसानों के हाथ में केवल पुराने और लगभग बेकार हो चुके 7/12 की कॉपी ही रह गई है, लेकिन प्रशासन ने इनको एक भी रुपए मुआवजा नहीं दिया।

**आर्थिक नुकसानः प्रति बीघा ₹25-30 लाख कीमत**

मोटी दांती क्षेत्र में वर्तमान बाजार दर के अनुसार प्रति बीघा जमीन की कीमत 25 से 30 लाख रुपए है। इस हिसाब से देखा जाए तो समुद्र में समा चुकी जमीन की कीमत अरबों रुपए होती हैं। किसानों की यह आर्थिक रीढ़ टूटने के बावजूद प्रशासन अब तक मौन धारण किए बैठा हुआ है।

**यह मेरा छठा घर है, पहले के 5 घर समुद्र निगल गया!**

***स्थानीय 60 वर्षीय बुजुर्ग कानजी टंडेल आपबीती बताते हुए कांप उठते हैं:*** "अपने 60 वर्षों के जीवन में मैंने अपनी आंखों के सामने आजीविका के साधन और एक के बाद एक घरों को समुद्र में विलीन होते देखा है। इस समुद्र ने मेरे 5 घर छीन लिए। फिलहाल जिस झोपड़ी जैसे अस्थायी घर में रहता हूं, वह छठा घर है! पता नहीं यह आज रात सुरक्षित रहेगा या कल सुबह तक समुद्र में समा जाएगा..."

## पूर्व विधायक का पैरोल प्रार्थना पत्र एक सप्ताह में तय करेंः हाईकोर्ट

**जयपुर** | लोक सेवक पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तीन साल की सजा काट रहे अंता के पूर्व विधायक कंवर लाल मीणा के पैरोल प्रार्थना पत्र को हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एक सप्ताह में तय करने का निर्देश दिया है। जस्टिस गणेश राम मीणा और जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर की खंडपीठ ने यह आदेश कंवर लाल मीणा की पैरोल याचिका पर दिया। याचिका में कहा कि उसे तीन साल की सजा मिली थी। पैरोल नियमों के तहत एक चौथाई सजा पूरी होने पर स्थायी पैरोल देने का प्रावधान है।

# भावनगर में 3.69 करोड़ रुपए का गबन करने वाला एमडी मुंबई से गिरफ्तार, कनाडा भागने की तैयारी थी

क्राइम ब्रांच कनाडा भागने से पहले ही पकड़ लिया, धोखाधड़ी की रकम 40 करोड़ तक पहुंचने की आशंका

भास्कर न्यूज़ | भावनगर



भावनगर शहर में 'श्री बापा सीताराम क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' के नाम पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने और अपने परिवार के साथ मुंबई भाग जाने वाले सोसाइटी के प्रबंध निदेशक (एमडी) को स्थानीय अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। आकर्षक योजनाओं में निवेश का झांसा देकर लोगों से करोड़ों रुपए वसूलने के बाद सोसाइटी को बंद कर दिया गया था। अपराध शाखा ने तकनीकी सूत्रों और गुप्त सूचनादाताओं की मदद से आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है और नीलमबाग पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार ठगे गए निवेशकों ने भावनगर स्थित श्री बापा सीताराम क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के प्रबंधकों के खिलाफ 9 मई को स्थानीय अपराध शाखा में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू की और पीड़ित 13 निवेशकों के बयान दर्ज किए। इस दौरान पता चला कि सोसाइटी के तत्कालीन अध्यक्ष अनिलभाई विनोदराय पंड्या (इस्कॉन मेगा सिटी, भावनगर) का 15 मार्च को निधन हो गया था। वहीं, सोसाइटी के प्रबंध निदेशक नरेश खिमचंदभाई शाह (प्लॉट नंबर 567, इस्कॉन मेगा सिटी, भावनगर) रात के समय घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ भावनगर से फरार हो गए। पुलिस को इस बात का पुख्ता संदेह था कि आरोपी नरेश शाह भारत छोड़कर कनाडा भागने की योजना बना रहा था।

**भास्कर खास** | ऑक्सफोर्ड विवि; दुनिया के 205 बड़े शहरों का विश्लेषण

# 0.70 हीट रिस्क स्कोरः दुनिया के 50 सबसे जोखिम वाले शहरों में जयपुर, 'कोपिंग कैपेसिटी' बहुत कमजोर

बकुल महेश माथुर | जयपुर

हर साल राजस्थान में गर्मी के नए रिकॉर्ड बनते हैं। लेकिन एक नए वैश्विक अध्ययन का निष्कर्ष इससे भी ज्यादा चिंताजनक है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से जुड़े शोधकर्ताओं द्वारा की गई अंतरराष्ट्रीय जर्नल सस्टेनेबल सिटीज एंड सोसायटी के मुताबिक जयपुर दुनिया के उन शहरों में शामिल है, जहां गर्मी का खतरा सबसे अधिक माना गया है। अध्ययन में जयपुर को दुनिया के 50 सबसे अधिक हीट-रिस्क वाले शहरों में शामिल किया गया है। इस शहरों का विश्लेषण किया गया। बता दें, भारत के जिन शहरों को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा गया है उनमें अहमदाबाद, नागपुर, मदुरै, भोपाल, कानपुर, पटना, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, चेन्नई और जयपुर शामिल हैं।

**हीट एक्सपोजर 0.78, संवेदनशीलता स्कोर 0.62**

अध्ययन में जयपुर का हीट एक्सपोजर स्कोर 0.78, संवेदनशीलता स्कोर 0.62 और गर्मी से निपटने की क्षमता में कमी का स्कोर 0.77 पाया गया। इन तीनों को मिलाकर जयपुर का समग्र हीट रिस्क स्कोर 0.70 रहा, जो इसे दुनिया के उच्च जोखिम वाले शहरों की श्रेणी में रखता है।

शोधकर्ताओं के अनुसार किसी शहर में केवल अधिक तापमान होना ही खतरे का कारण नहीं होता। यदि शहर में पर्याप्त ग्रीन एरिया, छायादार सार्वजनिक स्थान, सस्ती बिजली, कूलिंग सुविधाएं और गर्मी से बचाव की सुविधा उपलब्ध हों तो जोखिम कम किया जा सकता है। जयपुर के मामले में सबसे चिंताजनक संकेत इसकी कमजोर 'कोपिंग कैपेसिटी' है, जो बताती है कि शहर के पास बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए पर्याप्त प्राकृतिक और बुनियादी ढांचा आधारित सुरक्षा कवच नहीं है। अध्ययन में सामने आया कि कई ऐसे शहर हैं जहां तापमान बहुत अधिक होने के बावजूद उनका कुल जोखिम अपेक्षाकृत कम है क्योंकि वहां हरित क्षेत्र, बिजली की उपलब्धता और कूलिंग सुविधाएं बेहतर हैं। कुछ शहरों में तापमान अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद सामाजिक-बुनियादी ढांचे की कमजोरियों के कारण जोखिम अधिक पाया गया।

## मुंबईः 19 साल पुराने हत्या मामले में महिला बरी

**मुंबई**। मुंबई की एक अदालत ने 19 साल पुराने हत्या के मामले में 68 वर्षीय महिला और उसके सह-आरोपी को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि 2006 में बरामद सिरविहीन धड़ वास्तव में महिला के लापता पति का ही था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश के. जाधव ने बंसीबेन खरवा और सह-आरोपी इरशादअली शाह को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन न तो हत्या के पीछे का कथित मकसद साबित कर सका और न ही आरोपियों की संलिप्तता। मामले के अनुसार 14 मई 2006 को नागपाड़ा क्षेत्र में पुलिस को गश्त के दौरान एक पुरुष का क्षत-विक्षत धड़ कपड़े में लिपटा मिला था।

## पालिताणा में लाइट फिटिंग के बकाया पैसों की वसूली को लेकर युवक की हत्या

भास्कर न्यूज़ | पालिताणा

पालिताणा के मुख्य बाजार स्थित आयंबिल शाला क्षेत्र में मुस्लिम समाज के दो समूहों के बीच बीती देर रात हुई जानलेवा मारपीट में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं और उन्हें आगे के उपचार के लिए भावनगर अस्पताल भेजा गया है। करीब एक वर्ष पहले मेरे भतीजे इब्राहिम के घर लाइट फिटिंग का काम कराने के लिए इलेक्ट्रिक सामान इकबालभाई उर्फ घेलाभाई मेहतर की दुकान से लिया गया था। उसके कुछ पैसे बकाया थे। इसी पैसे के मामले को लेकर लगभग बीस दिन पहले हमारे बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। उसी पैसे की वसूली की रंजिश रखते हुए चाचा और भतीजे को जान से मारने के इरादे से साजिद, इब्राहिम और उसके मित्र मयुद्दीन के साथ मारपीट की। इसके बाद उन लोगों ने गालियां देनी शुरू कर दी और डंडों और चाकू से हमला कर दिया। इस घातक हमले में साजिद हुसैनभाई मेहतर (24 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि भतीजे इब्राहिम को पसली में चाकू के वार किया गया वहीं मयुद्दीन पर डंडे से हमला किया गया, वह घायल है।

इस संबंध में मृतक के पिता हुसैनभाई उर्फ अदाभाई इस्माइलभाई मेहतर ने पालिताणा टाउन पुलिस स्टेशन में लतीफ इकबाल उर्फ घेला मेहतर, साबिर इकबाल उर्फ घेला मेहतर, इकबाल उर्फ घेला अलारख मेहतर, यूनुस जमाल पादरशी और सफी उर्फ भूरो मेहतरके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## मुंबईः मानसून में चार माह बंद रहेगी माथेरान टॉय ट्रेन

**मुंबई**। मानसून के मद्देनजर सेंट्रल रेलवे ने ऐतिहासिक नेरल-माथेरान नैरोगेज रेलवे लाइन के नेरल-अमन लॉज खंड पर नियमित यात्री सेवाएं 15 अक्टूबर तक स्थगित कर दी हैं। हालांकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए माथेरान और अमन लॉज के बीच शटल ट्रेन सेवाएं नियमित रूप से संचालित होती रहेंगी। 1907 में शुरू हुई नेरल-माथेरान टॉय ट्रेन महाराष्ट्र की प्रमुख विरासत रेल सेवाओं में शामिल है। पश्चिमी घाट के घने जंगलों, तीखे मोड़ों और ऊंची ढलानों से गुजरने वाली यह ट्रेन पर्यटकों, खासकर बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय है। रेलवे के अनुसार माथेरान और अमन लॉज के बीच प्रतिदिन दोनों दिशाओं में छह-छह शटल सेवाएं चलाई जाएंगी। इसके अलावा शनिवार और रविवार को दो अतिरिक्त विशेष फेरे भी संचालित होंगी।

**प्रेरणा**
संतुष्टि यानी आपके पास जो कुछ है, उसका मजा उठाएं। - एपिक्यूरस

**संपादकीय**

# देश में इलाज बिना होने वाली मौतें चिंताजनक हैं

**सैम्पल** रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2020 के बाद देश में औसतन हर दूसरे व्यक्ति की मृत्यु प्रशिक्षित डॉक्टर से इलाज के अभाव में हुई है। 2020 तक लगभग हर छह में केवल एक (18%) को इलाज मयस्सर नहीं था, लेकिन अचानक अगले चार साल में स्थिति असाधारण रूप से बदली और 2024 तक 45.5% मरने वाले वे थे, जिनका मृत्यु के पहले न तो अस्पताल में इलाज हुआ न किसी प्रशिक्षित डॉक्टर की देखरेख में। विश्लेषक ही नहीं सरकार भी इन आंकड़ों से चिंतित है। बदलाव के तीन कारण हो सकते हैं- डॉक्टरों और अस्पताल का पहुंच में न होना, इलाज की बढ़ती कीमत और मौत की स्थिति की सही रिपोर्टिंग। लेकिन आंकड़ों पर भरोसा इसलिए भी है क्योंकि बिहार में वर्ष 2020-24 के दौरान पाया गया कि औसतन हर तीन में दो ऐसे हैं, जिनकी बिना किसी डॉक्टर या अस्पताल (सरकारी या निजी) में इलाज के मृत्यु हुई, जबकि केरल में हर चार में से केवल एक की इलाज-विहीन मौत हुई। बिहार के बाद झारखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा में इलाजविहीन मौतों का प्रतिशत क्रमशः 61.8, 60.1, 54.2, 52.6, और 52 रहा। इसके उलट केरल के बाद ऐसी मौतों का प्रतिशत जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, दिल्ली और एमपी में सबसे कम रहा है।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# यदि हम अहंकारी हैं तो अपना ही नुकसान कर रहे होते हैं

**अहंकार** को लेकर हमारे शास्त्रों में अलग-अलग ढंग से कई बातें बोली गई हैं। अभिमान भक्ति के मार्ग में बहुत बड़ी बाधा है और संसार में भी घमंड आखिर में तकलीफ ही देता है। अब इस बात को एक नए ढंग से तुलसीदास जी प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने अभिमान को क्लेश और शोक से जोड़ दिया : संसृत मूल सूलप्रद नाना, सकल सोक दायक अभिमाना- अभिमान जन्म-मरण रूप संसार का मूल है और अनेक प्रकार के क्लेशों तथा समस्त शोकों का देने वाला है। क्लेश पांच होते हैं- अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश। ये मनुष्य को पीड़ा पहुंचाते हैं। इसीलिए अभिमानी व्यक्ति कभी शांत नहीं पाया जाता। उसका अहंकार उसको भीतर से कम्पित रखता है, बेचैन रखता है, वो बाहर से भले ही शांत रहने का अभिनय करे। इसी तरह शोक मन में उत्पन्न होने वाली पीड़ा की एक मानवीय प्रतिक्रिया होती है। तो तुलसीदास जी का संदेश यह है कि यदि हम अहंकारी हैं तो हम अपना ही नुकसान कर रहे होते हैं।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**नया विचार** • डिजिटल-पीढ़ी का सामना राजनीति से

# 2011 और 2026 के भारतीय युवाओं में क्या अंतर आया है?

**युवा मन**



चेतन भगत
अंग्रेजी के उपन्यासकार
chetan.bhagat@gmail.com

**कॉकरोच** जनता पार्टी या सीजेपी के देखते ही देखते करोड़ों फॉलोअर्स बन गए। लेकिन फॉलोअर्स की विशाल संख्या सोशल मीडिया हैंडलों पर थी। सड़कों पर नहीं। सीजेपी ने जंतर-मंतर पर एक वास्तविक सभा जरूर की और मीडिया ने भी इसे अच्छे से कवर किया। फिर भी वहां कुछ सौ या हजार लोग ही पहुंचे। भारत के मॉल्स में किसी मामूली सेलिब्रिटी के आने पर भी इससे ज्यादा भीड़ जुट जाती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन के बीच इतना अंतर क्यों था? क्या जेन-जी आलसी है? या वे उतने असंतुष्ट नहीं हैं और अपेक्षाकृत आरामदायक जीवन जी रहे हैं? लेकिन यह एक सामान्यीकरण होगा। असली वजह इससे कहीं गहरी है। सीजेपी को समझना एक मायने में मौजूदा जेन-जी को समझने का भी एक बेहतरीन तरीका है।

तुलना की जा रही है कि सीजेपी वर्ष 2011 के भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन जैसी नहीं है। यह समानता समझ में आती है। दोनों ने जनता की निराशा को आवाज दी। दोनों ने युवाओं को आकर्षित किया। दोनों पारंपरिक राजनीतिक ढांचे से बाहर उभरे। लेकिन सीजेपी ने वैसा मामूली-सा भी जनसमर्थन पैदा नहीं किया, जैसा 2011 में अन्ना हजारे ने किया था। लेकिन इससे पहले हमें एक बड़े सवाल को समझना होगा : जब स्मार्टफोन के दौर में पली-बढ़ी डिजिटल-फर्स्ट पीढ़ी का सामना राजनीति से होता है, तो क्या होता है? क्योंकि 2011 और 2026 के बीच यही सबसे बड़ा अंतर है।

2011 में देश लगभग वही प्रमुख टीवी चैनलें देखता था। लोग एक जैसी सुर्खियों पर चर्चा करते थे। जंतर-मंतर पर हुआ प्रदर्शन राष्ट्रीय खबर बन जाता था, क्योंकि हर कोई एक ही स्क्रीन पर था। आज देश एल्गोरिदम से बने अलग-अलग डिजिटल दायरों में जीता है। कोई सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाला छात्र पूरा दिन यूपीएससी संबंधी वीडियो देख सकता है। कोई दूसरा स्टार्टअप से जुड़े प्रभावशाली लोगों को फॉलो करता है। तीसरा मेकअप ट्यूटोरियल देखता है। चौथा राजनीतिक मीम्स की दुनिया में रहता है। सभी ऑनलाइन हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि वे सभी एक ही वास्तविकता का अनुभव कर रहे हों। इससे लोगों को एकजुट व संगठित करना कठिन हो जाता है।

2011 के आंदोलन का एक मुद्दा था : भ्रष्टाचार खत्म करो। देश जानता था कि वह किस बात से नाराज है और क्या चाहता है। सीजेपी का मामला इससे अलग है। इसके समर्थक कई तरह की बातें करते हैं- बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाएं, पेपर लीक, जीवन-यापन की बढ़ती लागत, राजनीतिक अहंकार, अवसरों की कमी, युवाओं की निराशा। ये सभी वास्तविक चिंताएं हैं। समस्या यह है कि चिंताएं बहुत अधिक हैं। एक शिकायत के आधार पर देश को संगठित करना दस शिकायतों के आधार पर करने की तुलना में आसान होता है।

फिर दोनों का लहजा भी अलग है। भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन गंभीर था। लगभग आध्यात्मिक। लोग गांधी-टोपी पहनकर रैलियों में जाते थे। उन्होंने उपवास तक किए! वहीं सीजेपी हास्य के माध्यम से उभरी। यह मीम्स, व्यंग्य, विडंबना पर आधारित है। यह पूरी तरह डिजिटल भी है, जिससे यह अविश्वसनीय गति से फैल सकती है। लेकिन इस प्रणाली के साथ एक समस्या है। बहुत से लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। वे इसे पसंद करेंगे और साझा करेंगे, लेकिन जरूरी नहीं कि वे आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए आगे आएं। और हर कंटेंट क्रिएटर इस कड़वी सच्चाई को जानता है।

अगर लाखों युवा रोजगार और परीक्षाओं जैसे मुद्दों से जुड़ रहे हैं, तो ऐसा तब नहीं होता जब वे पूरी तरह संतुष्ट हों। निराशा वास्तविक है। सवाल यह है कि उसे व्यक्त

**यह किसी कमजोर या आलसी पीढ़ी की कहानी नहीं है। यह एक ऐसी पीढ़ी की कहानी है, जो राजनीति को अलग तरीके से व्यक्त करती है। जो विरोध के बैनर उठाने से पहले अपने फोन की ओर हाथ बढ़ाती है। पर क्या डिजिटल आक्रोश वास्तविक दुनिया को बदल सकता है?**

कैसे किया जा रहा है। पुरानी पीढ़ी अक्सर राजनीति को भौतिक कार्रवाई के माध्यम से देखती है- प्रदर्शन, विरोध, धरना, मार्च। लेकिन जेन-जी अलग साधनों के साथ बड़ी हुई है- पोस्ट करना, कमेंट करना, शेयर करना, कंटेंट बनाना। यहीं पर पुरानी और नई पीढ़ी के बीच गलतफहमी पैदा होती है। कोई बुजुर्ग व्यक्ति पूछ सकता है, अगर आप इतने नाराज हैं तो सड़कों पर क्यों नहीं हैं? एक युवा जवाब दे सकता है, अगर लाखों लोगों ने मेरी पोस्ट देख ली है, तो फिर सड़कों पर आने की जरूरत क्या है? 2011 में अगर लोगों को लगता था कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही, तो वे इकट्ठा होते थे। 2026 में अगर लोगों को लगता है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही, तो वे पोस्ट करते हैं। सोशल मीडिया एक तरफ आवाज को बढ़ाने वाला माध्यम बन गया है, तो दूसरी तरफ दबाव निकालने का रास्ता भी। इंटरनेट राजनीतिक ऊर्जा के एक बड़े हिस्से को अपने भीतर समाहित कर लेता है, जो कभी सड़क पर उतरकर आंदोलन का रूप ले सकती थी। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**विश्लेषण** • वहीं यूएस-इजराइल की साख घटी है

# युद्ध के तमाम नुकसानों के बावजूद ईरान मजबूत हुआ है

**भू-राजनीति**



मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

**तमाम** आकलनों से अब यह स्पष्ट है कि ईरान के खिलाफ युद्ध अमेरिका-इजराइल गठबंधन के लिए एक रणनीतिक विफलता साबित हुआ है। 28 फरवरी को यह युद्ध होर्मुज को फिर से खोलने के उद्देश्य से नहीं शुरू किया गया था; उस समय वह पहले ही खुला हुआ था। न ही इसका उद्देश्य ईरान की परमाणु क्षमता को कम करना था; क्योंकि युद्ध शुरू किए जाने से कुछ दिन पहले कतर की मध्यस्थता में हुई वार्ताओं में ईरान इसके लिए पहले ही सहमत हो चुका था। यह युद्ध ईरान की इस्लामिक हुकूमत को गिराने के मकसद से छेड़ा गया था और इसी के तहत अयातुल्लाह खामेनेई की हत्या की गई थी। जबकि हकीकत यह है कि खामेनेई ने ही ईरान को अभी तक परमाणु हथियार बनाने से रोक रखा था। अब सर्वोच्च नेता के रूप में मोज्तबा खामेनेई के नेतृत्व वाला शासन- युद्ध में भारी नुकसान के बावजूद- पहले से अधिक संगठित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

इस युद्ध ने ईरान की होर्मुज में यातायात रोकने की क्षमता और दुनिया की दो प्रमुख सैन्य शक्तियों अमेरिका और इजराइल से मुकाबला करने की उसकी क्षमता को उजागर किया। गहरे भूमिगत ठिकानों से दागी गई मिसाइलों और ड्रोन के संयोजन के जरिए ईरान इजराइल पर हमले करने, खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को गंभीर क्षति पहुंचाने और अमेरिका के खाड़ी सहयोगियों को भी नुकसान पहुंचाने में सक्षम रहा।

अब इसे आप चाहे जिस नजरिए से देखें, संभावना यही है कि हमें आर्थिक, राजनीतिक और क्षेत्रीय दृष्टि से एक अधिक मजबूत ईरान देखने को मिलेगा। इस युद्ध ने खाड़ी क्षेत्र में पारंपरिक अमेरिकी सुरक्षा ढांचे की सीमाओं को उजागर कर दिया है। दशकों तक पूरे क्षेत्र में फैले अमेरिकी बेस स्थिरता और प्रतिरोध की गारंटी के रूप में काम करते रहे थे, लेकिन आज उनकी प्रभावशीलता पहले जैसी नहीं दिखती। पहले ही कई खाड़ी सहयोग परिषद देश ईरान के प्रति अपने सुरक्षा संबंधों और रुख का पुनर्मूल्यांकन करने लगे हैं।

भारत के दो-तिहाई आकार वाले ईरान के पास तेल और गैस जैसे पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन हैं, साथ ही शिक्षित मध्यम वर्ग के रूप में मानव संसाधन भी मौजूद है। अब तक ईरान का प्रभाव अमेरिका के साथ उसके टकराव के कारण सीमित रहा है। इसकी शुरुआत 1979 में हुई थी, जब एक राजनीतिक विद्रोह ने अमेरिका के सहयोगी शाह को सत्ता से हटा दिया था। आंतरिक उथल-पुथल और बाहरी प्रतिबंधों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन ने भी ईरान को एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने से रोक दिया।

लेकिन अब बदलाव का अवसर मौजूद है। हालांकि बड़ी बाधाएं अभी भी बनी हुई हैं। सबसे बड़ी बाधा तो इजराइल ही है, जो बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता वाले और हिजबुल्ला-हूती के साथ गठबंधन रखने वाले ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता। इजराइल ने यह दावा करते हुए अमेरिका को युद्ध शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था कि इस्लामिक हुकूमत तेजी से ढह जाएगी, लेकिन इसके बजाय उसने ऐसी घटनाओं की श्रृंखला शुरू कर दी है, जिसने वास्तव में ईरान की रणनीतिक स्थिति को और मजबूत किया है।

दो चरणों वाली वार्ताओं को देखते हुए इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि परमाणु मुद्दे पर ईरान वास्तव में अमेरिकी शर्तों पर हस्ताक्षर करेगा। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने सभी समृद्ध यूरेनियम भंडार को देश से बाहर भेज दे और अपने सेंट्रीफ्यूज को नष्ट कर दे। ईरान अपने तीन में से दो यूरेनियम संवर्धन स्थलों को बंद करने के लिए तैयार है, लेकिन सभी को बंद करने

**इजराइल ने यह दावा करते हुए अमेरिका को युद्ध शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था कि इस्लामिक हुकूमत तेजी से ढह जाएगी। लेकिन इसके बजाय उसने ऐसी घटनाओं की श्रृंखला शुरू कर दी है, जिसने वास्तव में ईरान की रणनीतिक स्थिति को और मजबूत किया है।**

के लिए नहीं। ईरान का कहना है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत उसने परमाणु हथियार नहीं बनाने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए यूरेनियम संवर्धन का उसे अधिकार है।

ट्रम्प का लक्ष्य परमाणु समझौते के हिस्से को उस समझौते से अधिक सख्त बनाना है, जिस पर 2015 में ओबामा प्रशासन के दौरान बातचीत हुई थी और जिसे उन्होंने 2018 में रद्द कर दिया था। लेकिन स्थिति कठिन है। चूंकि इस मुद्दे पर शांति समझौते के दूसरे चरण में ही चर्चा होगी, इसलिए बड़ा सवाल यह है कि अगर चीजें अमेरिका की इच्छा के अनुसार नहीं चलती हैं तो क्या अमेरिका में फिर से ईरान को सैन्य रूप से धमकाने की क्षमता होगी? **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर
अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**अर्थव्यवस्था** अमेरिका में मिलने वाले प्रति घंटा वेतन में पिछले तीन माह से गिरावट जारी, मध्यम वर्ग की आय धीमी गति से बढ़ रही, एआई से भी बढ़ी समस्या

# अमेरिका में 20 शीर्ष अमीरों की संपत्ति राष्ट्रीय उत्पादन के 12% तक पहुंची

बेन कैसलमैन

**अमेरिकी** अर्थव्यवस्था इस समय एक विरोधाभास से गुजर रही है, जहां एक ओर अरबपतियों की संपत्ति नई ऊंचाइयों पर पहुंच रही है, वहीं आम वर्कर्स बढ़ती महंगाई और भविष्य की अनिश्चितताओं से जूझ रहे हैं। पिछले सप्ताह इसकी झलक दो घटनाओं में दिखाई दी। बुधवार को लेबर ब्यूरो ने बताया कि ऊर्जा कीमतों (बिजली, पेट्रोल, गैस, डीजल) में बढ़ोतरी ने औसत अमेरिकी कर्मचारी की पिछले डेढ़ साल की वास्तविक वेतन वृद्धि लगभग खत्म कर दी। वहीं शुक्रवार को स्पेसएक्स के आईपीओ के बाद इलॉन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन गए।

अर्थशास्त्रियों गैब्रियल जकमैन और इमैनुएल साएज के अनुसार, 19वीं सदी के उत्तरार्ध के तथाकथित 'गिल्डेड एज' में सबसे अमीर अमेरिकियों की संपत्ति देश के वार्षिक आर्थिक उत्पादन के लगभग 3% के बराबर थी। आज अमेरिका के शीर्ष 0.00001% यानी लगभग 20 लोगों की संपत्ति राष्ट्रीय उत्पादन (अमेरिकी कंपनियों द्वारा अमेरिका और अन्य देशों में सालाना किया जाने वाला उत्पादन ) के 12% तक पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी इतिहास में शीर्ष स्तर पर संपत्ति का इतना बड़ा केंद्रीकरण पहले कभी नहीं देखा गया। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर स्टीफेनी स्टेंटचेवा के अनुसार, शेयर बाजार में लगातार उछाल ने लोगों में यह भावना पैदा की है कि आर्थिक व्यवस्था कुछ चुनिंदा लोगों के लिए अधिक काम कर रही है। हालांकि आधे से अधिक अमेरिकी परिवार प्रत्यक्ष रूप से या रिटायरमेंट फंड के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश रखते हैं और उन्हें भी लाभ मिला है, लेकिन फेडरल रिजर्व के आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक में मध्यम वर्ग की संपत्ति अमीरों की तुलना में कहीं धीमी गति से बढ़ी है। ईरान से जुड़े तनाव और ऊर्जा कीमतों में उछाल के कारण मई में अमेरिका की मुद्रास्फीति तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। महंगाई को समायोजित करने के बाद प्रति घंटे मिलने वाला वास्तविक वेतन लगातार तीन महीनों से घट रहा है। नतीजतन, ट्रम्प के मौजूदा कार्यकाल के शुरुआती दौर में हुई वेतन वृद्धि का बड़ा हिस्सा खत्म हो गया है।

अमेरिकी परिवार पहले ही कोविड-19 महामारी, चार दशक की सबसे ऊंची महंगाई, ऊंची ब्याज दरों, टैरिफ और मंदी की आशंकाओं का सामना कर चुके हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक नई चिंता बनकर उभरा है। कई तकनीकी कंपनियों के प्रमुख चेतावनी दे चुके हैं कि एआई आने वाले वर्षों में अनेक श्रेणियों की नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। कोलंबिया बिजनेस स्कूल के अर्थशास्त्री ग्लेन हबार्ड का कहना है कि जब तकनीकी कंपनियां स्वयं यह संदेश देती हैं कि उनकी तकनीक लोगों की नौकरियां खत्म कर सकती है, तो उसके खिलाफ प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। इसी वजह से अमेरिका में आर्थिक असमानता, सुपररिच वर्ग के बढ़ते प्रभाव और आम लोगों की आर्थिक सुरक्षा को लेकर बहस पहले से अधिक तेज हो गई है।

© The New York Times




**महंगाई बढ़ने के साथ कमाई घटी**

- अमेरिका में महामारी के बाद महंगाई चार दशक में सबसे अधिक हो गई ।
- राष्ट्रीय आय में वर्कर्स के हिस्से में लगातार गिरावट।
- अमीरों की तुलना में मध्यम वर्ग की संपत्ति में बढ़ोतरी की गति धीमी।
- लंबे समय तक महंगाई रहने से कंज्यूमर खर्च से बचते हैं।
- प्रति घंटा वेतनों में तीन माह से गिरावट जारी।

## एआई कंपनियों के कई बड़े आईपीओ आएंगे

टेक कंपनियों को अभी हाल में शेयर मार्केट की तेजी से फायदा हुआ है। स्पेसएक्स के बाद एआई कंपनियों के बड़े-बड़े आईपीओ की श्रृंखला आ सकती है। महंगाई और आय में गिरावट की चिंता के बीच एआई में उछाल के से लोगों का अमीरों की संपत्ति में बढ़ोतरी से असहज होना असामान्य नहीं है।

## कम आय वालों को करना पड़ रहा संघर्ष

अर्थशास्त्रियों के अनुसार महंगाई के दौर से कंज्यूमर का आर्थिक व्यवहार लंबे समय तक प्रभावित रहता है। यह उनके बजट पर बोझ के साथ अनुचित भी है क्योंकि अमीर लोग तो महंगाई का सामना अपेक्षाकृत आसानी से कर लेते हैं जबकि कम आय वाले परिवारों को संघर्ष करना पड़ता है।

## कई अमेरिकी राज्यों में डेटा सेंटरों का विरोध

सर्वेक्षणों के अनुसार कई वर्कर्स करिअर पर एआई टेक्नोलॉजी के पड़ने वाले प्रभाव के बारे में चिंतित हैं। अमेरिका के कई राज्यों में वोटर अपने इलाके में डेटा सेंटरों के निर्माण पर विरोध जता चुके हैं। वे अपने बिजली के बिल, पानी सप्लाई और हवा की क्वालिटी पर इसके असर की बात कह रहे हैं।

**इस हफ्ते चर्चा में...**

# स्विस आबादी को सीमित रखने का प्रस्ताव नामंजूर



**1 करोड़**
तक देश की आबादी सीमित रखने का प्रस्ताव स्विटजरलैंड के वोटरों ने रविवार को एक जनमतसंग्रह में रद्द कर दिया है।

**8.21 लाख रुपए**
मूल्य है न्यूजर्सी, अमेरिका में 19 जुलाई को होने वाले वर्ल्ड कप फुटबॉल फाइनल मैच के एक टिकट का।

**1.13 लाख करोड़ रुपए**
जुटाए हैं जेफ बेजोस के एआई स्टार्टअप प्रोमेथ्यूस ने शेयर बाजार से। कुछ और एआई कंपनियों के आईपीओ आ सकते हैं।

**टेक्नोलॉजी** राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी दिए संकेत

# एआई से कमाई कर रही कंपनियों पर टैक्स लगाने की मांग बढ़ी

पीटर कॉय

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस (एआई) से पैदा हो रही संपत्ति और उसके लाभों के वितरण को लेकर अमेरिका में नई बहस शुरू हो गई है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एआई बड़ी संख्या में नौकरियां और वेतन आधारित काम अपने हाथ में ले लेता है, तो सरकार के टैक्स राजस्व पर भी असर पड़ेगा। ऐसे में एआई से होने वाले लाभ का कुछ हिस्सा सीधे जनता तक पहुंचाने की मांग जोर पकड़ रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में संकेत दिया है कि वे प्रमुख टेक कंपनियों के अधिकारियों से इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं निर्दलीय सीनेटर बर्नी सैंडर्स ऐसी योजना लाने की तैयारी में हैं, जिसके तहत बड़ी एआई कंपनियों पर एकमुश्त टैक्स लगाकर उनके कुछ शेयर सार्वजनिक स्वामित्व वाले फंड में रखे जा सकें। दिलचस्प बात यह है कि ओपनएआई ने भी एआई कंपनियों में सीमित सार्वजनिक स्वामित्व के विचार का समर्थन किया है। हालांकि इस प्रस्ताव का विरोध भी हो रहा है। डेमोक्रेट सांसद ग्रेग कैसर का तर्क है कि एआई कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स नवाचार और रोजगार सृजन को नुकसान पहुंचा सकता है। दूसरी ओर सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन ने डेटा सेंटरों की बिजली खपत पर विशेष लेवी लगाने का सुझाव दिया है। कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि भविष्य में एआई स्वयं निवेश निर्णय लेने लगेंगे। उनके अनुसार, यदि एआई आधारित पूंजी का विस्तार मानव श्रम से तेज होता है, तो भविष्य में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और पूंजी पर कर लगाना अधिक उपयुक्त विकल्प बन सकता है।

© The New York Times

**फाइनल प्रोडक्ट पर टैक्स**

अर्थशास्त्री वर्जीनिया लॉकवुड कहती हैं, एआई कंपनी की प्रोडक्शन प्रक्रिया की बजाय फाइनल प्रोडक्ट पर टैक्स लगाना चाहिए। अगर कोई प्रेमपत्र लिखने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल करता है तो उस पर टैक्स लगे न कि विज्ञापन बनाने पर।

**कानून**

# मीडिया को निशाना बना रहे हैं एफबीआई चीफ

एरिक वेम्पले

**अमेरिका** की प्रमुख अपराध जांच एजेंसी एफबीआई के चीफ काश पटेल ने मीडिया के खिलाफ कड़ा रुख अपना रखा है। वे पिछले सात वर्षों में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों के खिलाफ मानहानि के करीब छह मुकदमे दायर कर चुके हैं।

2019 में व्हाइट हाउस में सहायक रहे पटेल ने यूक्रेन के मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प की भूमिका को लेकर प्रकाशित खबरों पर पॉलिटिको, न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन जैसे प्रमुख मीडिया संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की थी। 2023 में ट्रम्प समर्थकों पर टिप्पणी करने वाले ब्लॉगर जिम स्टीवर्टसन के खिलाफ भी उन्होंने एक करोड़ डॉलर का मानहानि दावा दायर किया था। इस साल अप्रैल में द अटलांटिक में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बाद पटेल ने पत्रिका पर 2.5 अरब डॉलर की क्षतिपूर्ति का मुकदमा दायर कर दिया। जॉर्जिया यूनिवर्सिटी की विशेषज्ञ सोनजा वेस्ट के अनुसार, ऐसी कानूनी कार्रवाई का उद्देश्य केवल मुकदमा जीतना नहीं, बल्कि पत्रकारों को यह संदेश देना भी हो सकता है कि आलोचनात्मक रिपोर्टिंग की कीमत चुकानी पड़ सकती है।

© The New York Times

**इमेज** अमेरिका में रायटर-इप्सोस के सर्वे में खुलासा

# 10 में से 6 लोग मानते हैं कि ट्रम्प पर बढ़ती उम्र का असर दिखने लगा है

केटी रोजर्स

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को 80 साल के हो गए। वे लगातार खुद को ऊर्जावान और सक्रिय नेता के रूप में पेश करने में लगे रहते हैं। वे देर तक जागते हैं, वकीलों और सांसदों को फोन करते हैं, साथ ही ट्रुथ सोशल साइट पर रात में 150 बार पोस्ट करते हैं। वे रविवार की सुबह दुनियाभर के नेताओं से मिडिल ईस्ट युद्ध पर बात करते रहे। फिर ओवल ऑफिस में आकर बैठे। हालांकि उनकी बढ़ती उम्र को लेकर लगातार सवाल भी उठ रहे हैं। फरवरी में रायटर-इप्सोस के एक सर्वे में दस में से लगभग छह अमेरिकी सोचते हैं कि ट्रम्प अधिक अस्थिर होते जा रहे हैं।

ट्रम्प को कई बार सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान झपकी लेते पाया गया है। पिछले सोमवार के मेडिसन स्क्वेयर गार्डन में न्यूयॉर्क निक्स के एक मैच के बीच वे झपकी ले रहे थे। ऐसे ही 4 जून को ओवल ऑफिस में एक घंटे लंबी बैठक के बीच ट्रम्प अपनी कुर्सी पर कुछ सेकंड तक आंख बंद करके झुके रहे। इस माह की शुरुआत में जब ट्रम्प ने एक सप्ताह तक किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया तब कुछ पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया कि वे बीमार हैं। वे इससे पहले वाल्टर रीड नेशनल मिलिटरी मेडिकल सेंटर में शारीरिक परीक्षण कराकर आए थे। जांच के तीन दिन बाद डॉ. सीन बारबबेला ने कहा कि 79 वर्षीय ट्रम्प की सेहत अच्छी है। उनके कार्डियक, पल्मोनरी और न्यूरोलॉजिकल सिस्टम अच्छे से काम कर रही हैं। © The New York Times



## 37 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों की पैमाइश शुरू

# राजस्व विभाग की टीम आज करेगी सबसे विवादित खसरों का सीमांकन

भास्कर न्यूज़ | नूंह

**पहले दिन की खसरा नंबर 54, 55 की पैमाइश**



जमीन की पैमाइश करती सिंचाई व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम।

उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की करोड़ों रुपये मूल्य की करीब 37 एकड़ भूमि पर कथित अवैध कब्जों की जांच के लिए सोमवार से पैमाइश और निशानदेही का कार्य शुरू कर दिया गया। सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने खसरा नंबर 54 और 55 की पैमाइश पूरी करते हुए भूमि का सीमांकन किया।

सिंचाई विभाग के एसडीओ नागेंद्र सिंह और जेई आरएस डागर के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में रीडर कैनाल मजिस्ट्रेट विनोद कुमार, सिंचाई पर्यवेक्षक मेघश्याम शर्मा, अनिल कुमार, जिलेदार नारायण सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। राजस्व विभाग की ओर से पटवारी, गिरदावर और अन्य अधिकारियों ने भी मौके पर रिकॉर्ड के आधार पर भूमि का सत्यापन किया। प्रशासन ने तहसीलदार संजीव नागर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को खसरा नंबर 52 और 53 की पैमाइश की जाएगी, जिन्हें सबसे अधिक विवादित माना जा रहा है। आरोप है कि विभाग की भूमि पर कब्जा कर रिहायशी मकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और पूरा बाजार तक विकसित कर लिया गया है। प्रशासन ने पैमाइश के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की है। रीडर कैनाल मजिस्ट्रेट विनोद कुमार ने बताया कि यदि सरकारी भूमि पर कब्जा पाया गया तो संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने के निर्देश दिए जाएंगे। अनुपालन नहीं होने पर प्रशासनिक सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## पलवल को एनसीआर से बाहर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

भास्कर न्यूज़ | पलवल

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सोमवार को पलवल जिले को एनसीआर से बाहर करने की मांग को लेकर सीटीएम को केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय सचिव रतन सिंह सौरोत ने कहा कि एनसीआर और एनजीटी के कड़े नियमों से किसानों को भारी दिक्कत हो रही है।

कहा, पूर्व सीएम मनोहर लाल ने भी करनाल व पानीपत को एनसीआर से बाहर कराने के लिए केंद्र को चिट्ठी लिखी थी। अगर फायदे होते तो मुख्यमंत्री खुद अपने जिले बाहर नहीं कराते। सौरोत ने बताया 16 जून को दिल्ली में एनसीआर का दायरा 150 किमी से घटाने पर बैठक होनी है।

यूनियन ने मांग की है कि पलवल को तुरंत एनसीआर से बाहर किया जाए। सांसद-विधायकों से भी समर्थन मांगा जाएगा। चेतावनी दी यदि मांग नहीं मानी गई तो बड़ा आंदोलन होगा।

## मस्जिद के इमाम सहित दो पर नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**नूंह** | 15 वर्षीय किशोरी ने मस्जिद के इमाम सहित दो पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। दोनों आरोपी किशोरी का अपहरण कर पड़ोस के गांव ले गए वहां दुष्कर्म कर अलसुबह उसे सड़क पर बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गए। किशोरी पहले इमाम से पढ़ने मस्जिद जाती थी।

फिरोजपुर झिरका सदर पुलिस स्टेशन के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि शनिवार-रविवार की रात उसकी 15 वर्षीय बेटी परिवार के सभी सदस्यों के साथ सोई थी। रात करीब ढ़ाई बजे उसकी आंख खुली तो वह अपने बिस्तर पर नहीं थी। काफी तलाशने के बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा तो पड़ोसी के साथ मिलकर उसने अनहोनी की आशंका से उसे गांव के दूसरे हिस्सों में तलाशा तो वह चार बजे मदापुर गांव की सड़क किनारे बदहवास हालत में मिली। दवाई दिलवाने पर हालत में सुधार हुआ तो किशोरी ने बताया कि रात के समय आंख खुलने पर जब वह शौच के लिए निकली तो मस्जिद में इमाम के तौर पर काम करने वाले रवा गांव निवासी रोबिन ने अपने एक अन्य साथी के साथ उसे दबोच लिया और दोनों उसे बाइक पर बैठाकर ले गए। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

## मानसून से पहले सड़कों की डीप क्लिनिंग के लिए विशेष अभियान

**गुरुग्राम** | नगर निगम गुरुग्राम की मेयर राजरानी मल्होत्रा की अध्यक्षता में सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक में हाल ही में लागू की गई प्रशासनिक क्लस्टर एवं जोन व्यवस्था, मानसून तैयारियों, स्वच्छता व्यवस्था तथा नागरिक सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र में हाल ही में लागू की गई 2 प्रशासनिक क्लस्टर एवं 8 जोन व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने नई व्यवस्था के तहत विभिन्न जोनों में प्रशासनिक जिम्मेदारियों, सेवा वितरण प्रणाली, शिकायत निवारण तंत्र तथा विकास कार्यों की निगरानी संबंधी तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की।


### INDIAN AIR FORCE
### AIR FORCE STATION FARIDABAD
**NOTICE: INVITING TENDER**

1. Station Commander, Air Force Station, Faridabad on behalf of the President of India invites applications for running the following SI regimental shops at Air Force Station, Faridabad for the period from **01 Jul 26 to 30 Jun 27**:-
**(1) Tailor Shop (2) Confectionary Shop (3) Vegetable Shop (4) Milk Parlour**
2. Tender forms can be obtained from office of the Chief Administrative Officer (SI Fund), Air Force Station, Faridabad on payment of **Rs. 200/- (Non-refundable).** The last date for issue of tender form is **22 June 26**. The competent Air Force authority has the right to accept or reject any tender without assigning reasons.
3. Tender forms completed in all aspect are to be deposited in sealed box kept in the office of **the Chief Administrative Officer by 1100 Hrs on 24 June 26.** Tenders will be opened by a Board of Officers at 1230 Hrs on the same day. Tenderers are requested to be present at the time appointed for opening the tenders.
4. 100% reservation will be given to war Widows/Widows of defence personnel kill while on duty, Disabled soldiers/ex-servicemen and Spouses/widows of Ex-service man etc for allotment.

### अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर
(भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय)
बासनी, जोधपुर (राजस्थान) पिनकोड : 342005
वेबसाईट : https://www.aiimsjodhpur.edu.in फोन नं. 0291-2740741

AIIMS.JDH/Admn/RECT./Deputation/02/2026/940

**विज्ञापन**

एम्स जोधपुर में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अधीक्षण अभियंता एवं सुरक्षा अधिकारी के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है:-

| क्र.सं. | पद का नाम | ग्रुप | वेतनमान | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षण अभियंता | A | Level 13 as per 7th CPC | 01 |
| 2. | सुरक्षा अधिकारी | A | Level 10 as per 7th CPC | 01 |

नोट : 1. पदों की संख्या अस्थायी है, और संस्थान की आवश्यकतानुसार बदली जा सकती है। विस्तृत विज्ञापन और आवेदन पत्र संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट https://www.aiimsjodhpur.edu.in पर उपलब्ध होगे।

sd/-
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

### राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्था
NIRDPR
(ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का संगठन)
राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500 030.

### स्वर्गीय श्री एस.आर. शंकरन के सम्मान में 'रूरल लेबर' पर चेयर प्रोफ़ेसर की भर्ती

NIRDPR, स्वर्गीय श्री एस.आर. शंकरन, जो एक जाने-माने सिविल सर्वेंट और जाने-माने रूरल डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेटर थे, के सम्मान में बनाए गए चेयर प्रोफ़ेसर के लिए एप्लीकेशन मंगा रहा है। चेयर प्रोफ़ेसर भारत या विदेश का कोई नेशनल/इंटरनेशनल ख्याति का व्यक्ति होना चाहिए जो रिसर्च, कंसल्टेशन में गाइड और इंस्पायर कर सके और एकेडेमिक्स, एडमिनिस्ट्रेटर्स, पॉलिटिकल पार्टियों और सिविल सोसाइटी ग्रुप्स के साथ नेटवर्क भी बना सके। उसके पास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीनियर प्रोफ़ेसर के लिए आम तौर पर जरूरी क्वालिफिकेशन होनी चाहिए।

जिन लोगों ने **Advt. No.07/2024 & 18/2025** के रेफरेंस में अप्लाई किया है, उन्हें दोबारा अप्लाई करने की जरूरत नहीं है।

जॉब प्रोफ़ाइल, ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने और दूसरी जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएँ: **http://career.nirdpr.in/**

ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 15/07/2026 है।

**Advt.No.08/2026**
**File No: SRSC/16/1**
**Comp.no. 5100**

Sd/-
असिस्टेंट डायरेक्टर
एडमिनिस्ट्रेशन (सेक्शन-1)

### PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला-147001
सीआईएन: U40109PB2010SGC033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
(ऑफिस कंट्रोलर ऑफ़ स्टोर्स एंड डिस्पोज़ल (नॉर्थ),पीएसपीसीएल , लुधियाना)
(ईमेल-cosanddn2023@gmail.com, मोबाइल नं.-96461-18761, 96461-22966)

**स्क्रैप ई-ऑक्शन नोटिस**

पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) 17.06.2026 को पंजाब भर में अलग-अलग ट्रांसफॉर्मर रिसीविंग यार्ड में पड़े डैमेज/अनसर्विसेबल डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर और दूसरे सामान के डिस्पोज़ल के लिए एक फॉरवर्ड ई-ऑक्शन करेगा। ई-ऑक्शन वेबसाइट पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/index_new.jsp पर होगा। ई-ऑक्शन के नियम और शर्तों, सुधार और सामान की लिस्ट वगैरह के साथ डिटेल्ड ऑक्शन कैटलॉग वेबसाइट https://www.mstcindia.co.in/content/Forthcoming_e_Auctions_For_All_regions.aspx और https://www.pspcl.in/e-auction-notice.aspx पर मिलेगा। रजिस्ट्रेशन से जुड़े सवालों के लिए, कृपया फोन नंबर 7229068247 या 7230022882 पर संपर्क करें।

1079/12/2026-27/12359 C653/26

### निदेशालय नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा,
द्वितीय तल, ब्लॉक-ए, नगर योजना भवन, प्लॉट संख्या-3, सैक्टर-18ए, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160018
दूरभाष 0172-2710112, 2716986, 2710035, वेबसाइट : www.tcpharyana.gov.in ईमेल: ccpncr-tcp@hry.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि रतिया की प्रारूप विकास योजना-2041 ईस्वी को नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अधिसूचना संख्या सी.सी.पी. (एन.सी.आर) / रतिया/ही. डी.पी-2041/2026/922 दिनांक 09.06.2026 के द्वारा हरियाणा अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41), की धारा 5 की उपधारा (4) तथा हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973, (1973 का 24), की धारा 203 ग की उप-धारा (5) के अंतर्गत इसमें दी गई प्रस्तावनाओं पर सर्वसाधारण से आपत्तियां एवं सुझाव मांगे गए हैं।

तदनुसार, जो कोई भी इस योजना पर अपनी आपत्ति / सुझाव दर्ज करना चाहता है, वह 30 दिनों के भीतर अर्थात् 08.07.2026 को या उससे पहले रतिया की नगरपालिका सीमा के बाहर आने वाले क्षेत्रों के लिए निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ समुख्य संयोजक योजनाकार (एन.सी.आर.), हरियाणा, चंडीगढ़, को संबोधित करते हुए एवं रतिया की नगरपालिका सीमा के अंदर आने वाले क्षेत्रों के लिए निदेशक, शहरी स्थानीय निकाय, हरियाणा, पंचकूला, को लिखित रूप में दर्ज कर सकता है।

संबंधित अधिसूचना और योजना प्रस्तावों की प्रति का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस और कार्य समय में उक्त अवधि की समाप्ति से पहले निम्नलिखित कार्यालयों में किया जा सकता है :

1. मुख्य संयोजक योजनाकार (एन.सी.आर.), निदेशालय नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा, द्वितीय तल, ब्लॉक-ए, नगर योजना भवन, प्लॉट संख्या 3. सैक्टर-18ए, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़, 160018, दूरभाष 0172-2710112, ईमेल: ccpncr-tcp@hry.gov.in
2 वरिष्ठ नगर योजनाकार, हिसार, लघु सचिवालय, हिसार, दूरभाष : +91 1662 231106, ईमेल: stp3.hisar.tcp@gmail.com
3. जिला नगर योजनाकार, रतिया, लघु सचिवालय, रतिया, दूरभाष : +91 1667 230405, ईमेल: dtp4.fatehabad.tcp@gmail.com

अधिसूचना और योजना ''प्रारूप विकास योजना'' सेक्शन के तहत विभाग की वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर भी उपलब्ध है।

निदेशक,
नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग,
हरियाणा, चण्डीगढ़।

1118/11/200/2027/46277/10/6

### सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद (स्वास्थ्य विभाग, हरियाणा) में
#### वॉलंटियर डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर हेतु विज्ञापन

जून 2026 से 30 नवंबर 2026 की अवधि के लिए वॉलंटियर डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर के पद हेतु योग्य नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। मानदेय का भुगतान 586 प्रति दिन की दर से किया जाएगा (अधिकतम 20 कार्य दिवस प्रति माह)। वॉलंटियर्स का चयन 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि वॉलंटियर्स अपनी स्वेच्छा से यह सामुदायिक सेवा कर रहे हैं; यह कोई नियमित नौकरी नहीं है और दिया जाने वाला मानदेय वेतन नहीं है। अपना आवेदन जिला मलेरिया कार्यालय, UHC मेवला महाराजपुर, सेक्टर-45, फरीदाबाद में जमा करें; आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19-06-2026 (शाम 5:00 बजे तक) है।

डिप्टी सिविल सर्जन (मलेरिया)
फरीदाबाद

1058/11/1383/2027/46264/10/6

### हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग में मुख्य आयुक्त और एक आयुक्त की नियुक्ति बारे

हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 13 के प्रावधानानुसार हरियाणा सरकार, हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग में मुख्य आयुक्त के पद और आयुक्त के एक पद की नियुक्ति का विचार रखती है। वे व्यक्ति जो बतौर मुख्य आयुक्त या आयुक्त की नियुक्ति की योग्यतायें पूरी करते हैं तथा नियुक्ति के इच्छुक हैं, सरकार की वैब-साईट "https://csharyana.gov.in" पर उपलब्ध प्रोफार्मे में अपना विवरण आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग के कार्यालय, कमरा न0 44बी, 6वीं मंजलि, हरियाणा सिविल सचिवालय, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ को दिनांक 01 जुलाई 2026 (सांय 05:00 बजे) तक भेज सकते हैं। विस्तृत हिदायतें उपरोक्त वैब-साईट पर उपलब्ध हैं।

मुख्य सचिव,
हरियाणा सरकार

1016/11/62/2027/46281/10/6

### हरियाणा सरकार
### कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हरियाणा
#### शुद्धिपत्र

PM-SETU स्कीम के तहत एंकर इंडस्ट्री पार्टनर चुनने के लिए जारी RFP (निविदा ID: 2026_HRY_522899_1 - कुरुक्षेत्र क्लस्टर के लिए; 2026_HRY_523254_1 - सोनीपत क्लस्टर के लिए; 2026_HRY_523261_1 - झज्जर क्लस्टर के लिए; 2026_HRY_523260_1 - पलवल क्लस्टर के लिए) के संदर्भ में यह जानकारी दी जाती है कि जारी किए गए RFP में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं और इन्हें ई-निविदा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इस सुधार (corrigendum) को मूल RFP दस्तावेज़ का ही एक हिस्सा माना जाएगा और इसे ई-टेंडर पोर्टल https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

RFP की बाकी सभी शर्तें और नियम बिना किसी बदलाव के लागू रहेंगे। बोलियां बंद होने की आखिरी तारीख 25.06.2026 है।

हस्ता/-
निदेशक/ अतिरिक्त सचिव

1065/11/195/2027/46278/10/6

### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत

मु.नं. 164 दिनांक 01.06.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. & 84JJ.ACT थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- पुष्प
नाम- लक्की पुत्र राजू
नाम- निहाल पुत्र विनोद
नाम- आदित्य पुत्र मोनू
पता- वासी सोनिया सुपरिन्टेंडेंट सपना बाल कुंज शामडी रोड गांव खानपुर कलां जिला सोनीपत, हरियाणा।
पुष्प उम्र- 17 वर्ष, लक्की उम्र- 15 वर्ष
आदित्य उम्र- 17 वर्ष, निहाल उम्र- 17 वर्ष
पुष्प कद- 5 फुट 6 इंच, लक्की कद- 5 फुट 8 इंच
निहाल कद- 5 फुट 5 इंच, आदित्य कद- 5 फुट 11 इंच
पुष्प हूलिया:- रंग गोरा, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले छोटे बाल, काली आंखें हैं।
लक्की हूलिया:- रंग सांवला, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले छोटे बाल, काली आंखें है।
निहाल हूलिया:- रंग गोरा, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले छोटे बाल, काली आंखें हैं।
आदित्य हूलिया:- रंग गेहुंआ, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले छोटे बाल, काली आंखें हैं।
पहनावा- नीली शर्ट, नीली पेंट, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.06.2026 को पुष्प पक्की पुत्र राजू, निहाल पुत्र विनोद व आदित्य पुत्र मोनू वासी सोनिया सुपरिन्टेंडेंट सपना बाल कुंज शामडी रोड गांव खानपुर कलां जिला सोनीपत, हरियाणा से कहीं चले गए हैं, अब तक वापिस नहीं आए हैं, जिस सम्बंध में उपरोक्त् मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबंधक थाना मो.नं.- 7419410545
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 7027051216
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903, 100

अपराध अभिलेख
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय सोनीपत

1084/11/4926/2027/46263/10/6

सं.: डीएसीओ/एफबीडी/2026/337 दिनांक: 12.06.2026

### स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद
#### विज्ञापन क्रमांक 2/2026 (एआरटी) सिविल सर्जन कार्यालय फरीदाबाद

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, सिविल अस्पताल, फरीदाबाद स्थित एआरटी (एंटी-रेट्रो-वायरल थेरेपी) केंद्र के एचएसएसीएस के अंतर्गत विशुद्ध संविदा आधार पर चिकित्सा अधिकारी के पद को 31/03/2027 तक की अवधि के लिए भरना चाहती है। उम्मीदवारों के प्रदर्शन के मूल्यांकन के आधार पर, समय-समय पर एनएसीओ से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन, इस नियुक्ति का नवीनीकरण वर्ष-दर-वर्ष किया जाएगा। पारिश्रमिक समेकित है और कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं है। सेवा शर्तें राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, डीएचएफडब्ल्यू और समय समय पर जारी भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होंगी। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र (केवल ऑफलाइन) प्रमाण पत्रों/प्रशंसापत्रों/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी, टीबी विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद को 24.06.2026 तक शाम 4:00 बजे (कार्य दिवस - सोमवार से शुक्रवार) तक भेजें। मूल प्रमाण पत्रों/प्रशंसापत्रों का सत्यापन दस्तावेज़ सत्यापन के समय किया जाएगा। अपूर्ण आवेदनों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा। एचएसएसीएस/सिविल सर्जन, फरीदाबाद बिना कोई कारण बताए किसी भी समय उपरोक्त विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

| क्र.सं. | पद और प्रोग्राम का नाम | योग्यता | पदों की संख्या और श्रेणी | मानदेय (प्रति माह) समेकित | आयु सीमा | दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि | दस्तावेज़ सत्यापन की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेडिकल अधिकारी | अनिवार्य योग्यता: राज्य चिकित्सा परिषद/एनएमसी से वैध पंजीकरण के साथ एमबीबीएस। कार्य अनुभव 6 माह का कार्य अनुभव, क्लिनिक विषय में स्नातकोत्तर उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा। कंप्यूटर और एमएस ऑफिस का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। वांछनीय: ज़मीनी स्तर पर एचआईवी/एड्स कार्यक्रम में कार्य अनुभव। चिकित्सा में डॉक्टरेट/डिप्लोमा धारकों को प्राथमिकता दी जाएगी। | कुल - 01 (यूआर) | 72,000 रुपये/- | 70 वर्ष तक | 24.06.2026 | 30.06.2026 अप. 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक |

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी प्रासंगिक प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (निवास प्रमाण और जाति प्रमाण पत्र जो संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी किए गए हों) के साथ, जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी, टीबी विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद के कार्यालय में 24.06.2026 तक कार्यदिवसों (सोमवार से शुक्रवार) को शाम 4:00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए।
2. 24 जून 2026 को शाम 4:00 बजे के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी कारण से विचार नहीं किया जाएगा।
3. शैक्षणिक योग्यता और कार्य अनुभव के समर्थन में मूल दस्तावेज निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों के सत्यापन के समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
4. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति पूरी तरह से अस्थायी होगी और सभी पात्रता मानदंडों की पूर्ति के अधीन होगी। यदि उम्मीदवारों द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत/असत्य पाई जाती है, तो चयन रद्द कर दिया जाएगा और उम्मीदवार के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
5. यह रोजगार पूर्णतया संविदात्मक (वार्षिक/नवीकरणीय) आधार पर होगा और इसे नियमित सरकारी नौकरी नहीं माना जाएगा।
6. चयन समिति को चयन प्रक्रिया को रद्द/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।
7. आरक्षण नीति हरियाणा सरकार की नीति के अनुसार लागू होगी।
8. डिग्री/डिप्लोमा पूर्ण करने के बाद ही अनुभव पर विचार किया जाएगा।
9. एक पद के लिए केवल एक आवेदन स्वीकार किया जाएगा।
10. राज्य सरकार/अर्ध सरकारी/केंद्र शासित प्रदेश/किसी भी सरकारी बोर्ड/निगम/एनएचएम में पहले से कार्यरत या पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
11. जिन उम्मीदवारों की सेवा किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी/कॉर्पोरेट/बोर्ड/एनएचएम से समाप्त कर दी गई है, वे पात्र नहीं होंगे। जिनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला/एफआईआर लंबित है, उन्हें भी अपात्र माना जाएगा।
12. किसी भी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी, टीबी विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, फरीदाबाद से किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संपर्क करें।
13. शैक्षणिक योग्यता और अन्य मानदंडों के लिए उम्मीदवार वेबसाइट www.nhmharyana.gov.in पर जा सकते हैं।
14. आवेदन पत्र वेबसाइट www.nhmharyana.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
15. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में किसी भी अपडेट/परिवर्तन/संशोधन या अन्य जानकारी के लिए नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट पर जाएं।
16. उपरोक्त पद के लिए कोई लिखित परीक्षा या साक्षात्कार आयोजित नहीं किया जाएगा।
17. यदि भविष्य में जनता को दी गई सेवाएं असंतोषजनक पाई जाती हैं, तो सेवा समाप्त की जा सकती है।
18. नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा एआरटी केंद्र के अंतर्गत कोई भी अतिरिक्त कार्य/स्थानांतरण आवंटित किया जा सकता है।
19. यह पद गैर-स्थानांतरणीय है।
20. अपूर्ण आवेदन पत्र अस्वीकृत माना जाएगा।
21. उम्मीदवारों को आवेदन पत्र के साथ तालिका-ए में दिए गए दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी संलग्न करनी चाहिए।
22. एनएचएम-2018 के सेवा उपनियम इस पद पर लागू नहीं होंगे।
23. उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ संलग्न पृष्ठों की कुल संख्या का उल्लेख करें। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के बाद कोई भी अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
24. तालिका-ए आम जनता के लिए पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची इस प्रकार है:

- पासपोर्ट
- मतदाता पहचान पत्र
- पते सहित राशन कार्ड
- राज्य सरकार द्वारा जारी पते और फोटो सहित जाति एवं निवास प्रमाण पत्र
- परिवार पहचान पत्र
- बिजली बिल (3 महीने से अधिक पुराना नहीं)

भर्ती के समय उपरोक्त तीन (3) दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

सदस्य सचिव सह सिविल सर्जन,
गवर्निंग बॉडी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, फरीदाबाद

1058/11/1380/2027/46230/10/6

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/कॉर्पो/ऑथ. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनु.) रु. में | बोर्ड /कॉर्पो/ ऑथ. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिका समिति, जाखलमंडी | आईपीबी स्ट्रीट ओम प्रकाश चंद नई वाली गली और पिंकी रानी के घर से दुनी चंद और गुरप्रीत सिंह के घर से मुना और काकू पहाड़िया वाली गली वार्ड 11 एमसी जाखल + 14 कार्य | 12.06.2026 20.06.2026 | 1,40,91,098/- | https://etenders.hry.nic.in | 98132 50056 mcjakhalmandi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in देखें। 13/2027/40/46249/I/10/6

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर अन्य सभी एसेसरिज सहित ईवी चार्जिंग स्टेशन सीसीएस II 60 केडब्ल्यू डुअल गन चार्जर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। | CLOSING DATE 26.06.2026 | 3,17,31,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01302260100 xenhortmcs@gmail.com |

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2027/40/46252/I/10/6

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएचएस घासो में 04 एसीआर और सीढ़ियों का निर्माण; और जीएसएसएस काहसुन ब्लॉक उचाना, जिला जींद)में 4 एसीआरएस, शेड, टॉयलेट (लड़कों और लड़कियों के लिए), बाउंड्री वॉल, मेन गेट, बड़ी मरम्मत, किचन और असेंबली एरिया का निर्माण तथा अन्य कार्य + 3 कार्य। | 12.06.2026 22.06.2026 | 4,90,39,313/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2027/60/46256/I/10/6

To Book Classified Ads Visit BhaskarAd.com 9772019222

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लग भग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ एवं म, कैथल | जिला कैथल में गांव सजुमा में गर्व. सी. सैके. स्कूल का निर्माण। | CLOSING DATE 22.06.2026 | 447.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज, भिवानी | आईपीबी फिरनी की पेवमेंट, साथ में वेस्ट वॉटर नाला 1 (लोनिवि रोड से पुराने एनएच 9 तक) और नाला 2 (वॉटर वर्क्स से सरकारी स्कूल तक) - मुंधल खुर्द - एचआरडीएफ +1 कार्य। | 12.06.2026 19.06.2026 | 119.05 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, फरीदाबाद | गांव कोट ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में आईपीबी एवं टो वॉल्स सहित गलियों की पेवमेंट वीएएनजीवाई +2 कार्य। | 10.06.2026 19.06.2026 | 44.36 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज, करनाल | मंजूरा :- गांव मंजूरा ब्लॉक चिराओ में गर्व. स्कूल के निकट मल्टीपरप्स हाल का निर्माण। स्कीम वीएएनजीवाई +3 कार्य। | 12.06.2026 20.06.2026 | 47.80 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज, सिरसा | सिरसा - गांव भद्दीन, सुचान, दादू, घुकनवाली, जलालआना, लाकरांवाली, नुहियांवाली, ढाणी बचन सिंह, केहरवाला, गोरीवाला, लोहगढ़, मसीतां, अलीकां, बीरूवालागुढ़ा में स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति स्थापना और निराकरण। जिला सिरसा में सुखचैन, बहिया, भरोलियांवाली, ओढ़ां (कुल-18 गांव) ब्लॉक सिरसा, ओढ़ां, ऐलनाबाद, डबवाली, बड़ागुढ़ा, रानिया। (एचजीवीवाई-दूसरा चरण) | 09.06.2026 17.06.2026 | 35.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9017262246 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | झज्जर जिले के गांवों - धारणा, देसलपुर, मंगावास, चिमनी, इस्लामगढ़, बिरहर, तमासपुरा और फोर्टपुरा - में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट के ज़रिए जलभराव वाली ज़मीन और खारी मिट्टी को सुधारने का काम। कुल क्षेत्रफल: 6900 एकड़। | 13.06.2026 26.06.2026 | 868.52 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा टाउन:- शिव चौक से जगदेव सिंह चौक, सिरसा के पास कटारिया आयरन स्टोर तक मौजूदा 750एमएम पाइप वाले मुख्य ट्रंक सीवर को (सीआईपीपी तकनीक) मज़बूत करना और इससे जुड़े सभी अन्य कार्य करना। | 12.06.2026 22.06.2026 | 234.85 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा टाउन में ऑटो मार्केट (बूटा राम कॉलोनी) में नए आईपीएस का निर्माण, यानी पंपिंग मशीनरी, पंप चैंबर और बाउंड्री वॉल बनाना, 315 एमएम ओ/डी राइजिंग मेन और आरसीसी कलेक्टिंग टैंक लगाना; साथ ही मौजूदा आईपीएस बाल भवन को अपग्रेड करना, जिसमें आरसीसी कलेक्टिंग टैंक, बाउंड्री वॉल और पंप चैंबर बनाना, मौजूदा मैनहोल से कलेक्टिंग टैंक तक 400 एमएम आई/डी आरसीसी पाइप बिछाना, आरसीसी स्क्रीन चैंबर बनाना और मौजूदा पॉइंट से नट्टर रोड, सिरसा स्थित मैनहोल चैंबर तक 315 एमएम एचडीपीई IIराइजिंग मेन का विस्तार करना और इससे जुड़े अन्य सभी कार्य करना। | 10.06.2026 19.06.2026 | 123.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | महिला एवं बाल विकास, भिवानी | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुसार सेडान/बोलेरो गाडियों को किराए पर लेना। | 13.06.2026 23.06.2026 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015484549 pobhw.wcd@hry.nic.in |
| 10 | सिविल सर्जन, भिवानी | दवाओं/उपभोग्य वस्तुओं/डेंटल आइटम/छोटे उपकरणों और लैब के सामान के लिए ई-निविदा। | 16.06.2026 06.07.2026 | 1 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |

PRDH-11/2027/200/46260/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.etenders.hry.nic.in

## आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री



**तिथि संवत् :** द्वितीय ज्येष्ठ (शुद्ध), शुक्ल पक्ष द्वितीया, मंगलवार रात्रि 12:53 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1447, मुस्लिम माह जिलहिज, तारीख 29, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 16 जून।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** आर्द्रा नक्षत्र सायं 04:12 तक, इसके बाद पुनर्वसु नक्षत्र रहेगा। वृद्धि योग रात्रि 12:35 तक, इसके बाद ध्रुव योग रहेगा। बालव करण दोपहर 02:42 तक, इसके बाद कौलव करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-मिथुन, चंद्र-मिथुन, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-कर्क, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** दोपहर 3:00 से 4:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा :** यदि अत्यावश्यक कार्य हो तो गुड़ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** मंगल कृत्तिका में प्रातः 09:32, उत्तर श्रृंगोन्नति, गुरु अर्जुनदेव पुण्य दिवस नवीन मत से, मेला भन्दे बालाजी जयपुर।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 09:02 से 10:45 तक चर का, प्रातः 10:45 से दोपहर 02:10 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 03:53 से सायं 05:35 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज मंगलवार को मसूर दाल व लाल वस्त्र दान करने एवं भौम देवता की लाल गंध, पुष्प, चंदन आदि से पूजा कर व्रत करने से समस्त कष्ट दूर होते हैं। आज वृद्धि योग में दही का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:37 | आर्द्रा | 2 | रजत | मिथुन | घ |
| 05:38 | आर्द्रा | 3 | रजत | मिथुन | .ङ |
| 10:55 | आर्द्रा | 4 | रजत | मिथुन | छ |
| 16:12 | पुनर्वसु | 1 | रजत | मिथुन | के |
| 21:31 | पुनर्वसु | 2 | रजत | मिथुन | को |
| 02:51 | पुनर्वसु | 3 | रजत | मिथुन | ह |

## मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन

मैनेजमेंटगुरु, raghu@dbcorp.in



# दुनिया अपने रेगुलर स्नैक्स में अधिक सेहतमंद विकल्प तलाश रही है

दुनिया में टेक कंपनियां लगातार हमें स्लीप स्कोर, हार्ट रेट बता रही हैं और हमारी बायोलॉजी को उस डैशबोर्ड जैसा बना रही हैं, जिसे देखकर हम रोजाना चिंता करें। ऐसे में फूड कंपनियां बिना शरीर की बात किए कैसे चुप रहतीं? हमारी बायोलॉजी को आंकड़ों में बदलकर इन टेक कंपनियों ने न सिर्फ सेल्फ-ऑप्टिमाइजेशन को एक आसान और तेजी से बढ़ता बिजनेस बना दिया है, बल्कि वियरेबल डिवाइसेज के बूम को भी हकीकत बना दिया है।

किनारे बैठे फूड बिजनेस ने न सिर्फ यह देखा कि टेक्नोलॉजी से आया यह बदलाव पैसा बना रहा है, बल्कि उसने शादीशुदा बेटियों और उनकी मांओं के बीच की बातचीत में आए बदलाव को भी देखा। याद कीजिए, कुछ ही समय पहले जब किसी खास वक्त पर वॉट्सएप कॉल आती तो मांएं जवाब देने के लिए दौड़ पड़ती थीं। क्योंकि वह कॉल उनकी बेटी की होती थी, जो विदेश में या उस शहर में रहती थी, जहां वह शादी के बाद बस चुकी है। बातचीत छोटी होती थी। बेटी पूछती कि किसी खास डिश को कैसे बनाएं और मांएं एआई असिस्टेंट की तरह इसे बता देती थीं। धीरे-धीरे रेसिपी जानने की ये कॉल कम हो गईं। ऐसा इसलिए नहीं कि बेटियां पारंगत हो गईं, बल्कि उनके मुताबिक मां की रेसिपी अब नए जमाने के अनुसार हेल्थ कॉन्शस नहीं रही।

वजन घटाने वाली दवाओं के बढ़ते इस्तेमाल के साथ दुनिया विभिन्न कारणों से धीरे-धीरे अपनी डाइट की जांच सीख रही है। सप्लीमेंट्स से लेकर लगभग हर चीज में, आलू के चिप्स तक में प्रोटीन जोड़ना उपभोक्ताओं को लुभाने का तरीका बन गया है। हाल ही में आई मैकिन्से की एक रिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया के दो-तिहाई उपभोक्ता अपने नियमित स्नैक्स के ज्यादा हेल्दी विकल्पों के लिए 10% अधिक कीमत चुकाने को तैयार हैं।

क्या यकीन करेंगे कि आप एक कुकीज के ही विविध प्रकार खरीद सकते हैं, जो नींद से लेकर उन विभिन्न कार्यों में आपका फोकस बढ़ा सकते हैं, जिनको लेकर आपको लगता है कि उन पर लाइफस्टाइल का असर पड़ता है। आज तक हम सभी 'प्रोटीन कुकी' खाते रहे। हम मानते थे कि उसमें पैकेट पर बताई जानकारी के अनुसार फाइबर है। लेकिन अब वही कुकी हमारी बायोलॉजी में अलग जगह ले चुकी है। अब वह कहती है, 'मुझे खाओ, आप अच्छे-से सो पाओगे।' या कहती है कि 'अगर फोकस बढ़ाना चाहते हैं तो 'फोकस कुकी' पेश है। इसमें न्यूट्रिएंट हैं, जिन्हें लेकर माना जाता है कि वे ब्रेन परफॉर्मेंस बेहतर करते हैं- जैसे क्रिएटिन। 'स्लीप कुकी', जिसमें अमीनो एसिड एल-थियानिन है, माना जाता है कि यह तनाव कम करके नर्वस सिस्टम को शांत करता है। अमेरिका की ऑनलाइन मिलने वाली 'फील्ड्स गुड पैकेज्ड कुकीज' ऐसी कई किस्में बेचती है। हालांकि वेलनेस ट्रेंड्स पर काम करने वाले शोधकर्ताओं की इन इन्ग्रेडिएंट्स को लेकर मिली-जुली राय है। मुझे लगता है कि कुकीज का भविष्य उम्र आधारित होने वाला है, जैसे एडल्ट कुकीज और बच्चों की कुकीज।

हालांकि दुनिया भर में फूड बिजनेस बड़ी छलांग लगा चुका है। जब कोई व्यक्ति फूड पैकेजिंग की प्लानिंग कर रहा होता है तो कोई दूसरा सोच रहा होता है कि उसमें प्रोटीन, फाइबर या दूसरे फंक्शनल इन्ग्रेडिएंट्स का कॉम्बिनेशन कैसे जोड़ा जाए, ताकि यह हेल्थ कॉन्शस लोगों को आकर्षित कर सके। क्लासिक फूड में फंक्शनल ट्विस्ट देना अब युवा आंत्रप्रेन्योर का नया नियम बन गया है। वे समझ चुके हैं कि दुनिया में 'परमिसिव इंडल्जेंस' की भूख कभी खत्म नहीं होने वाली। इसका मतलब है ऐसे ट्रीट्स बनाना, जो भूख शांत करे और उनका 'हेल्दियर प्रोफाइल' भी हो, ताकि लोग बिना अपराधबोध के उसका आनंद ले सकें। यह ट्रेंड प्रतिबंधों के बजाय संतुलन पर फोकस करता है। अकसर इसमें 80-20 नियम अपनाया जाता है, जहां 80% पोषक सामग्री होती है और 20% विलासिता से संबंधित। सोचिए कि पारंपरिक लड्डुओं को 'व्हे लड्डू' या 'प्रोटीन पेड़ा' में बदला जा रहा है, जो पुरानी यादों और पोषण को एक साथ ला रहे हैं।

**फंडा यह है कि** नई जानकारी देने वाली तकनीक और हमारी बायोलॉजी के अलग-अलग हिस्सों को सपोर्ट करने का वादा करने वाला फूड हमेशा ट्रेंड में रहेगा। भविष्य में विज्ञान और हेल्थ के ठप्पे के बिना किसी भी फूड बिजनेस को प्रतिस्पर्धा में संघर्ष करना पड़ सकता है।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

## राशिफल

# सिंह वालों को पद-प्रतिष्ठा मिलेगी, कुंभ वालों के विवादास्पद मामले सुलझेंगे

**मेष** — शुभ अंक 4, शुभ रंग लाल : कला और रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। खर्च घटाने के प्रयास से परिवार वाले थोड़े नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र के माहौल में अचानक आए बदलावों से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — शुभ अंक 5, शुभ रंग बादामी : आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। पारिवारिक आयोजन सुखद रहेंगे। उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलने के आसार हैं। खान-पान में लापरवाही से सेहत बिगड़ सकती है, सावधानी बरतें।

**मिथुन** — शुभ अंक 8, शुभ रंग स्लेटी : यात्रा के योग हैं। कारोबारी मामलों में व्यावहारिक फैसले लेना ही लाभदायी रहेगा। परिणय संबंधों में निराशा मिल सकती है। भावुकता में लिए गए निर्णय बदलने पड़ सकते हैं।

**कर्क** — शुभ अंक 9, शुभ रंग गुलाबी : धन की कमी से महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। विरोधियों की सक्रियता से मन खिन्न रहेगा। अधिक खर्च से तनाव व अकेलापन महसूस करेंगे। धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने से सुकून मिलेगा।

**सिंह** — शुभ अंक 6, शुभ रंग नारंगी : राजनीति से जुड़े लोग अपना वर्चस्व हासिल कर सकते हैं। राजकीय स्तर पर पद-प्रतिष्ठा मिलने के आसार हैं। आपका ध्यान अध्ययन, चिंतन और सामाजिक कार्यों पर केंद्रित रहेगा। धैर्य रखें।

**कन्या** — शुभ अंक 7, शुभ रंग काला : सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा के साथ करियर में बड़ी सफलता और लोकप्रियता मिलेगी। कार्यक्षेत्र का दायरा बढ़ाने की कोशिशें सफल होंगी। परिणय चर्चाओं में भी अनुकूलता बनी रहेगी।

**तुला** — शुभ अंक 9, शुभ रंग फिरोजी : बेहतर स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के साथ आप त्वरित निर्णय लेंगे। निरंतर धन लाभ से अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे। प्रॉपर्टी में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। धर्म में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — शुभ अंक 3, शुभ रंग सफेद : अनचाही स्थितियों के कारण आज का दिन परेशानी भरा रह सकता है। अपनों के व्यवहार से मन दुखी होगा। स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। व्यापारिक लाभ के अच्छे आसार बनेंगे।

**धनु** — शुभ अंक 2, शुभ रंग जामुनी : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे और अच्छा लाभ कमाएंगे। महत्वपूर्ण मामलों में जल्दबाजी के बजाय धैर्य से आगे बढ़ना ही लाभदायी रहेगा। जीवनसाथी के साथ भ्रमण पर जा सकते हैं।

**मकर** — शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा : संतान के संबंध में शुभ समाचार मिलेंगे। अनावश्यक कर्ज से तनाव होगा। अधीनस्थों के सहयोग के लिए अपने व्यवहार में बदलाव करना पड़ेगा। अनुकूल परिणाम न मिलने से निराशा संभव है।

**कुंभ** — शुभ अंक 6, शुभ रंग पीला : विवादास्पद मामले सुलझने से आप खुशी महसूस करेंगे। सुख-सुविधाओं पर भी खर्च करने का मन बनेगा। प्रणय संबंधों में नई शुरुआत हो सकती है। धार्मिक कार्यों और शेयरों में रुचि बढ़ेगी।

**मीन** — शुभ अंक 1, शुभ रंग नीला : मानसिक शांति की स्थिति रहेगी। सामाजिक जीवन में लोकप्रियता बढ़ेगी। अपना घर या ऑफिस बदलने का मन बनेगा। पारिवारिक मामलों में उदारता से फैसले लेने पर बड़ी राहत मिलेगी।

### दिव्य भास्कर गुजराती फिल्म पुरस्कार-2026

# 'लालो' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत 8 पुरस्कार; यश सोनी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

**अहमदाबाद** | गुजराती सिनेमा, थिएटर और ओटीटी के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित करने के लिए 'दिव्या भास्कर गुजराती फिल्म पुरस्कार 2026' का आयोजन किया गया। गुजरात पर्यटन द्वारा प्रस्तुत और तनिष्क द्वारा प्रायोजित इस समारोह में अरविंद वैद्य को लाइफटाइम अचीवमेंट, शरमन जोशी को 'प्राइड ऑफ सिनेमा' से सम्मानित किया गया।

- अरविंद वैद्य को लाइफटाइम अचिवमेंट अवार्ड मिला
- शरमन जोशी को प्राइड ऑफ सिनेमा अवार्ड दिया गया।
- 'कटलाकारी' ने सर्वश्रेष्ठ ओटीटी फिल्म का पुरस्कार जीता
- 'हू आवुं छुं' ने सर्वश्रेष्ठ नाटक (थिएटर) का पुरस्कार जीता

**28से अधिक श्रेणियां, 100से अधिक नामांकन**

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बने यश सोनी**



- फिल्म 'चनिया टोली' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुने गए।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनीं रीवा राच्छ**



- फिल्म 'लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते' के लिए अवार्ड मिला।

**सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक पुरस्कार**



- कीर्तिदान गढ़वी को फिल्म 'लालो' के गीत 'मनोरथ जीव' के लिए।

**सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका पुरस्कार**



- ऐश्वर्या मजमुदार को फिल्म 'लालो' के गीत 'कान तारी' के लिए।

**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (हास्य भूमिका)**



- हेमिन त्रिवेदी को फिल्म 'फाटी ने' के लिए अवार्ड मिला।

**सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक**



- स्मित जय को फिल्म 'लालो' के लिए अवार्ड मिला।

**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता**



- अभिनय बैंकर को फिल्म 'भ्रम' के लिए अवार्ड दिया गया।

**सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री**



- नेत्री त्रिवेदी को फिल्म 'चनिया टोली' के लिए अवार्ड दिया गया।



**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** ▪ प्रीत सिंह गोहिल ▪ फिल्म 'नान खटाई' के लिए सम्मानित, यह फिल्म एक गुजराती पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें 3 अलग-अलग कहानियों को खूबसूरती से दर्शाया गया है।



**सर्वश्रेष्ठ फिल्म** • ▪ 'लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते' ▪ यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से अधिक की कमाई करने वाली पहली गुजराती फिल्म है। बाद में इस फिल्म को हिंदी में भी रिलीज किया गया।

**लाईफ टाईम अचीवमेंट**

'एक दिन का अवकाश लेकर पुरस्कार स्वीकार करने आया हूं।'



▪ अरविंद वैद्य, दिग्गज अभिनेता



**तनिष्क इंस्पायरिंग महिला:** पूजा जोशी, गुजराती अभिनेत्री

**शरमन - प्राईड ऑफ सिनेमा**

'अब मुझे गुजराती फिल्म के नामांकन के लिए मंच पर आने का मौका मिलेगा।'



-शरमन जोशी



**ज्यूरी सदस्य** दीपक तिजोरी को विशेष सम्मान मिला।

**वीएफएक्स में विशेष पहचान**



चिन्मय नायक फिल्म-दशहरा

**सर्वश्रेष्ठ छायांकन** ▪ प्रशांत गोहेल फिल्म 'वश लेवल 2' के लिए पुरस्कृत किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ कहानी** ▪ अंकित सखिया, कृशांष वाजा और विक्की जोशी को फिल्म 'लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते' के लिए।

**सर्वश्रेष्ठ ओटीटी फिल्म** ▪ रोहित प्रजापति की फिल्म 'कटला करी'।

**सर्वश्रेष्ठ रंगमंच निर्देशक** वैभव देसाई को 'केसर- द रिवाइवल' के लिए पुरस्कृत किया गया।

## महिलाओं को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता: उषा प्रियदर्शी

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली सोमवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी तथा उपाध्यक्ष मीना परमार के शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद उषा प्रियदर्शी ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उषा प्रियदर्शी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग किसी भी आवश्यक कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा।

### नॉर्थ-ईस्ट इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2026

# मोदी सरकार में आर्थिक विकास का मुख्य इंजन बना पूर्वोत्तर: सोनोवाल

भास्कर न्यूज़ | शिलॉन्ग



केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'नॉर्थ-ईस्ट इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2026' में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर का ऐतिहासिक कायाकल्प हुआ है। यह क्षेत्र अब देश के आर्थिक विकास का मुख्य इंजन बन गया है। पहले पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे की कमी के लिए जाना जाता था। अब यह दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए भारत का मुख्य प्रवेश द्वार और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का अहम स्तंभ बन चुका है।

सोनोवाल ने बताया कि सरकार ने इस क्षेत्र के लिए सार्वजनिक निवेश बहुत बढ़ाया है। साल 2014 में जहां बजट आवंटन 20 हजार करोड़ रुपए था, वह वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1.08 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। पिछले एक दशक में यहां 7.3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जा चुके हैं। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय का बजट भी 3 गुना बढ़कर 6,812 करोड़ रुपए हो गया है। इन बड़े निवेशों से युवाओं, किसानों और उद्यमियों के लिए तरक्की के नए रास्ते खुल रहे हैं।

# गुरुग्राम-फरीदाबाद के बंधवाड़ी टोल समेत चार टोल पर 2 जुलाई तक जारी रहेगी टोल वसूली

**गुरुग्राम** | फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड स्थित बंधवाड़ी टोल प्लाजा, सोहना-बल्लभगढ़ मार्ग पर बने नूनेरा टोल प्लाजा से लोगों को फिलहाल राहत नहीं मिलने वाली है। राज्य सरकार ने दोनों टोल प्लाजा पर शुल्क वसूली की अवधि बढ़ाकर अब 2 जुलाई तक कर दी है। इससे पहले 12 जून तक ही टोल संचालन जारी रहने की बात कही गई थी। नई समयावधि बढ़ाने के पीछे कोरोना महामारी के दौरान टोल संचालन बंद रहने को आधार बताया जा रहा है। वर्ष 2009 में शुरू हुई गुरुग्राम-फरीदाबाद टोल रोड परियोजना के तहत रिलायंस इंफ्रा द्वारा फरीदाबाद से गुरुग्राम और बल्लभगढ़ से सोहना तक सड़क का निर्माण किया गया था। परियोजना पूरी होने के बाद कंपनी ने गुरुग्राम में बंधवाड़ी और नूनेरा तथा फरीदाबाद में पाखल और पाली क्रेशर जोन में टोल प्लाजा स्थापित कर टोल वसूली शुरू की थी। इन सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी कंपनी के पास ही है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन चरणदीप राणा ने बताया कि टोल की अवधि अब 2 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। आगे यह टोल वसूली जारी रहेगी या नही, यह सरकार के फैसले पर निर्भर रहेगा।



### बिजनेस प्लस

## नारायण के छात्रों का JEE Advanced में शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली** | नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स, JEE Advanced 2026 में अपने छात्रों के शानदार प्रदर्शन का गर्व के साथ जश्न मना रहा है। बेहतरीन शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए, नारायण के छात्रों ने टॉप 20 All India Open Category रैंक में से 6 पर और देश की टॉप 100 रैंक में से 35 रैंक पर शानदार कब्ज़ा जमाया।



इस शानदार उपलब्धि का नेतृत्व कुची संदीप कर रहे हैं, जिन्होंने Open Category में All India Rank (AIR) 5 हासिल की है। हैदराबाद के रहने वाले संदीप, 10वीं क्लास में नारायण स्कूल के छात्र थे और +2 में नारायण जूनियर कॉलेज के छात्र रहे हैं। संदीप ओलंपियाड में गोल्ड मेडल विजेता भी हैं; उन्होंने International Chemistry Olympiad (IChO) 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया और अब वे उज़्बेकिस्तान में होने वाले International Chemistry Olympiad 2026 में एक बार फिर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

संस्थान के शानदार प्रदर्शन में ये नाम भी शामिल हैं:- मनु परमेश्वरन (AIR 13), नारायण स्कूल के छात्र, जिन्होंने JEE Advanced 2026 में कर्नाटक में टॉप रैंक हासिल की है। प्रिंस चौधरी – (AIR 14 - nPrep), पश्चिम बंगाल से। वेलदुर्ति हर्षित (AIR 15), तिरुपति के नारायण स्कूल के छात्र। तने अग्रवाल (AIR 16), कर्नाटक के nPrep छात्र और नारायण स्कूल के पूर्व छात्र। अनीश मुप्पल्ला (AIR 20), हैदराबाद के nPrep छात्र। उनकी ये असाधारण उपलब्धियाँ, पूरे देश में एक व्यवस्थित, शोध-आधारित और छात्र-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति नारायण की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।


## लूटकांड में गिरफ्तार 5 आरोपियों में एक बांग्लादेशी भी शामिल

**गुरुग्राम** | गुरुग्राम के सेक्टर-23 में रिटायर्ड कर्नल के परिवार को बंधक बनाकर लाखों रुपये की लूट करने के मामले में पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक समेत पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक कार भी बरामद की है। इससे पहले 11 जून को पुलिस ने इस मामले में शामिल चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से बचने के प्रयास में चारों आरोपी पुलिस का पीछा छुड़ाने के लिए एक अंडरपास में कूद गए थे, जिससे तीन के पैरों और एक के हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दिल्ली के वजीराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे थे। उनके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच पालम विहार की टीम ने 13 जून को मोहम्मद खैरुल शेख उर्फ अरमान और मोहम्मद मामुन को गिरफ्तार किया था, जबकि चार अन्य आरोपियों को रविवार को दबोचा गया।

# सीएम नायडू ने सिंगापुर में की यूएन हैबिटैट के प्रतिनिधियों से मुलाकात



भास्कर न्यूज़ | अमरावती

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने सिंगापुर दौरे के दौरान यूएन हैबिटैट की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एना क्लाउडिया रोसबैक से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के शहरी विकास को मजबूत करने के लिए पूरी पार्टनरशिप की मांग की। नायडू ने आंध्र प्रदेश में 'यूएन हैबिटैट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' बनाने का प्रस्ताव रखा और इसके लिए मुफ्त जमीन देने की पेशकश की। यूएन हैबिटैट के प्रतिनिधियों ने इस पर सकारात्मक जवाब दिया है।

मुख्यमंत्री नायडू साल 2028 तक सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक तय टाइमलाइन के साथ समझौता (एमओयू) चाहते हैं। बैठक में तटीय शहरों को क्लाइमेट चेंज से बचाने के लिए 'रिजेप' प्रोग्राम और झुग्गियों के विकास के लिए 'पीएसयूपी' प्रोग्राम लागू करने पर सहमति बनी। इसके अलावा, राज्य के मध्यम आकार के शहरों में 'अर्बन रास्ता फ्रेमवर्क' और म्युनिसिपल इकॉनमी को मजबूत करने के लिए 'वैल्यू कैप्चर फाइनेंसिंग' पर चर्चा हुई। दोनों पक्ष प्लानिंग स्टेज में ही एसडीजी लक्ष्यों को जोड़ने पर सहमत हुए हैं।

## भाजपा के प्रधान बनने के बाद पहली बार जगराओं पहुंचे केवल सिंह ढिल्लों

भास्कर न्यूज़ | जगराओं

पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रधान बनने के बाद पहली बार जगराओं पहुंचे केवल सिंह ढिल्लों का स्वागत किया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और 2027 चुनावों में भाजपा के अपने दम पर सरकार बनाने का दावा किया।

उन्होंने कहा कि कभी खुशहाली और भाईचारे के लिए पहचाना जाने वाला पंजाब आज नशे, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार इन समस्याओं पर नियंत्रण पाने में विफल रही है। ढिल्लों ने कहा कि पंजाब के लोग अब भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।

### नियम तोड़ने पर एचपीएससी को हाई कोर्ट का झटका

# एचसीएस प्री परीक्षा का दोबारा रिजल्ट तैयार करने के आदेश

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) भर्ती 2026 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम को रद्द कर दिया है। जस्टिस संदीप मौदगिल की अदालत ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) को विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नए सिरे से परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद आयोग अपने स्तर पर नियमों में बदलाव नहीं कर सकता। हालांकि, अंतिम आंसर-की को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया। इससे आयोग को थोड़ी राहत मिली है।

## एसआईआर: पहले दिन तीन हजार फार्म बांटे, 150 भरे हुए जमा किए

भास्कर न्यूज़ | नूंह

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले दिन 655 बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए। पहले दिन तीन हजार फार्म बांटे गए। इस दौरान करीब 150 फार्म भरकर लोगों ने जमा भी करवा दिए।

डीसी अखिल पिलानी ने बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों (ईआरओ) एवं एसडीएम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति तथा आगामी कार्य योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 14 जुलाई तक चलेगा।

इस अवधि में जिले के 6 लाख 59 हजार 697 मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा कोई अपात्र व्यक्ति सूची में दर्ज न होने पाए।

### पेज एक का शेष

## राजघाट से 100 किमी के दायरे में...

**भविष्य की बड़ी परियोजनाएं**

**एक्सप्रेस-वे नंबर 2:** पानीपत-शामली-मेरठ-जेवर-नूंह-भिवाड़ी-रेवाड़ी-झज्जर-रोहतक-पानीपत।

**एक्सप्रेस-वे नंबर 3:** करनाल-मुजफ्फरनगर-अलीगढ़-मथुरा-डीग-अलवर-महेंद्रगढ़-चरखी दादरी-भिवानी-जींद-कैथल-करनाल।

**नए एयरपोर्ट और पंचग्राम:** वैश्विक महानगरों की तर्ज पर दिल्ली के हवाई दबाव को कम करने के लिए हरियाणा के करनाल या पानीपत और यूपी के मेरठ या मुजफ्फरनगर में नया एयरपोर्ट बनाने की संभावनाओं को प्लान-2041 में शामिल किया गया है। इसके अलावा, केएमपी एक्सप्रेस-वे के आसपास के क्षेत्रों को 'पंचग्राम' के रूप में नया शहर बनाकर विकसित किया जाएगा।

▪ **तहसीलों पर विवाद:** यदि कोई तहसील 100 किमी की सीमा पर आधी अंदर और आधी बाहर है, तो यूपी और राजस्थान पूरी तहसील को एनसीआर में रखने के पक्ष में हैं। वहीं, हरियाणा केवल पूरी तरह अंदर आने वाली तहसीलों को ही शामिल करना चाहता है।


## भास्कर CLASSIFIED

**एनाउंसमेंट ANNOUNCEMENTS**

**नाम परिवर्तन**

I,Manoj Sharma S/o Shri Rajesh Sharma R/o- 17/191, Gali No. 8, Than Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-110005, Have changed my name to Guru Sharma for all purposes.

**सर्विसेस SERVICES**

**लोन फायनेंस**

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे:- 9588389672, 9588703987

**ज्योतिष ASTROLOGY**

**ज्योतिष**




BhaskarAd.com | 97720 19222

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर (गोल्ड मेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/ शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान#9286387958

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

**भास्कर एनालिसिस** ईरान डील: कंपनियां कमाई का नया दौर देखेंगी, 7% से बढ़कर 15% तक पहुंचेगी ग्रोथ

# सेंसेक्स में 1%, स्मॉलकैप इंडेक्स में 3% उछाल

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

क्रूड ऑयल के घटते दाम, पश्चिम एशिया (ईरान) में युद्ध खत्म होने की उम्मीद और मजबूत कॉरपोरेट नतीजे अब शेयर बाजार को सहारा दे रहे हैं। अगले दो साल में देश की टॉप-50 कंपनियों की आय वृद्धि 6.6% से बढ़कर 15% तक पहुंचने की उम्मीद है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे आगामी महीनों में बाजार में तेजी का नया दौर आ सकता है। जिसकी शुरुआत संभवतः सोमवार को हो गई।

सेंसेक्स 1.6% और निफ्टी 1.5% बढ़त पर बंद हुए। लेकिन बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स 2.8% चढ़ गया, जो सेंसेक्स से तीन गुना है। बीएसई के 24 में से 21 सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए। यह महज एक दिन की तेजी नहीं है। पृष्ठभूमि में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कच्चा तेल 113 डॉलर प्रति बैरल से गिरकर 80 डॉलर से नीचे आ गया है। 19 जून को स्विट्जरलैंड में अमेरिका-ईरान डील पर दस्तखत होने की उम्मीद है। इससे पहले रुपया दो दिन में 1.3% मजबूत हो गया है।

**66% शेयरों में तेजी, 162 एक साल की ऊंचाई पर**

| ट्रेडिंग | तेजी | गिरावट | स्थिर | 52 हफ्तों का हाई | 52 हफ्तों का लो |
|---|---|---|---|---|---|
| 4,615 | 3,030 | 1,384 | 201 | 162 | 63 |

स्रोत: बीएसई

### सेंसेक्स के सिर्फ 30 शेयरों से इतर बाजार में तेज रैली

| इंडेक्स | तेजी |
|---|---|
| सेंसेक्स, निफ्टी | 0.98% |
| बीएसई लार्जकैप | 2.08% |
| बीएसई मिडकैप | 2.39% |
| बीएसई स्मॉलकैप | 2.82% |

### उछाल वाले टॉप-10 सेक्टर

| | |
|---|---|
| रियल्टी | 3.93% |
| ऑटो | 2.69% |
| कंज्यू. डिस्क्रिशनरी | 2.44% |
| कंज्यूमर ड्यूरेबल्स | 2.02% |
| इंडस्ट्रियल्स | 1.73% |
| सर्विसेज | 1.66% |
| ऑयल-गैस | 1.53% |
| एनर्जी | 1.36% |
| फाइनेंशियल सर्वि. | 1.24% |
| आईटी | 1.07% |

**बीएसई के 24 में से 21 सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त पर बंद हुए**

### अगले दो साल में इन सेक्टरों के शेयरों में उछाल के आसार

**बैंकिंग-एनबीएफसी:** रिजर्व बैंक का सपोर्ट, वाजिब वैल्युएशन। **ऑटोमोबाइल:** कच्चे तेल के दाम घटने से इनपुट लागत कम। **फार्मा-केमिकल्स:** आगामी महीनों में मार्जिन बढ़ने की उम्मीद। **कैपिटल गुड्स-डिफेंस:** मजबूत ऑर्डर बुक, सरकारी खर्च। **कंज्यूमर डिस्क्रिशनरी:** मांग में साइक्लिकल रिकवरी के आसार। **टेलीकॉम-रिन्युएबल एनर्जी:** सरकार का नीतिगत सपोर्ट जारी।

- विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट, मेटल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर बाजार के आम रुझान से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

### मुनाफा काटें या अभी टिके रहें... ऐतिहासिक डेटा कह रहे- धैर्य रखें

- साल 2000 से 2025 के बीच हर साल शुरू होने वाला 10 वर्षों की अलग-अलग अवधि में 'बाय-एंड-होल्ड' यानी शेयर खरीदकर बने रहने की रणनीति ने प्रॉफिट बुकिंग को लगभग हर बार पछाड़ा है।
- निफ्टी-50 टीआरआई (टोटल रिटर्न इंडेक्स) में 10 साल टिकने पर सालाना औसतन 6.7% से 20% रिटर्न मिला है।
- साल 2001-2010 के बीच 'बाय-एंड-होल्ड' रणनीति ने 19% रिटर्न दिया, जबकि 20% प्रॉफिट बुकिंग रणनीति से 5% ही रिटर्न मिला।

स्रोत: फंड्सइंडिया

### युद्ध से भारत ज्यादा नुकसान में, फायदा भी इसी को होगा

**भास्कर एक्सपर्ट**



**विनोद नायर**
रिसर्च हेड,
जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स

पश्चिम एशिया संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित बाजारों में भारत शामिल है। इस लिहाज से कच्चे तेल की कीमतें घटने और होर्मुज जल मार्ग पूरी तरह खुलने पर सबसे ज्यादा फायदा भी भारत को ही होगा। फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर को विदेशी निवेशकों की बिकवाली घटने और रिजर्व बैंक के सपोर्ट से राहत मिलेगी। ऑटो, केमिकल, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टर को इनपुट लागत घटने से फायदा होगा। निवेशक पोर्टफोलियो का दो-तिहाई से तीन-चौथाई हिस्सा इक्विटी में रख सकते हैं।

### अगले दो साल में इन सेक्टरों के शेयरों में उछाल के आसार

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के मुताबिक, निफ्टी-50 कंपनियों की शुद्ध आय 2.2% अनुमान की जगह 6.6% बढ़ी। सभी कंपनियों में ये ग्रोथ 14% रही (अनुमान 7.3%)। एसबीआई सिक्योरिटीज के सनी अग्रवाल का अनुमान है कि 2026 से 28 के बीच टॉप-50 कंपनियां 15% ग्रोथ देखेंगी।

**मुनाफा** • टाइमपीस से 35% ज्यादा उसमें मौजूद सोने का दाम

# अब गोल्ड के लिए पिघलाई जा रहीं 'टाइमलेस' घड़ियां

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

ओमेगा, टैग ह्यूअर जैसी मशहूर लग्जरी घड़ियां अब कलेक्टर्स के शोकेस से निकलकर सीधे भट्टी में में जा रही हैं। इसकी वजह दिलचस्प है, इनमें से ज्यादातर में मौजूद सोने की कीमत बाजार में घड़ी के दाम से 35% तक ज्यादा हो गई है।

सोने की कीमतें इस साल जनवरी में रिकॉर्ड 5,600 डॉलर प्रति औंस (घरेलू बाजार में ₹1.75 लाख/10 ग्राम) तक पहुंच गई थी। सोने की कीमत अब भी 2024 के औसत से करीब दोगुनी है। इस उछाल ने सेकंड-हैंड लग्जरी वॉच मार्केट का गणित पलट दिया है। ब्रिटिश डीलर जॉन व्हाइट ने इस साल दर्जनों मेनस्ट्रीम लग्जरी घड़ियां गलाई हैं। मई में उन्होंने 1970 के दशक की एक बेहतरीन ओमेगा कॉन्स्टेलेशन पिघलाई, जिसका सोना 5,750 पाउंड (₹7.3 लाख) में बिका। नीलामी में वह घड़ी ज्यादा से ज्यादा 4,500 पाउंड (₹5.7 लाख) में बिकती।

**घड़ी पिघलाई जाएगी या बचेगी, इन चार फैक्टर्स से तय होगा...**

- लग्जरी घड़ी में सोने की मात्रा- कुछ मॉडल्स में 200 ग्राम तक
- कलेक्टर मार्केट में डिमांड
- सर्विस और रिपेयर की लागत
- ब्रांड का एक्सक्लूसिविटी फैक्टर
- ऐतिहासिक, सांस्कृतिक अहमियत

### लोकप्रियता कम, सोना ज्यादा... ऐसी विंटेज घड़ियों का अस्तित्व खतरे में

विशेषज्ञों के मुताबिक, ज्यादा खतरा उन विंटेज घड़ियों को है जो न तो दुर्लभ हैं, और ही न कलेक्टर्स के बीच लोकप्रिय हैं। लेकिन उनमें काफी सोना है। पैटेक फिलिप और रोलेक्स जैसे ब्रांड्स अब भी सुरक्षित हैं क्योंकि उनकी वेटिंग लिस्ट 2 से लेकर 8 साल तक है। मसलन...




**1. ओमेगा कॉन्स्टेलेशन** • केस व स्ट्रैप में सोना, रिसेल वैल्यू कम **2. टैग ह्यूअर** • मेनस्ट्रीम अपील, कलेक्टर प्रीमियम नहीं **3. ब्रेटलिंग** • सेकंड-हैंड बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धा **4. ओमेगा स्पीडमास्टर** • बिकते ही तेजी से दाम कम होते हैं।

### ...लेकिन इन चुनिंदा ब्रांड्स की पुरानी घड़ियों का भविष्य अब भी सुरक्षित

| ब्रांड | सुरक्षित इसलिए |
|---|---|
| रोलेक्स | 61% बाजार हिस्सेदारी, 2-8 साल वेटिंग लिस्ट |
| पैटेक फिलिप | सीमित उत्पादन, मजबूत कलेक्टर बाजार |
| ऑडेमर्स पिगुए | रेयर मॉडल्स, ऊंचा कलेक्टर प्रीमियम |

### सोने ने ऐसे बिगाड़ा विंटेज लग्जरी घड़ियों के बाजार का गणित

**पिछला उछाल:** 2024 से 2026 के बीच सोने की कीमत 167% बढ़ चुकी है। इससे लग्जरी घड़ी के री-सेल दाम से ज्यादा उसमें मौजूदा सोने की कीमत हो गई है।
**मौजूदा भाव:** सोना अब भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,200 डॉलर/औंस और घरेलू बाजार में ₹1.50/10 ग्राम है। यह 2024 में औसत भाव से करीब दोगुना है।
**डिमांड:** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल जनवरी-मार्च में दुनियाभर में गोल्ड रीसाइक्लिंग 5% बढ़ी और गहनों की मांग 31% उछली है।

**निवेश** • सेबी ने ईटीएफ ट्रेडिंग का ढांचा बदला

# ईटीएफ: अब एनएवी नहीं, बाजार ही तय करेगा प्राइस

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

बाजार नियामक सेबी ने ईटीएफ ट्रेडिंग का पूरा ढांचा बदल दिया है। दो दिन पुरानी एनएवी (नेट एसेट वैल्यू) की जगह अब पिछले दिन का बाजार भाव आधार बनेगा और प्राइस बैंड भी बाजार में उतार-चढ़ाव के हिसाब से बदलेगा।

सेबी ने सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा कि नए नियमों के तहत बेस प्राइस के लिए पिछले दिन का क्लोजिंग प्राइस लिया जाएगा, जो अंतिम 30 मिनट के वॉल्यूम वेटेड एवरेज प्राइस से तय होगा। अगर आखिरी 30 मिनट में ट्रेडिंग न हुई हो तो 'लास्ट ट्रेडेड प्राइस' और उसके भी न होने पर ताजा एनएवी आधार बनेगा। यह नियम 1 सितंबर से लागू होंगे। 1 अप्रैल 2027 से टी-1 क्लोजिंग और एनएवी को आधार कीमत बनाने की दिशा में काम होगा।

### मौजूदा व्यवस्था में ये दो समस्याएं...

**1. कीमत का आधार पुराना:** यदि आप सोमवार है तो ईटीएफ की प्राइस बैंड गुरुवार की एनएवी से तय होती है। यानी दो कारोबारी दिन पुरानी कीमत से। इस बीच अगर सोने या शेयरों में बड़ा उतार-चढ़ाव आ गया, तो ईटीएफ की ट्रेडिंग कीमत और उसकी असली वैल्यू में फर्क आ जाता है।

**2. सबके लिए एक ही नियम:** गोल्ड ईटीएफ हो या सॉवरेन बॉन्ड (डेट) ईटीएफ, दोनों पर एक जैसी 20% प्राइस बैंड है। जबकि सोने की कीमत एक दिन में 5-6% कम-ज्यादा हो सकती है। बॉन्ड की कीमत 0.5% भी नहीं घटती-बढ़ती। यानी नियम न सोने के लिए सही है और न ही बॉन्ड के लिए।

### अब प्राइस बैंड के मामले में ये नियम लागू होंगे...

| ईटीएफ कैटेगरी | शुरुआती | अधिकतम |
|---|---|---|
| इक्विटी, डेट ईटीएफ | 10% | 20% |
| गोल्ड, सिल्वर ईटीएफ | 6% | लचीला |
| लिक्विड ईटीएफ | 5% | 5% |

नोट: ये नियम 1 सितंबर से लागू होंगे, अभी एकसमान 20%

### गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ में शेयरों जैसी प्राइस डिस्कवरी

- **गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ:** प्री-ओपन कॉल ऑक्शन लागू। इसका मतलब है कि शेयरों जैसी प्राइस डिस्कवरी होगी।
- **एक्सचेंज को छूट:** घरेलू बाजार बंद होने के बाद वैश्विक बाजार में दाम तेजी से बदलें तो सीमा घटाई-बढ़ाई जा सकेगी।

# एआई आउटसोर्सिंग में सबसे आगे निकला भारत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

ग्लोबल एआई आउटसोर्सिंग रेडीनेस इंडेक्स 2026 में भारत 84.55 अंक के साथ 25 देशों में पहले स्थान पर पहुंच गया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर ब्राजील भारत से 8 अंक पीछे है। यह इंडेक्स एक रिपोर्ट कार्ड है, जो बताता है कि किस देश की कंपनियां और कर्मचारी एआई से जुड़े काम संभालने के लिए कितना तैयार हैं।

अटारैक्सिस द्वारा जारी इंडेक्स में भारत की सबसे बड़ी ताकत वर्कफोर्स है। वर्कफोर्स रेडीनेस में भारत को 89 अंक मिले। ब्राजील और फिलीपींस भारत से 13 अंक पीछे हैं। एंटरप्राइज प्रिपेयर्डनेस में भारत का स्कोर 88 रहा, जबकि ब्राजील और मलेशिया, दोनों 77 पर हैं। दक्षिण एशिया में भारत का पूरा दबदबा है। भारत के 84.55 के मुकाबले पाकिस्तान 40.6, नेपाल 34.3 और बांग्लादेश 32.8 पर हैं। अटारैक्सिस के मुताबिक, भारत की यह बढ़त सिर्फ मौजूदा ताकत नहीं, बल्कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयारी भी दर्शाती है।

### तीन पैरामीटर पर भारत की रैंकिंग पहली

| पैरामीटर | स्कोर | रैंक |
|---|---|---|
| वर्कफोर्स रेडीनेस | 89 | पहला |
| उद्योगों की तैयारी | 88 | पहला |
| जुकेशन, फ्यूचर स्किल्स | 83 | दूसरा |
| कंपोजिट स्कोर | 84.55 | पहला |

स्रोत अटारैक्सिस

**एक मामले में हम अनूठे** • भारत एकमात्र देश है जिसने वर्कफोर्स रेडीनेस और एंटरप्राइज प्रिपेयर्डनेस, दोनों मामलों में 85 से ऊपर स्कोर किया। यही नहीं, इंडेक्स के 4 में से 3 पैरामीटर में भारत या तो पहले या दूसरे स्थान पर रहा। एजुकेशन और फ्यूचर स्किल्स कैटेगरी में भारत 83 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

नीति आयोग ने जारी किए आंकड़े

# तीन साल में सिर्फ 3 फीसदी ही पुराने वाहन स्क्रैप में गए

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश में पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने की रफ्तार सुस्त है। नीति आयोग के मुताबिक, अगस्त 2022 से जुलाई 2025 के बीच 3% से भी कम वाहन अधिकृत माध्यमों से स्क्रैप किए गए। देश की सड़कों पर करीब 1.2 करोड़ एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों (ईएलवी) हैं। लेकिन तीन साल में रजिस्टर्ड सेंटर्स के जरिए महज 3.5 लाख गाड़ियां स्क्रैप की गईं। कमजोर वित्तीय लाभ और जागरूकता की कमी इसके सबसे बड़े कारण हैं। वाहन मालिकों को स्थानीय स्क्रैप डीलरों से बेहतर कीमतें मिल जाती हैं। इसके अलावा बड़े शहरों तक सीमित इन्फ्रास्ट्रक्चर, सरकारी विभागों के बीच तालतेल की कमी और स्क्रैप पर 18% जीएसटी का बोझ बड़ी रुकावटें हैं। मंत्रालयों के डिजिटल सिस्टम आपस में नहीं जुड़े होने से गाड़ियों को ट्रैक करना मुश्किल होता है। सरकारी 'वीस्क्रैप' पोर्टल भी अभी शुरुआती चरण में है।

**...ये दुर्लभ** • मासेराती रेस कार 27 करोड़ रुपए में नीलाम

# हो सकती है, दुनिया में इसके केवल 52 मॉडल उपलब्ध




**कार्मेल** | कैलिफोर्निया में अगस्त में 1954 मॉडल की दुर्लभ 'मासेराती ए6जीसीएस' रेस कार नीलाम होगी। नीलामी में कार की अनुमानित कीमत 24-29 लाख डॉलर यानी ₹23-27 करोड़ आंकी गई है। ट्यूबलर-स्टील चेसिस और एल्युमीनियम बॉडी वाली यह ओपन 2-सीटर कार अपने दौर की सबसे खूबसूरत 'फैक्टरी रेस कार' थी। इसमें 2.0-लीटर इंजन और फोर-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स है। मासेराती ने ऐसे केवल 52 मॉडल बनाए थे।



### इस कार को मिल चुकी मशहूर 'ग्रैन टूरिस्मो ट्रॉफी'

फैक्टरी रेस कार का मतलब कंपनी की अपनी आधिकारिक और असली रेसिंग कार से होता है। इसे कंपनी खुद अपनी वर्कशॉप में विशेष रूप से तैयार करती है। मशहूर ड्राइवर लुइगी मुसो ने इसी कार से इटली और आयरलैंड में कई ऐतिहासिक रेस जीती थी। 2014 में इसे प्रतिष्ठित 'ग्रैन टूरिस्मो ट्रॉफी' का खिताब भी मिल चुका है।

**बिजनेस ब्रीफ**

### थोक महंगाई बढ़कर 9.7%, ईंधन की 30%

**नई दिल्ली** | मई में थोक बाजार में कीमतों के हिसाब से महंगाई दर बढ़कर 9.68% हो गई, जो अप्रैल में 8.3% थी। पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की महंगाई दर 30.33% पहुंच गई, जबकि खाने की चीजें 4.49% महंगी हुईं। क्रूड पेट्रोलियम और खनिज तेलों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी इसकी मुख्य वजह रही।

### वेदांता: डीमर्जर से ₹49 हजार करोड़ बढ़ी वैल्यू

**मुंबई** | वेदांता के डीमर्जर के बाद बनी 5 कंपनियों का कुल मार्केट कैप ₹3.52 लाख करोड़ हो गया, जो पहले 3.03 लाख करोड़ था। इससे करीब ₹49,000 करोड़ का अतिरिक्त मूल्य सृजन हुआ। वेदांता एल्युमिनियम मेटल सबसे बड़ी कंपनी बनी (₹1.94 लाख करोड़ कैप)। वेदांता के शेयरधारकों को हरेक शेयर के बदले नई कंपनियों के शेयर मिले।

### रेजरपे ने आईपीओ के लिए गोपनीय आवेदन किया

**मुंबई** | फिनटेक कंपनी रेजरपे ने सेबी के पास गोपनीय ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस फाइल करके आईपीओ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बाजार का अनुमान है कि आईपीओ के जरिए कंपनी ₹5-6 हजार करोड़ जुटाएगी। कंपनी का वैल्युएशन ₹50-60 हजार करोड़ तक हो सकता है। रेजरपे ने पहले ही पैरेंट कंपनी को अमेरिका से भारत शिफ्ट कर लिया है।

### मई में निर्यात 18 फीसदी बढ़कर 45.2 अरब डॉलर

**नई दिल्ली** | मई में भारत का माल निर्यात 18% बढ़कर 45.2 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते माह आयात 20.6% बढ़कर 73.41 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-मई में निर्यात 16% बढ़कर 88.9 अरब डॉलर हो गया। पश्चिम एशिया को निर्यात घटकर 5.3 अरब डॉलर का रहा।

### बिटकॉइन दो हफ्तों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा

**मुंबई** | सबसे लोकप्रिय क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को लगभग 3% बढ़कर 65,400 डॉलर (₹61.8 लाख) हो गई। एथर में 3.7% की तेजी आई। इससे पहले उतार-चढ़ाव के बीच बिटकॉइन 60,000 डॉलर से नीचे आ गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि क्रिप्टो मार्केट में मजबूती दिख रही है, हालांकि अनिश्चितताएं बनी हुई हैं।

### सर्वम यूनिकॉर्न, HCL ने लगाए 1,427 करोड़ रुपए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश की फुल-स्टैक सॉवरेन एआई कंपनी सर्वम ने सिरीज-बी फंडिंग के पहले चरण में ₹2,210 करोड़ जुटाए हैं। इस राउंड से कंपनी का वैल्युएशन 1.5 बिलियन डॉलर (₹14,168 करोड़) हो गया है। जिससे यह यूनिकॉर्न क्लब में शामिल हो गई। एचसीएल टेक लीड स्ट्रैटेजिक निवेशक के रूप में शामिल हुई। यह आईटी कंपनी सर्वम में 10.46% हिस्सेदारी के लिए ₹1,427 करोड़ निवेश करेगी। बेसेमर वेंचर पार्टनर्स के साथ खोसला वेंचर्स और पीक XV पार्टनर्स ने भी सर्वम में पैसा लगाया।

# एआई के आर्थिक फायदे के लिए इंसानी दिमाग बेहद जरूरी: नडेला

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के मुताबिक बिना इंसानी दिशा-निर्देश के कंप्यूटर सिर्फ गोल-गोल घूमता रहेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर चेतावनी दी कि एआई की तकनीकी होड़ पूरी हो चुकी है। अब वैश्विक बहस मॉडल के प्रदर्शन से हटकर सीधे श्रम बाजार और इसके आर्थिक फायदों पर केंद्रित हो गई है।



ओपनएआई और एंथ्रोपिक के नीतिगत दस्तावेज भी यही सवाल उठा रहे हैं कि एआई के पूरी तरह सक्षम होने के बाद दुनिया में क्या बदलाव आएगा। नडेला के अनुसार भविष्य में एआई इंटरनेट की तरह हर जगह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होगा। ऐसे में कंपनियों के बीच असली अंतर खुद मॉडल से नहीं, बल्कि उसके ऊपर तैयार अनूठे इंसानी ज्ञान से तय होगा। माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई का मानना है कि एआई कर्मचारियों को हटाएगा नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाएगा। सभी कंपनियां सहमत हैं कि मुनाफे का समान वितरण जरूरी है।

### टेस्ला: यूरोप में पेश किए सुरक्षा के गलत आंकड़े

एजेंसी | एम्सटर्डम

टेस्ला ने यूरोप में फुल सेल्फ-ड्राइविंग टेक की मंजूरी के लिए नीदरलैंड्स और स्वीडन के नियामकों के समक्ष गलत सुरक्षा आंकड़े पेश किए हैं। टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क और शीर्ष अधिकारियों ने दावा किया कि ऑटोपायलट असिस्टेंस फीचर इंसानों से 10 गुना सुरक्षित है। कंपनी ने प्रेजेंटेशन में कहा कि एफएसडी गाड़ियां क्रैश होने से पहले इंसानों से सात गुना अधिक दूरी तय करती हैं। जिससे 32,000 जानें बच सकती हैं। स्वतंत्र रिसर्चर्स ने इसे भ्रामक मार्केटिंग बताया है।

**तेज ग्रोथ** • कारों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 4.4 लाख, 27% बढ़ोतरी

# मई में दोपहिया से दोगुनी रफ्तार से बिकीं कारें

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

मई में कारें दोपहिया से लगभग दोगुनी रफ्तार से बिकी हैं। दोपहिया की 14.8% ग्रोथ के मुकाबले कारों की बिक्री 27.3% बढ़ी। इसी के साथ कंपनियों की तरफ से ऑटो डीलरशिप पर भेजी गई कारों की संख्या बढ़कर 4,38,854 यूनिट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले साल मई में 3,44,656 थी। ऑटो उद्योग के संगठन सिआम के आंकड़ों के मुताबिक दोपहिया की कुल बिक्री 19,02,209 यूनिट रही, जो पिछले साल मई में 16,57,116 यूनिट थी।

### अब यूटिलिटी व्हीकल बनीं सबसे बड़ी वॉल्यूम ड्राइवर

यूटिलिटी व्हीकल (यूवी) सबसे बड़ी वॉल्यूम ड्राइवर बन गई है। इस सेगमेंट में सालाना 24.8% ग्रोथ दर्ज की गई। पिछले साल मई में जहां 1.97 लाख यूवी बिके थे, वहीं इस साल मई में 2.45 लाख बिके।

### मोटरसाइकिलों की बिक्री 7%, स्कूटर की 27% बढ़ी

बीते माह मोटरसाइकिल की बिक्री 7.2% बढ़कर 11.14 लाख हो गई। लेकिन स्कूटरों की बिक्री 27.4% बढ़कर 7.39 लाख हो गई। पिछले साल मई में घरेलू बाजार में 5.80 लाख स्कूटर बिके थे।

सिआम के डायरेक्टर जनरल राजेश मेनन के मुताबिक पिछले साल मई में कम वाहन बिके थे, इससे भी इस बार मजबूत ग्रोथ देखने को मिली है। घरेलू बाजार में सभी श्रेणियों के वाहनों की कुल थोक बिक्री मई में 16.8% बढ़कर 23,52,693 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि पिछले साल मई में यह आंकड़ा 20,14,158 यूनिट था।

**बिजनेस एंकर** टैक्स-फ्री माहौल, इन्वेस्टर-गोल्डन वीसा, 100% विदेशी मालिकाना हक बड़े आकर्षण

# दुबई में प्रॉपर्टी पर 15% तक डिस्काउंट, मौका भुना रहे रईस

प्राची पिसाल | मुंबई

पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच दुबई का रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी मार्केट दिलचस्प तस्वीर पेश कर रहा है। वहां के आम निवेशकों ने इस बाजार में जो जगह खाली की है, उसे भरने के लिए एशिया और यूरोप के रईस (जैसे प्रवासी भारतीय या एनआरआई) आगे आ रहे हैं। वजह साफ है, चुनिंदा प्रॉपर्टी पर 12-15% छूट मिल रही है। साथ ही बाजार में ऐसी डील्स मिल रही हैं, जो एक साल पहले संभव नहीं थी। निसस फाइनेंस के सीएमडी अमित गोयनका के मुताबिक, फौरन डील चाहने वाले विक्रेताओं की वजह से बाजार में नए विकल्प खुले हैं।



### जनवरी-मार्च में 4.6 लाख करोड़ के घर बिके

दुबई में 2026 की पहली तिमाही में 47,996 डील्स के जरिए 176.7 अरब दिरहम यानी करीब 4.6 लाख करोड़ रुपए के मकानों की बिक्री हो गई। यह सालाना आधार पर वैल्यू में 23.4% और वॉल्यूम (संख्या) में 5.5% की बढ़त है। अमित गोयनका के मुताबिक, संकटग्रस्त विक्रेताओं की वजह से फिलहाल बाजार में एंट्री के ऐसे विकल्प खुले हैं, जो एक साल पहले उपलब्ध नहीं थे।

एनारॉक चैनल पार्टनर्स के सीईओ आयुष पुरी का कहना है कि सामान्य निवेशकों की तादाद जरूर घटी है, लेकिन बड़े खिलाड़ी तैयार और अंडर-कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स दोनों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। तनाव के चरम पर दुबई का डीएफएम रियल एस्टेट इंडेक्स सिर्फ पांच दिन में 20% टूट गया था, लेकिन लंबी अवधि के निवेशक इसे संकट नहीं, एंट्री पॉइंट मान रहे हैं।

दुबई की असली ताकत उसकी नीतिगत बनावट में है। टैक्स-फ्री माहौल, इन्वेस्टर वीसा, गोल्डन वीसा और 100% विदेशी मालिकाना हक- ये चार खूबियां इसे वैश्विक निवेशकों के लिए स्थायी आकर्षण बनाए रखते हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के सीनियर ईडी गुलाम जिया के मुताबिक, वैश्विक निवेशक मौजूदा प्राइस करेक्शन को एंट्री का मौका मान रहे हैं। खासतौर पर भारतीय एनआरआई के लिए दुबई का टैक्स-फ्री ढांचा और 5-9% नेट रेंटल इनकम बड़ा आकर्षण है। कीमतों की बात करें तो इस साल मार्च में 'वैल्यूस्ट्रैट होम प्राइस इंडेक्स' 5.9% टूटा, जो 2020 के बाद पहली मासिक गिरावट है। इसके बावजूद कीमतें 1,980 दिरहम यानी करीब 51,300 रुपए प्रति वर्ग फुट के स्तर पर हैं, जो 12 महीनों में 4.59% बढ़ा है। एटमॉस्फियर लिविंग के एमडी संदीप आहूजा का कहना है कि दुबई का न्यूट्रल हब होना लंबी अवधि के नजरिए से निवेश की दिलचस्पी बनाए रखता है और खरीदार अभी मोलभाव की स्थिति में हैं। आयुष पुरी इसे बाजार का क्रैश नहीं, बल्कि कीमतों का एडजस्टमेंट मानते हैं। गुलाम जिया का अनुमान है कि सेंटिमेंट सुधरते ही बाजार तेजी से स्थिर हो जाएगा।

# चीन की सप्लाई चेन को चुनौती, भारत-अमेरिका ने मिलाए हाथ

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

क्रिटिकल मिनरल्स के मोर्चे पर चीन का दबदबा खत्म करने के लिए भारत और अमेरिका ने मिलकर एक संयुक्त टास्कफोर्स बनाई है। इसमें दोनों देशों की 17 बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

'अमेरिका-भारत क्रिटिकल मिनरल्स सिक्योरिटी टास्कफोर्स' की पहली बैठक पिछले हफ्ते वाशिंगटन में हुई। यह कदम उस द्विपक्षीय समझौते के बाद उठाया गया है, जिस पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पिछले महीने दस्तखत किए थे। इसका मकसद माइनिंग, प्रोसेसिंग में सहयोग बढ़ाना है। नया टास्कफोर्स क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव से भी जुड़ी है,

### टास्कफोर्स के 5 लक्ष्य

- लिथियम रिफाइनिंग, कैथोड एक्टिव मटेरियल्स का उत्पादन
- फीडस्टॉक कॉरिडोर-कच्चे माल की पूरी सप्लाई चेन
- बैटरी-ग्रेड सिंथेटिक ग्रेफाइट का उत्पादन बढ़ाना
- रेयर अर्थ प्रोसेसिंग और मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस
- क्रिटिकल मिनरल्स की रीसाइक्लिंग


जो एशिया-प्रशांत में माइनिंग, प्रोसेसिंग और रीसाइक्लिंग में निवेश जुटा रही है। लिथियम रिफाइनिंग, बैटरी-ग्रेड सिंथेटिक ग्रेफाइट, रेयर अर्थ प्रोसेसिंग और मिनरल रीसाइक्लिंग के मामले में दोनों देश मिलकर चीन पर निर्भरता कम करना चाहते हैं।

# केप वर्डे का कमाल, स्पेन को ड्रॉ पर रोका

## असहाय नजर आया 2010 का चैम्पियन

**भास्कर न्यूज | अटलांटा.** पहली बार फीफा वर्ल्ड कप खेल रहे अफ्रीकी द्वीपीय देश केप वर्डे ने वो कारनामा कर दिया, जिसकी उम्मीद शायद किसी को नहीं थी। ग्रुप-एच के मुकाबले में केप वर्डे ने सितारों से सजी 2010 की चैम्पियन टीम स्पेन को 0-0 के ड्रॉ पर रोक दिया। केप वर्डे वर्ल्ड कप खेलने वाला तीसरा सबसे छोटा देश (जनसंख्या के लिहाज से) है, लेकिन यूरोपियन चैम्पियन टीम उसका डिफेंस नहीं भेद पाई। केप वर्डे के 40 वर्षीय गोलकीपर वॉजिन्हा इस जीत के स्टार रहे, जिन्होंने कई खतरनाक शॉट्स को नेट में समाने से रोका। वे टूर्नामेंट में खेल रहे सबसे उम्रदराज अफ्रीकी प्लेयर हैं। फीफा रैंकिंग में तीसरे नंबर की टीम स्पेन ने मैच में 62% पजेशन रखा। उसने 27 शॉट्स लगाए, लेकिन एक भी गोल में तब्दील नहीं हो पाया। स्पेन की सटीक पास रणनीति भी विफल रही। टीम ने केप वर्डे के 224 पास की तुलना में 745 पास किए, लेकिन यमाल, रोड्री, गावी, फेरॉन टॉरेस आदि स्टार्स में से भी कोई खिलाड़ी गोल पोस्ट नहीं भेद पाया। अटलांटा स्टेडियम में मैच देखने 67 हजार 640 दर्शक पहुंचे थे।

**30** मिनट के शुरुआती खेल में गेंद नहीं छू पाए स्पेन के ऑयरजबाल। यह फीफा में 1966 के बाद पहली बार।




## ग्रुप-एफ: 5-1 स्वीडन का 88 साल बाद सबसे बड़ा स्कोर; ट्यूनीशिया का अभेद्य डिफेंस ढहा

**मॉन्टेरी** | फीफा वर्ल्ड कप 2026 के एक बेहद एकतरफा मुकाबले में स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में ट्यूनीशिया अपनी अभेद्य रक्षापंक्ति (10 क्वालिफाइंग मैचों में एक भी गोल नहीं खाया था) की शानदार ख्याति के साथ उतरी थी, लेकिन स्वीडन के आक्रामक प्रदर्शन के सामने उनकी यह दीवार पूरी तरह से ढह गई। यह 88 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप के किसी भी मैच में स्वीडन द्वारा किया गया सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले, उन्होंने 1938 में क्यूबा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 8 गोल किए थे।

यह स्वीडन की ट्यूनीशिया के खिलाफ पांच मैच में तीसरी जीत है जबकि उसने सिर्फ एक मैच हारा है और एक ड्रॉ रहा है। यह स्वीडन की 2026 में लगातार तीसरी जीत है। टीम पिछले साल 6 नॉन फ्रेंडली मैचों में कोई जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। उसने 2 ड्रॉ खेले थे जबकि 4 गंवाए थे।



**3** गोल पेनल्टी एरिया के बाहर से किए स्वीडन ने, जो 1966 के बाद से वर्ल्ड कप में सर्वाधिक गोल।

## ग्रुप-ई: डियालो के अंतिम मिनट के गोल से आइवरी कोस्ट जीता; इक्वाडोर का 19 मैच का अजेय रथ थमा

**फिलाडेल्फिया** | ग्रुप-ई के मुकाबले में आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हरा दिया। आइवरी कोस्ट 12 साल बाद वर्ल्ड कप खेल रहा है। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों ने गोल के कई मौके गंवाए। आइवरी कोस्ट के यान डायमंड ने अधिकांश समय तक अपने शानदार खेल से विपक्षी टीम को परेशान रखा, लेकिन मैच का पासा सब्स्टीट्यूट अमाद डियालो के मैदान पर आने के बाद पलटा। 90वें मिनट में पेनल्टी बॉक्स के काफी बाहर से गेंद लेने के बाद, डियालो ने तेजी से आगे बढ़ते हुए इक्वाडोर के गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज को छकाते हुए गोल दागा और टीम को जीत दिला दी। 90वें मिनट में किया गया अमाद का यह गोल वर्ल्ड कप इतिहास में आइवरी कोस्ट का सबसे देरी से किया गया गोल है। इस हार के साथ ही सभी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में चला आ रहा इक्वाडोर का 19 मैचों का अजेय क्रम खत्म हो गया। यह आइवरी कोस्ट की वर्ल्ड कप में किसी द. अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी पर पहली जीत है।



**23** साल 338 दिन की उम्र में डियालो वर्ल्ड कप में आइवरी कोस्ट के सबसे युवा गोल स्कोरर।

## ग्रुप-एफ: नीदरलैंड्स-जापान का मैच ड्रॉ, जापान यूरोपियन विरोधी के खिलाफ तीन मैच से अजेय

**डलास** | ग्रुप-एफ में नीदरलैंड्स और जापान का मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। वर्ल्ड कप में यूरोपियन टीमों के खिलाफ जापान का यह लगातार तीसरा मैच है, जिसमें उसे हार नहीं मिली है। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। 50वें मिनट में डच कप्तान वर्जिल वान डिक ने टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। वान डिक ने किसी बड़े टूर्नामेंट (वर्ल्ड कप/यूरो) में अपने करियर का पहला गोल दागा। फिर 57वें मिनट में जापान के केइतो नाकामुरा ने टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। 64वें मिनट में क्रिसेंसियो समरविले के गोल से नीदरलैंड्स 2-1 से आगे हो गया। इस बढ़त के बाद डच कोच रोनाल्ड कोमैन ने रक्षात्मक रणनीति अपनाई। लेकिन 89वें मिनट में दाइची कामादा ने गोल किया और मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। वर्ल्ड कप के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब नीदरलैंड्स की टीम दो बार बढ़त बनाने के बाद भी मैच जीतने में असफल रही।



**89** वें मिनट में कामादा का गोल जापान के वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे देर से आया गोल है।

**आज के मैच**

ग्रुप-जी: ईरान vs न्यूजीलैंड, सुबह 6:30 बजे से
ग्रुप-आई: फ्रांस vs सेनेगल, देर रात 12:30 बजे से
ग्रुप-आई: इराक vs नॉर्वे, तड़के 3:30 बजे से


## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### इंग्लैंड ने ओवल टेस्ट के लिए टीम में किए बदलाव, कॉक्स-बेकर का डेब्यू



**लंदन** | इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। इस मैच से जॉर्डन कॉक्स और सोनी बेकर टेस्ट में डेब्यू करेंगे। **प्लेइंग-11:** एमिलियो गे, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट (कप्तान), हैरी ब्रुक, जेमी स्मिथ/जेम्स रेव (विकेटकीपर), जॉर्डन कॉक्स, जोफ्रा आर्चर, जोश टंग, मैट फिशर, बेकर।

### महिला हॉकी: दो गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने अमेरिका को 3-2 से हराया




**ऑकलैंड** | भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच नेशंस कप के अपने पहले मुकाबले में 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका को 3-2 से हराया। अमेरिका ने शुरुआती 7 मिनट में ही दो गोल कर बढ़त बनाई। भारत के लिए दीपिका ने 17वें व 24वें मिनट और फिर 28वें मिनट में नवनीत कौर ने गोल कर जीत पक्की कर दी।

**विमंस टी20 वर्ल्ड कप** • आज न्यूजीलैंड और श्रीलंका की भिड़ंत

## दोनों टीमों को पहली जीत की तलाश

भास्कर न्यूज | साउथम्पटन

विमंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में मंगलवार को डबल हेडर देखने को मिलेगा। दिन के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड और श्रीलंका शाम 7 बजे से खेलेंगे। वहीं, रात 11 बजे से इंग्लैंड और आयरलैंड की भिड़ंत होगी। दोनों मुकाबले साउथम्पटन के मैदान पर खेले जाएंगे, जिनका प्रसारण जियो-स्टार नेटवर्क पर होगा। न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका पर अपना अजेय अभियान बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। विमंस टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में श्रीलंका कभी भी न्यूजीलैंड को नहीं हरा सकी है। दोनों के बीच हुए सभी सात मुकाबलों में न्यूजीलैंड ने जीत दर्ज की है। इसलिए 'विमन इन ब्लैक' लगातार आठवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखना चाहेंगी। इस मुकाबले में न्यूजीलैंड और श्रीलंका दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में उतरेंगी। न्यूजीलैंड को अपने पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज के हाथों सात विकेट से हार मिली, जबकि श्रीलंका को मेजबान इंग्लैंड ने 87 रन से हराया।

**प्लेयर बैटल: डिवाइन vs चमारी**

मुकाबले में टी20 में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाली खिलाड़ियों में शामिल न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और श्रीलंका की चमारी अटापट्टू आमने-सामने होंगी। डिवाइन ने 130 सिक्स और अटापट्टू ने 98 सिक्स जड़े हैं।

### आठ महीने बाद मैदान पर वापसी करेंगे नीरज चोपड़ा

भास्कर न्यूज | दोहा

चोट से उबरने के बाद भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 19 जून को दोहा डायमंड लीग से मैदान पर वापसी करने जा रहे हैं। कमर की चोट के कारण वे इस साल अब तक खेल से दूर थे। नीरज पिछली बार सितंबर 2025 में टोक्यो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में खेलने उतरे थे। उन्हें टूर्नामेंट की सूची में आखिरी समय में शामिल किया गया है। अपनी वापसी के लिए वह स्विट्जरलैंड में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे थे। पाकिस्तान के अरशद नदीम नई सूची में नहीं हैं।

### चेस: ईस्पोर्ट्स नेशंस कप में खेलेंगे भारत के मित्राभा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारतीय ग्रैंडमास्टर मित्राभा गुहा ने रीजनल क्वालिफायर में शीर्ष पर रहते हुए नवंबर में रियाद में होने वाले ईस्पोर्ट्स नेशंस कप के लिए भारतीय चेस टीम में जगह पक्की कर ली है। वे निहाल सरीन के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिन्हें टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला था। 5.7 करोड़ रुपए की इनामी राशि वाले इवेंट में मैग्नस कार्लसन जैसे दिग्गज समेत 128 खिलाड़ी उतरेंगे।


## टी20: शमार के पहली बार 5 विकेट, निर्णायक मुकाबला जीता विंडीज

भास्कर न्यूज | किंग्सटन



वेस्ट इंडीज ने श्रीलंका को निर्णायक मुकाबले में पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 घरेलू सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज शमार जोसेफ ने महज 33 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इस फॉर्मेट में उनके पहले फाइव-विकेट हॉल से श्रीलंका की टीम 169 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट इंडीज ने 53 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिए थे। लेकिन शेरफेन रदरफोर्ड (54*) ने अर्धशतक लगाकर दो गेंदें बाकी रहते टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

## वाइट हाउस में पहली बार यूएफसी फाइट, राष्ट्रपति ट्रम्प ने मनाया अपना 80वां जन्मदिन



**न्यूयॉर्क** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपना 80वां जन्मदिन और अमेरिका का 250वां आजादी साल बेहद खास अंदाज में मनाया। इतिहास में पहली बार वाइट हाउस के साउथ लॉन में किसी प्रोफेशनल स्पोर्टिंग इवेंट (यूएफसी) का आयोजन हुआ। इसके लिए यहां एक अस्थायी एरिना बनाया गया था। मुख्य मुकाबले में अमेरिकी फाइटर जस्टिन गेथजे ने इलिया टोपुरिया को हराकर लाइटवेट चैम्पियनशिप का खिताब जीता। इवेंट में यूएफसी चीफ डाना वाइट और मशहूर ब्रिटिश बॉक्सर टायसन फ्यूरी भी मौजूद थे।



### यूएफसी में सभी मार्शल आर्ट्स का इस्तेमाल, पिंजरे में लड़ते हैं फाइटर्स

यूएफसी का पूरा नाम अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप है। इस खेल में फाइटर्स कई तरह के मार्शल आर्ट्स जैसे बॉक्सिंग, कराते, ब्राजीलियन जिउ-जित्सु, कुश्ती, जूडो, किक बॉक्सिंग का एक साथ इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके मैच एक खास पिंजरे में होते हैं। कोई भी फाइटर विरोधी को नॉकआउट करके, दबाव बनाकर हार मानने पर मजबूर करके या जजों के निर्णय के आधार पर मैच जीत सकता है। इसमें आंखों में अंगुली डालना, बालों को खींचना या जमीन पर गिरे फाइटर के सिर पर लात मारना प्रतिबंधित होता है।

**त्रिकोणीय सीरीज** • इंडिया ए की लगातार दूसरी हार; मेजबान श्रीलंका से 265 रन पर टाई हुआ था मैच

# पेनल्टी...बहस...झड़प! फिर सुपर ओवर में मिली हार

भास्कर न्यूज | दांबुला

श्रीलंका में चल रही 'ए' टीमों की त्रिकोणीय सीरीज के चौथे मैच में इंडिया ए को मेजबान टीम से सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी। भारत के 265 रन के जवाब में श्रीलंकाई टीम भी इसी स्कोर तक पहुंच सकी। भारत की ओर से सूर्यांश शेडगे ने 72 रन बनाए, जबकि विपराज ने 51 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच सदीरा समरविक्रमा ने 93 रन बनाए। इसके बाद सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 17 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश 9/0 के स्कोर तक पहुंच सके। भारत की यह सीरीज में लगातार दूसरी हार है। 17 जून को वह अफगानिस्तान से भिड़ेगा।




- श्रीलंकाई खिलाड़ी से भिड़ते वैभव। इनसेट में अंपायर्स से नाराज कप्तान तिलक।

### 10 रन की पेनल्टी के बावजूद मैच टाई, खराब रोशनी के बावजूद भारत की जिद पर कराना पड़ा सुपर ओवर

- यह मैच सिर्फ रोमांच नहीं, बल्कि ड्रामे से भी भरपूर रहा, जहां भारतीय कप्तान तिलक वर्मा अंपायर्स से कई बार उलझते नजर आए, जबकि खिलाड़ी भी आपस में भिड़ गए।
- मुकाबले में भारत पर 10 रन की पेनल्टी लगी क्योंकि अपनी पारी के दौरान विपराज निगम दो बार पिच के बीच में दौड़ते पाए गए।
- इसके बावजूद जब मैच टाई हुआ तो तिलक की अंपायर्स से बहस हुई। तिलक का मानना था कि श्रीलंकाई बैटर ने आखिरी गेंद पर शॉट नहीं खेला, इसलिए टाई के लिए जरूरी रन नहीं मिलना चाहिए।
- वहीं, अंपायर्स सुपर ओवर के विरोध में थे, क्योंकि मैदान पर रोशनी कम हो रही थी, लेकिन अंततः मैच आगे बढ़ा और श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16/0 का स्कोर बनाया।
- इस ओवर की आखिरी गेंद पर भी नो बॉल को लेकर बहस हुई। भारतीय टीम के डग आउट में पहुंचकर बैटिंग के लिए तैयार हो जाने के बाद अंपायर्स ने उन्हें फील्डिंग के लिए वापस मैदान पर बुला लिया।
- अंत में जब भारतीय टीम हारकर लौट रही थी तो मैदान छोड़ते हुए दोनों बल्लेबाज श्रीलंकाई फील्डर्स से भिड़ गए। वैभव ने श्रीलंका के खिलाड़ी विषेन को धक्का भी दिया।

दैनिक भास्कर समूह | • 3 भाषाएं • 12 राज्य • 61 संस्करण

# दैनिक भास्कर

दैनिक भास्कर • मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | राजस्थान | नई दिल्ली
पंजाब | चंडीगढ़ | हरियाणा | हिमाचल प्रदेश | झारखंड | बिहार
दिव्य भास्कर • गुजरात | महाराष्ट्र
दिव्य मराठी • महाराष्ट्र



## मिथुन चक्रवर्ती की बेटी दिशानी ने की सगाई, 6 दिसंबर को शादी



**मुंबई** | एक्टर मिथुन चक्रवर्ती की बेटी दिशानी चक्रवर्ती की सगाई माइल्स मैंटजारिस से हो गई है। दिशानी ने अपनी पोस्ट में बताया कि उनकी शादी 6 दिसंबर 2026 को होगी। माइल्स मैंटजारिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के मुताबिक, वे कैमरा संचालन और वीडियो की गुणवत्ता सुधारने का काम करते हैं।

**ट्रेंड** • सिल्वर जुबली समारोह में मेहमानों के लिए लग रहे क्रिएटिव स्टॉल, कलाकारों के पास महीने में 7 से 8 बुकिंग

# बदल रहीं शादियां, म्यूजिकल फेरे और लाइव पेंटिंग का क्रेज

भास्कर न्यूज़ | जालंधर

शादियां अब सिर्फ सजावट, खाने और पारंपरिक रस्मों तक सीमित नहीं रह गई हैं। बदलते समय के साथ वेडिंग सेलिब्रेशन में क्रिएटिविटी और इंटरैक्टिव मनोरंजन का चलन तेजी से बढ़ा है। मेहमानों के लिए लाइव पेंटिंग, कैरीकेचर आर्टिस्ट, टैरो कार्ड रीडिंग, गजरा और ईयररिंग स्टॉल जैसी गतिविधियां जोड़ी जा रही हैं। वेडिंग प्लानर्स और आर्टिस्टों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में इन सेवाओं की मांग काफी बढ़ी है। यह चलन अब बर्थडे पार्टियों, सिल्वर जुबली समारोहों और किटी पार्टियों तक भी पहुंच गया है। कई लोग डीजे की जगह भजन क्लबिंग को पसंद कर रहे हैं।

### बेटी की शादी में करवाई खूबसूरत लाइव पेंटिंग

**लाइव पेंटिंग:** पंजाब में जालंधर के



एक कारोबारी परिवार ने बेटी की शादी में लाइव पेंटिंग करवाई, जहां आर्टिस्ट ने वरमाला समारोह, स्टेज और दूल्हा-दुल्हन के दृश्य को हूबहू कैनवास पर उकेरा। एक अन्य कपल ने भी अपने विवाह में ऐसी ही लाइव आर्ट के जरिए यादगार तस्वीर बनवाई।


### बेटी के जन्मदिन पर आकर्षक कैरीकेचर स्टॉल लगवाया



**कैरीकेचर स्टॉल:** जालंधर के एक परिवार ने अपनी 5 साल की बेटी के जन्मदिन पर कैरीकेचर स्टॉल लगवाया, जहां आर्टिस्ट ने बच्चों के चेहरे को कार्टून व सुपरहीरो का रूप देकर मजेदार स्केच बनाए। इसके अलावा एक अन्य परिवार ने अपनी सिल्वर जुबली एनिवर्सरी पर टैरो कार्ड रीडर का स्टॉल लगाया, जो मेहमानों के लिए हंसी-मजाक का केंद्र बना।

### पेंटिंग तैयार करने में 4 घंटे तक लगते हैं: आर्टिस्ट

आर्टिस्ट जसवंत सिंह के अनुसार, लाइव पेंटिंग तैयार करने में 3 से 4 घंटे लगते हैं। रस्मों के दौरान लोग लगातार व्यस्त रहते हैं, इसलिए उनके भावों को तुरंत कैनवास पर उतारना बड़ी चुनौती होती है। वहीं, बर्थडे पार्टी में 25 से 30 कैरीकेचर बनाना भी आसान नहीं है। लाइव पेंटिंग की शुरुआती लागत करीब 20 हजार रुपए होती है। वेडिंग प्लानर वीराज भारद्वाज कहते हैं कि लोग अपनी शादी को अलग और यादगार बनाना चाहते हैं। ऐसे स्टॉल मेहमानों के मनोरंजन उपलब्ध कराते हैं।




एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनर बने!

**भास्कर सीरीज : पार्ट-1**
**एआई के दौर में कहां है कॅरिअर?**

*एआई के दौर में किसकी नौकरी बचेगी, किसकी जाएगी? किसकी सैलरी बढ़ेगी, किसकी घटेगी? कौन-सी डिग्री 'काम' आएगी और किसका 'काम तमाम' होगा? क्या BCA, B.Com, BA (ट्रांसलेशन) या कोई और डिग्री लेने वाले 'बेकार' हो जाएंगे? क्या सिर्फ एआई कोर्स के सर्टिफिकेट जमा करने से नौकरी आसानी से मिल जाएगी? क्या ग्रेजुएशन का क्या कोई औचित्य बचेगा? 10वीं-12वीं में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा? उनके लिए आखिर किस फील्ड में कॅरिअर बनाना सुरक्षित होगा? ऐसे ही तमाम सवालों का जवाब देगी भास्कर की ये विशेष सीरीज 'एआई के दौर में कहां है कॅरिअर?'।* ***पहली कड़ी में पढ़िए, किन डिग्रियों पर सबसे ज्यादा असर होगा...***

# 40% कंपनियां जॉब में डिग्री+एआई वाले को तवज्जो दे रहीं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश में आईटी, कानून, वाणिज्य, अनुवाद, डिजाइन और पुस्तकालय विज्ञान जैसे क्षेत्रों में बड़ा उलटफेर शुरू हो चुका है। एआई के टूल्स ने उन कामों को या तो खत्म कर दिया है या बेहद सिकोड़ दिया है, जिनके लिए लाखों छात्र हर साल डिग्रियां लेते हैं। टीमलीज जैसी बड़ी एचआर कंपनी का कहना है कि 40% कंपनियां 'हाइब्रिड स्किल' यानी डिग्री के साथ AI टूल्स की जानकारी को अनिवार्य मानती हैं। नैस्कॉम की 2024 की रिपोर्ट कहती है कि देश में 82% बीसीए और एमसीए स्नातकों को एआई टूल्स की औपचारिक ट्रेनिंग नहीं है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, 'नौकरियां उन लोगों के पास रहेंगी जो एआई टूल का उपयोग करके उत्पादकता 40% तक बढ़ा सकते हैं।' आईबीएम इंस्टीट्यूट फॉर बिजनेस वैल्यू की रिपोर्ट कहती है- एआई लोगों की जगह नहीं लेगा, पर जो एआई का उपयोग करते हैं, वे उनकी जगह ले लेंगे जो ऐसा नहीं करते। 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' के अनुसार, 2030 तक 22% नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं।

## इनकी वैल्यू घट रही... जानिए क्यों?

| कोर्स / डिग्री | कुल नामांकन | हर साल पास आउट | जोखिम |
|---|---|---|---|
| BA/MA अनुवाद | 8.5-10 लाख | 2.5-3 लाख | 88% |
| BCA/MCA | 9.5-11 लाख | 3-3.5 लाख | 82% |
| डिप्लोमा ग्राफिक्स | 3.5-4 लाख | 1.2-1.5 लाख | 79% |
| LLB/BA-LLB | 5.0-5.5 लाख | 1.3-1.5 लाख | 70% |
| B.Com/M.Com | 45-48 लाख | 14-15 लाख | 61% |
| B.Lib/M.Lib | 45,000-50,000 | 18,000-20,000 | 55% |
| कुल | 71.95-79 लाख | 22.18-24.7 लाख | - |

**1. BA/MA अनुवाद :** DeepL एक पेज का अनुवाद 2 सेकंड में ही कर देता है, यही काम एक अनुभवी अनुवादक 45 मिनट में करता था। 2019 से 2024 के बीच अनुवादक की नौकरियों में 60% तक कमी आई।

**2. BCA/MCA :** GitHub Copilot 40 सेकंड में कोड लिख देता है। यही काम एक BCA ग्रेजुएट 3 घंटे में करता था। 2023 में जिस काम के लिए 12 जूनियर कोडर चाहिए थे, 2025 में घटकर सिर्फ 3 रह गए।

**3. डिप्लोमा ग्राफिक्स :** Canva AI सोशल मीडिया बैनर 12 सेकंड में बना रहा, जो पहले 45 मिनट का काम था। बेसिक लोगो और बैनर की रेट 2021 से 2024 के बीच 70% गिरी। 6 की जगह 2 जूनियर डिजाइनर्स ही काफी।

**6. B.Lib/M.Lib :** IIT दिल्ली की सेंट्रल लाइब्रेरी ने KOHA का AI मॉड्यूल लागू किया। पहले जहां 4 लोग कैटलॉग अपडेट करते थे। अब 1 ही व्यक्ति है। वह एआई के आउटपुट को वेरिफाई करने का काम करता है।

**ये जाग चुके, हम कब जागेंगे...**

### चीन ने 12 हजार डिग्रियां खत्म कीं, AI कोर्स शुरू

**बीजिंग** | चीन ने 2021 और 2025 के बीच अपने विश्वविद्यालयों ने 12,200 से अधिक स्नातक (अंडरग्रेजुएट) कार्यक्रमों को रद्द या निलंबित कर दिया, जबकि लगभग 10,200 नए कार्यक्रम शुरू किए। इनमें से कई कटौतियां कला, मानविकी, विदेशी भाषाओं और प्रबंधन में केंद्रित थीं, क्योंकि चीन सरकार विश्वविद्यालयों पर AI, सेमीकंडक्टर्स, रोबोटिक्स और अन्य रणनीतिक उद्योगों के लिए प्रतिभाएं तैयार करने का दबाव बना रही है।

**यहां कर्नाटक ने की शुरुआत...** राज्य सरकार ने कम दाखिले और अन्य कारकों का हवाला देते हुए शैक्षणिक 2026-27 के लिए सरकारी कॉलेजों में 458 बीए, बीएससी, बीकॉम कार्यक्रम संयोजनों (कॉम्बिनेशन्स) को बंद कर दिया है। 1,300+ कोर्स में सीटें घटाईं।

## सवाल- जो ये डिग्रियां ले चुके या ले रहे हैं... वे क्या करें?

**एक्सपर्ट व्यू** पंकज बंसल, सह-संस्थापक, एचआर-टेक कंपनी 'पीपुलस्ट्रॉन्ग' और 'टैग्ड'

**1. पारंपरिक डिग्री वालों का क्या होगा?**
▪ पारंपरिक डिग्रियां पूरी तरह बेकार नहीं होंगी, लेकिन उनका स्वरूप अप्रासंगिक हो रहा है। पढ़ाई का तरीका और कंटेंट न बदला, तो उन डिग्रियों की कोई वैल्यू नहीं बचेगी। बाजार में केवल थ्योरी या रट्टा वाले औसत छात्रों की जरूरत खत्म हो रही है। अपग्रेड करना होगा।

**2. जो डिग्री ले रहे हैं, वे क्या कर सकते हैं?**
▪ जो छात्र अभी सेकंड या थर्ड ईयर में हैं, वे लाइव प्रोजेक्ट पर काम शुरू करें। एआई टूल्स का प्रोफेशनल लाइसेंस लें, उस पर 6 महीने रात-दिन काम करें और सॉफ्टवेयर या वेबसाइट्स बनाएं।

**3. जो डिग्री पूरी कर चुके हैं, वे क्या करें?**
▪ सबसे बेहतरीन रास्ता है- इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट। अगर आपको किसी बड़ी कंपनी में मौका नहीं मिल रहा है, तो छोटे स्टार्टअप, एनजीओ या अपने स्थानीय क्षेत्र की किसी फैक्ट्री या दुकान के पास जाएं। उनकी समस्याओं को समझें और एआई से उन्हें सुलझाएं।

**4. 'ग्रेजुएशन' की वैल्यू कितनी बचेगी?** ▪ भारत में अभी नौकरी के आवेदन शॉर्टलिस्ट करने के लिए ग्रेजुएशन की 'स्टैम्पिंग' जरूरी है और यह स्थिति अगले 3 से 5 साल तक बनी रहेगी। लेकिन इसके बाद न्यू एजुकेशन पॉलिसी (NEP) का '5.5 क्रेडिट स्कोर' इसे रिप्लेस कर देगा, जहां प्रैक्टिकल काम और प्रोफेशनल कोर्सेज के जरिए अंक मिलेंगे। आने वाले समय में लोग पूछेंगे कि आप '5.5 स्केलर' हैं या नहीं। टेक वर्ल्ड में पहली नौकरी के बाद कोई आपकी डिग्री नहीं पूछेगा।

**5. ऐसे में जॉब पाने का अच्छा तरीका क्या?**
▪ सबसे अच्छा तरीका है कि आप '10x इंजीनियर' या '10x प्रोफेशनल' बनें, यानी जो अकेले 10 सामान्य लोगों का काम संभाल सके। अगर आप एआई की मदद से किसी कंपनी का समय और लागत बचा सकते हैं, तो जहां पहले 5 लाख रु. का शुरुआती पैकेज मिलता था, वहां आज कंपनियां 25 लाख रु. की शुरुआती तनख्वाह देने को तैयार हैं। कंपनियों को 'औसत' लोग नहीं, बल्कि काम के लोग चाहिए।

**6. एआई कोर्सेज से जॉब के दावे सही हैं?**
▪ बिल्कुल नहीं। नुक्कड़ पर चल रहे किसी भी संस्थान से एआई का सर्टिफिकेट ले लेने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं मिलती। एआई सर्टिफिकेट सीवी को शॉर्टलिस्ट होने में मदद कर सकता है, पर नौकरी तभी मिलेगी जब बुनियादी योग्यता होगी, एआई का व्यावहारिक ज्ञान होगा और असेसमेंट टेस्ट क्लियर करेंगे।

**7. एंट्री लेवल यानी फ्रेशर्स की जॉब्स पर इसका क्या और कितना असर पड़ रहा है?**
▪ शुरुआती दौर में दबाव जरूर है क्योंकि जो बुनियादी काम पहले 10 लोग मिलकर करते थे, वह अब दो लोग एआई की मदद से निपटा रहे हैं। इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस जैसी ट्रेडिशनल कंपनियों ने शुरुआत में फ्रेशर्स की हायरिंग रोकी या टाली है। लेकिन यह केवल शॉर्ट-टर्म ट्रेंड है, लॉन्ग-टर्म में जॉब मार्केट में नेट एडिशन (नौकरियों की बढ़ोतरी) ही होने वाला है।

**8. जब आईटी कंपनियां भर्तियां रोक रही हैं, तो नए युवाओं को जॉब कहां मिलेगी?**
▪ भारत में इस समय ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स यानी जीसीसी (GCCs) की बाढ़ आई हुई है। देश में 4000 से ज्यादा जीसीसी हैं और हर हफ्ते दो नए सेंटर खुल रहे हैं। ये सेंटर्स एआई स्किल्स वाले युवाओं को बहुत भारी पैकेज और ऊंची सैलरी पर हायर कर रहे हैं। इसके अलावा धीरे-धीरे ट्रेडिशनल कंपनियों में भी नियुक्तियां दोबारा खुलने लगी हैं।

**9. क्या एआई इंसानों को पूरी तरह रिप्लेस कर देगा, क्या इसकी लागत इंसानों से कम है?**
▪ वैश्विक संगठनों को समझ आने लगा है कि एआई की कॉस्ट (टोकन और जीपीयू प्रोसेसिंग लागत) इंसानी लागत से कम नहीं है। कई स्टार्टअप्स का एआई बिल इतना ज्यादा आ रहा है कि वे एआई टूल्स के बजाय दो इंसानों को हायर करना बेहतर समझ रहे हैं। इसके अलावा, जिन कामों में मानवीय निर्णय और लोगों से जुड़ने की जरूरत होती है, वहां एआई कभी रिप्लेस नहीं कर सकता।

**10. वो कौन-सी मानवीय खूबियां और सेक्टर्स हैं, जहां इंसान ही सबसे आगे रहेंगे?**
▪ एआई के दौर में चार मानवीय खूबियां सबसे कीमती हो गई हैं- एग्रीगेशन एबिलिटी (चीजों को आपस में जोड़ने की समझ), डिसीजन मेकिंग (निर्णय क्षमता), हाई ईक्यू (इमोशनल कोशेंट) और अपनी बात को प्रभावी ढंग से बयां करने का हुनर। अगर सेक्टर्स की बात करें, तो हॉस्पिटैलिटी, डेटा साइंसेज, सेल्स और एआई-असिस्टेड स्पेशलिस्ट्स (जैसे डॉक्टर या जर्नलिस्ट जो एआई जानते हों) के रोल्स हमेशा सुरक्षित और मजबूत रहेंगे।

**नया खेल** • 200 करोड़ की शुरुआती वैल्यूएशन

## आईपीएल की तर्ज पर लॉन्च होगी 'योगासन सुपर लीग'

**अहमदाबाद** | क्रिकेट की आईपीएल की तर्ज पर अगले महीने 'योगासन सुपर लीग' (वाईएसएल) लॉन्च होगी। इसे योगासन भारत फेडरेशन शुरू कर रहा है। इसमें योग के सिर्फ 'आसन' हिस्से पर फोकस होगा। एथलीटों का मूल्यांकन स्थिरता, संतुलन और



आसन को कितनी देर होल्ड किया, इसके आधार पर होगा। अहमदाबाद में पहली बार होने वाली 'वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026' को इस खेल के लिए बड़ा टर्निंग पॉइंट माना जा रहा है। लीग करीब 200 करोड़ की शुरुआती वैल्यूएशन के साथ उतरेगी। पहले सीजन में करीब 50 करोड़ टॉप-लाइन रेवेन्यू का अनुमान है। दावा है कि यह अगले 3 साल में बढ़कर 1,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। शुरुआती सीजन में 8 शहरों की फ्रेंचाइजी टीमें खेलेंगी।

**अमेरिका** • स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी दीक्षांत समारोह

## पिचाई के भाषण के बीच वॉकआउट, छात्रों ने 'फ्री फिलिस्तीन' नारे लगाए

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में गूगल सीईओ सुंदर पिचाई के संबोधन के दौरान फिलिस्तीन समर्थक छात्रों ने वॉकआउट



किया। इस दौरान छात्रों ने फिलिस्तीनी झंडे-बैनर लेकर 'फ्री फिलिस्तीन' के नारे लगाए। समारोह में 20 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें 3600 छात्र शामिल थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 200 छात्र कार्यक्रम से बाहर चले गए। विरोध का ऐलान 'स्टूडेंट्स फॉर जस्टिस इन फिलिस्तीन' और 'नो टेक फॉर अपार्थाइड' जैसे समूहों ने पहले ही कर दिया था।

**प्रोजेक्ट निम्बस का विरोध:** यह प्रोजेक्ट इजराइल सरकार और गूगल-अमेजन के बीच 1.2 अरब डॉलर का क्लाउड और एआई समझौता है। फिलिस्तीन समर्थक समूहों का आरोप है कि इसका इस्तेमाल निगरानी और सैन्य उद्देश्यों में हो सकता है, इसलिए वे इसका विरोध करते हैं।

**पिचाई का संबोधन:** इस दौरान स्टैनफोर्ड के पूर्व छात्र सुंदर पिचाई ने चेन्नई से कैलिफोर्निया तक के अपने सफर का जिक्र करते हुए कहा, 'हम यह तय नहीं कर सकते कि किस दुनिया में ग्रेजुएट हो रहे हैं, लेकिन हालात को कैसे देखते हैं, यह हमारे हाथ में है।'

### वॉकआउट करना 'अज्ञानता' का उदाहरण: केरल भाजपा अध्यक्ष

उधर, केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने छात्रों के वॉकआउट की आलोचना की है। उन्होंने इसे युवाओं में बढ़ती 'अत्यधिक अज्ञानता' का उदाहरण बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में चंद्रशेखर ने कहा कि 'यह आज के कुछ युवाओं को जकड़ रही अत्यधिक अज्ञानता का ताजा उदाहरण है।'

केदारनाथ-बद्रीनाथ दर्शन

## मुकेश अंबानी ने 10 करोड़ रुपए धाम को दान दिए

**बद्रीनाथ** | उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सोमवार की सुबह बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए।



परिवार के सदस्यों और करीबियों के साथ पहुंचे अंबानी ने देश की सुख, समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। बद्रीनाथ में पूजा के बाद उन्होंने बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात की और दोनों धामों के लिए 10 करोड़ रुपए का दान देने की घोषणा की। यह राशि तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं को मजबूत करने, मंदिर परिसरों के बुनियादी ढांचे के विकास और प्रशासनिक कार्यों के लिए दी गई है। केदारनाथ में मुकेश अंबानी ने बाबा केदार का जलाभिषेक किया और विशेष पूजा की।

**राजस्थान** • जयपुर में प्रदर्शन में हंगामा; 5 युवक गिरफ्तार

## कॉकरोच पार्टी के फाउंडर दिपके पर हमला; युवकों ने थप्पड़ मारे

**जयपुर** | राजस्थान की राजधानी जयपुर के एमआई रोड स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दिपके पर दो युवकों ने सरेआम हमला कर दिया। भीड़ के बीच पहुंचे युवकों ने दिपके की कॉलर पकड़कर उन्हें थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार्यकर्ताओं ने हमलावरों को घेरकर पीट दिया, किसी तरह पुलिस ने हमलावरों को पकड़ा। विधायकपुरी थाना पुलिस ने हमलावरों समेत पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। युवकों ने बताया कि वे दिपके के सोशल मीडिया पर दिए गए पुराने बयानों और सीजेपी की कार्यशैली से नाराज थे। वहीं, प्रदर्शन में कई राज्यों से छात्र, अभिभावक और युवा शामिल हुए।



### कंधों पर बैठे दिपके का युवकों ने कॉलर पकड़ा

कार्यकर्ताओं ने अभिजीत दिपके को कंधों पर उठा रखा था। इसी बीच दो युवक भीड़ को चीरते हुए उनके पास पहुंचे और कॉलर पकड़कर थप्पड़ मार दिए। हमले के बाद प्रदर्शन स्थल पर तनाव बढ़ गया। इस दौरान दिपके ने आत्महत्या करने वाले छात्रों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। दिपके ने घटना को लोकतंत्र पर हमला बताया।

**भास्कर खास** गिरिबाला और समर्थ की न्यायिक हिरासत आज हो रही पूरी, कोर्ट में होंगे पेश

# लापरवाही या साजिश... ट्विशा का लैपटॉप- फोन जब्त किया, पर सील नहीं लगाई, वकील बोले- डेटा से छेड़छाड़ की आशंका



**ट्विशा शर्मा मौत की मिस्ट्री**

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कटारा हिल्स थाना पुलिस पर नए सवाल खड़े हुए हैं। दस्तावेजों के अनुसार पुलिस ने 13 मई की सुबह गिरिबाला सिंह के मकान से ट्विशा का मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए थे। संपत्ति जब्ती पत्रक में इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जब्ती का समय सुबह 9:42 बजे दर्ज है। हालांकि, दस्तावेजों में नमूना सील का कॉलम खाली है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सील कर सुरक्षित किया गया था या नहीं। ट्विशा के परिजनों की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अंकुर पांडेय का आरोप है कि मौके से जब्त फोन और लैपटॉप में अहम जानकारियां हैं, जिनसे छेड़छाड़ की मंशा के चलते इसे सील नहीं किया गया। इससे केस को प्रभावित किया जा सकता है।

दूसरी ओर 23 मई 2025 को इसी कटारा हिल्स थाने की पुलिस ने ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह का मोबाइल और ट्विशा का हैडफोन जब्त किया। संपत्ति जब्ती पत्रक में बाकायदा नमूना सील लगाई गई और दो गवाहों के हस्ताक्षर लिए गए थे। गिरिबाला और समर्थ की न्यायिक हिरासत आज पूरी हो रही है। इन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**घटनास्थल से जब्ती में ये बरती लापरवाही**

मोबाइल और लैपटॉप जब्त करते समय उन्हें एयरोप्लेन मोड में डालकर बंद किया जाता है, सिम निकालकर डिवाइस को नेटवर्क से पूरी तरह अलग किया जाता है, ताकि, डेटा को रिमोटली डिलीट या बदला न जा सके। मोबाइल का आईएमईआई नंबर और अन्य तकनीकी विवरण दर्ज कर डिवाइस को एंटी रेडिएशन पाउच में रखा जाता है।

जब्त सामग्री पर नमूना सील लगानी होती है। लेकिन एसआई दिनेश शर्मा ने 13 मई को ट्विशा के मोबाइल और लैपटॉप की जब्ती से जुड़े संपत्ति जब्ती पत्रक में नमूना सील वाला कॉलम खाली छोड़ दिया। यह भी स्पष्ट नहीं होता कि साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और छेड़छाड़ रोकने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई गई थी या नहीं।

*घटनास्थल से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस समेत अन्य सामान की नियमानुसार जब्ती और इसे सील करने की प्रक्रिया नहीं की गई। कोर्ट में इसका लाभ आरोपियों को मिलता है। इस केस में भी लैपटॉप और मोबाइल अहम साक्ष्य हैं। 13 मई को पुलिस ने इसकी जब्ती में लापरवाही बरती। इन्हें सील नहीं किया गया। जब्ती पत्रक में नमूना सील नहीं लगाई गई।*
**-अंकुर पांडेय,** ट्विशा शर्मा के परिजनों के एडवोकेट

### अमिताभ ने अंबाला के फैन को भेजा केबीसी का कोट



**अंबाला** | हरियाणा के राजीव बेदी 45 साल से अमिताभ बच्चन के बड़े प्रशंसक हैं। वे पिछले 25 वर्षों से हर



साल बच्चन साहब के जन्मदिन पर मुंबई जाकर उनसे मिलते हैं। राजीव के इसी लगाव और समर्पण का सम्मान करते हुए अमिताभ बच्चन ने उन्हें केबीसी का अपना एक कोट, टी-शर्ट और कुछ खास स्मृति चिह्न उपहार में भेजे हैं।

## एनसीईआरटी: कक्षा 9 किताब में 'डांसिंग गर्ल' प्रतिमा का धड़ ढका

### डेनिनो ने बदलाव को मूल कलाकृति की गलत प्रस्तुति बताया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



एनसीईआरटी की कक्षा 9 की नई कला शिक्षा पुस्तक में मोहनजोदड़ो की मशहूर 'डांसिंग गर्ल' प्रतिमा के खुले धड़ को ढककर दिखाया गया है। इसे लेकर ऐतिहासिक धरोहर की प्रस्तुति पर सवाल उठे हैं। नई कला शिक्षा पुस्तक के 'हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स' अध्याय में प्रतिमा के ऊपरी हिस्से पर शेडिंग की गई है, जिससे मूल कांस्य प्रतिमा की संरचना साफ नहीं दिखती। वहीं, कक्षा 6 की एनसीईआरटी सामाजिक विज्ञान की किताब में यह प्रतिमा मूल स्वरूप के ज्यादा करीब है। कक्षा 6 की किताबों की विकास समिति के पूर्व प्रमुख मिशेल डेनिनो ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि 'डांसिंग गर्ल' की तस्वीर 'उम्र के हिसाब से उपयुक्त नहीं' मानी गई, हालांकि उनकी टीम इससे सहमत नहीं थी।

उन्होंने कहा कि नग्नता को अनुपयुक्त मानना "पुरानी विक्टोरियन सोच' है। डेनिनो ने बदलाव को मूल कलाकृति की गलत प्रस्तुति बताया। फिलहाल, एनसीईआरटी ने इस पर सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है।

प्रकाशक भारत भूषण एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, 105, INS बिल्डिंग,रफी मार्ग,नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001, फोनः 0755-4730000, bhaskar@dbcorp.in

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW